18 फरवरी, 2025
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 121


रिहा हुए कैदियों को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ें : हेमंत सोरेन




## नियुक्तियों का बढ़ता कारवां...

नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत विभिन्न पदों पर कुल

## 289 अभ्यर्थियों का नियुक्ति पत्र वितरण समारोह

राजस्व निरीक्षक | विधि सहायक | सेनेटरी सुपरवाईजर | सेनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर
गार्डेन अधीक्षक | वेटरनरी ऑफिसर पदों पर नियुक्तियाँ

मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

**श्री राधा कृष्ण किशोर**
माननीय मंत्री, वित्त विभाग, वाणिज्य-कर विभाग, योजना एवं विकास विभाग, संसदीय कार्य विभाग

**श्री संजय प्रसाद यादव**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, उद्योग विभाग

**श्री सुदिव्य कुमार**
माननीय मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग

छात्रोपयोगी वेब पोर्टल्स का अनावरण



तथा रांची विज्ञान केंद्र, रांची के नव प्रवर्तन केंद्र का शुभारंभ समारोह एवं झारखण्ड अनुसंधान एवं नवाचार नीति-2025 हेतु राज्य स्तरीय कार्यशाला

दिनांक : 18 फरवरी 2025 | स्थान : प्रोजेक्ट भवन सभागार, धुर्वा, रांची

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

P.R. 346635 (IPRD) 24-25

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 79,800 रु./10 ग्राम
चांदी 1,00,000 रु./प्रति किलो



# आखिर कौन, कैसे और कब तक पायेगा भगदड़ पर काबू!

## ■ महाकुंभ और नयी दिल्ली स्टेशन पर हुए हादसे के बाद उठ रहे हैं सवाल

## ■ 140 करोड़ लोगों के देश में अब क्राउड मैनेजमेंट पर ध्यान देना जरूरी

आजाद सिपाही विशेष

**15 फरवरी को नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर एक हादसा हुआ और 18 बेशकीमती जानें चली गयीं। भीड़ के कारण हुई भगदड़ का यह हादसा दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन महाकुंभ में जानेवाले तीर्थयात्रियों के साथ हुआ, जो ट्रेन पकड़ने आये थे। इससे पहले 29 जनवरी को महाकुंभ में भी इसी तरह का एक हादसा हुआ था, जिसमें कई लोगों की जान चली गयी थी। इन हादसों के बाद अब चारों तरफ से यह सवाल उठ रहा है कि आखिर कब और कैसे इस तरह की भगदड़ पर नियंत्रण पाया जा सकेगा। यह सही है कि हादसे को पूरी तरह रोकना संभव नहीं है, लेकिन उसकी आशंकाओं को कम तो किया ही जा सकता है। भगदड़ के इन हादसों ने साबित कर दिया है कि किसी भी सीमित स्थान पर असीमित संख्या में लोगों को जमा होने से रोकने के लिए अब तक कोई चाक-चौबंद व्यवस्था या मशीनरी का विकास नहीं हो पाया है। इसलिए भारत जैसे बड़ी आबादी वाले देश में अब क्राउड मैनेजमेंट, यानी भीड़ प्रबंधन का तंत्र विकसित किया जाना जरूरी हो गया है। प्रति वर्ग मीटर चार लोगों से कम की भीड़ घनत्व को आम तौर पर सुरक्षित सीमा माना जाता है। जैसे-जैसे यह प्रति वर्ग मीटर छह लोगों के करीब पहुंचता है, जोखिम काफी बढ़ जाता है। भारत के कई आयोजनों में इस सीमा को पार करने वाली भीड़ का होना आम बात है, खास तौर से धार्मिक आयोजनों में। भीड़ के घनत्व के अलावा परिधीय कारक भी तंग स्थिति को खतरनाक बनाने में भूमिका निभाते हैं। हाल के दिनों में भगदड़ जैसे जितने भी हादसे हुए हैं, उनमें एक बात कॉमन रही कि वहां की व्यवस्था पूरी तरह छिन्न-भिन्न हो गयी थी और अफवाहों को रोकने के लिए कुछ नहीं किया गया। नयी दिल्ली स्टेशन पर हुए हादसे के बाद जरूरी हो गया है कि भीड़ प्रबंधन के इन पहलुओं पर ध्यान दिया जाये और व्यवस्थापकों को इसका समुचित प्रशिक्षण दिया जाये। नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन और महाकुंभ में हुए हादसे की पृष्ठभूमि में भगदड़ को रोकने के उपायों को रेखांकित कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 15 फरवरी की रात प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ जाने को उतावली भीड़ ने ऐसी भगदड़ मचायी कि लगभग डेढ़ दर्जन लोगों की जान चली गयी, जबकि दर्जन भर से अधिक घायल भी हुए। इस बार भी मृतकों में महिलाओं और बच्चों की संख्या ज्यादा रही, जबकि पुरुषों की संख्या उनसे कम रही। वहीं, घायलों में भी लगभग 14 महिलाएं समेत कुल 25 लोग शामिल हैं। ये महज आंकड़े नहीं हैं, बल्कि हमारी संवेदनाशून्य व्यवस्था की विफलता के नमूने मात्र हैं। ऐसी घटनाओं पर आखिर कौन, कैसे और कब तक काबू पायेगा, यह यक्ष प्रश्न देश के सामने उपस्थित है।

### कैसे हो गये इस तरह के हादसे

ऐसा इसलिए, क्योंकि भारत में पिछले कुछ वर्षों में भगदड़ के कई मामले सामने आये हैं। इस बार तो महज एक महीने के अंदर ही भगदड़ के दो-दो मामले सामने आ चुके हैं, जो कि प्रशासन के लिए चिंता का विषय है। सवाल है कि जब महाकुंभ की तैयारियों को लेकर उत्तरप्रदेश प्रशासन लगातार दावे कर रहा था और केंद्र सरकार भी पूरी तैयारी का दावा कर रही थी, तब ऐसी हृदयविदारक घटनाओं का घटित होना तमाम व्यवस्थाओं पर सवालिया निशान लगा जाता है। सवाल यह भी है कि तमाम सकारात्मक राजनीतिक इच्छाशक्ति के बावजूद इतनी बड़ी प्रशासनिक चूक कैसे हो गयी। ऐसे में सवाल है कि देश की राजधानी जैसे प्रमुख रेलवे स्टेशन पर रेल प्रशासन ने समुचित व्यवस्था क्यों नहीं की थी।

### बढ़ गयी है चिंता

जाहिर है कि भीड़ और भगदड़ में अन्योन्याश्रय संबंध है। लेकिन इनके नियंत्रण के समुचित उपाय कब तक दिखेंगे, किनके नेतृत्व में सब होगा, कुछ पता नहीं। तब तक ऐसे हादसों पर सवाल उठते रहेंगे, राजनीतिक बयानबाजी चलती रहेगी। हादसे की जिम्मेदारी किसी की नहीं होगी। भगदड़ की दो ताबड़तोड़ घटनाओं ने भीड़ नियंत्रण संबंधी विफलताओं पर जनसामान्य की चिंता ज्यादा बढ़ा दी है।

### धार्मिक आयोजनों में ही भगदड़

यदि पिछले कुछ वर्षों में भारत में हुई भगदड़ की प्रमुख घटनाओं की सूची खंगाली जाये, तो पता चलता है कि साल-दो साल बाद ऐसी घटनाओं की एक लंबी फेहरिस्त है। इस फेहरिस्त में एक बात कॉमन है कि इनमें से अधिकांश हादसे किसी न किसी धार्मिक आयोजन में हुए या फिर किसी लोकप्रिय पर्यटन स्थल पर।

ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर में भगदड़ क्या है? तो जवाब होगा कि कहीं पर भी अचानक भीड़ के बढ़ने के बाद किसी वजह से मची अफरा-तफरी से भगदड़ होती है। इस दौरान लोगों का एक बड़ा ताकतवर समूह अनियंत्रित रूप से आगे बढ़ता है, जिसके परिणामस्वरूप अक्सर कमजोर लोग कुचल जाते हैं, कुछ का दम घुट जाता है और मौत हो जाती है। यह घबराहट या उत्तेजना से प्रेरित होती है। यह



अफवाहों, भय, सीमित स्थान या अचानक आंदोलनों के कारण उत्पन्न हो सकता है, जिससे भीड़ का व्यवहार अव्यवस्थित हो सकता है।

### क्या हैं जिम्मेदार कारक

सवाल है कि किसी भी भगदड़ के लिए जिम्मेदार कारक क्या-क्या होते हैं? तो जवाब होगा कि संरचनात्मक विफलताएं, यानी कमजोर अस्थायी संरचनाएं, खराब बैरिकेडिंग और संकीर्ण प्रवेश/निकास द्वार अमूमन खतरे पैदा करते हैं। वहीं, भीड़ पर अपर्याप्त नियंत्रण भी प्रमुख कारक हैं, क्योंकि भीड़ के आकार का कम आकलन, स्टाफ की कमी, अपर्याप्त निकास और अनियंत्रित प्रवेश के कारण भीड़भाड़ हो जाती है। वहीं, घबराहट और अफवाहें की इसकी प्रमुख कारक हैं, क्योंकि झूठे अलार्म या सामूहिक उन्माद के कारण अचानक हलचल हो सकती है, जिससे लोग भाग कर गिर जाते हैं और दबे-कुचले जाते हैं। वहीं आग और बिजली संबंधी समस्याएं भी कभी-कभी इसका कारक बन जाती हैं, क्योंकि शॉर्ट सर्किट, अग्निशामक यंत्रों की कमी या खराब प्रकाश व्यवस्था से भी घबराहट की स्थिति पैदा हो जाती है, जिससे भगदड़ मच जाती है। समन्वय का अभाव भी इसका एक प्रमुख कारक है, क्योंकि एजेंसियों के बीच खराब योजना, विलंबित प्रतिक्रिया और वास्तविक समय की निगरानी का अभाव ऐसे अप्रत्याशित संकट को और बदतर बना देता है।

### क्या है हादसों को रोकने का उपाय

यही वजह है कि किसी भी संभावित जगह पर भगदड़ रोकने के लिए प्रशासन ने कतिपय दिशा निर्देश जारी किये होते हैं, फिर भी आधिकारिक लापरवाही या पेशेवर अनुभवहीनता के चलते ऐसी घटनाओं पर अब तक लगाम नहीं लगाया जा सका है। इसके लिए भीड़ का आकलन और प्रबंधन महत्वपूर्ण है। इसलिए अधिकारियों को अपेक्षित भीड़ का आकलन करना होता है, प्रवेश बिंदुओं को नियंत्रित करना होता है और लोगों की संख्या को विनियमित करना होता है। वहीं, बुनियादी ढांचा और सुरक्षा उपाय के संबंध में मजबूत बैरिकेड, आपातकालीन निकास और पर्याप्त वेंटिलेशन सुनिश्चित किया जाता है। सुरक्षा और निगरानी उपायों के तहत भीड़ की आवाजाही पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे, सार्वजनिक संबोधन प्रणाली और प्रशिक्षित सुरक्षा कर्मियों की तैनाती सुनिचित की जाती है। आपातकालीन तैयारी के तहत त्वरित प्रतिक्रिया के लिए चिकित्सा दल, एंबुलेंस और अग्निशमन इकाइयों को रणनीतिक रूप से तैनात किया जाता है। जन जागरूकता और सूचना प्रसार को त्वरित गति से फैलाया जाता है, ताकि घबराहट की स्थिति से बचने के लिए लोग साइनबोर्ड, हेल्पलाइन नंबर और डिजिटल अपडेट के माध्यम से सजग हो जायें। इसलिए वहां उपस्थित लोगों को शिक्षित करना प्रमुख प्रशासनिक कार्य होता है।

### चुनौतियां भी कम नहीं

कहना न होगा कि किसी भी भगदड़ को रोकने में कई चुनौतियां सामने आती हैं, जिसमें अनियंत्रित भीड़, अपर्याप्त कानून प्रवर्तन, खराब बुनियादी ढांचे का रखरखाव, प्रौद्योगिकी एकीकरण का अभाव, पूर्व-पंजीकरण प्रणाली का विरोध आदि प्रमुख हैं। जहां तक अनियंत्रित भीड़ का सवाल है, तो धार्मिक भावनाएं, अनुशासन की कमी और अचानक भीड़ के बढ़ने से भीड़ को नियंत्रित करना मुश्किल हो जाता है। वहीं, अपर्याप्त कानून प्रवर्तन अंतर्गत प्रशिक्षित कार्मिकों की कमी, समन्वय का अभाव तथा क्षेत्रवार खराब तैनाती प्रतिक्रिया आदि नेक प्रयासों में बाधा डालती है। खराब बुनियादी ढांचे का रखरखाव भी एक महत्वपूर्ण कारण है, क्योंकि संकीर्ण मार्ग, कमजोर पुल और अवैध अतिक्रमण बाधाएं पैदा करते हैं। जहां तक प्रौद्योगिकी एकीकरण के अभाव की बात है, तो वास्तविक समय भीड़ विश्लेषण, जीपीएस ट्रैकिंग और एआइ-आधारित भीड़ नियंत्रण प्रणालियों की अनुपस्थिति से संकट प्रतिक्रिया में देरी होती है। वहीं, पूर्व-पंजीकरण प्रणाली का विरोध वाकई एक जन संकट है, क्योंकि कई तीर्थयात्री अनिवार्य ऑनलाइन पंजीकरण का विरोध करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप अनियंत्रित भीड़ और अत्यधिक क्षमता की समस्या उत्पन्न होती है।

सवाल है कि जब सख्त पूर्व-पंजीकरण और टिकटिंग से इसे रोका जा सकता है, तो प्रशासन सक्रिय क्यों नहीं है? प्रवेश सीमाओं को नियंत्रित करने के लिए अनिवार्य ऑनलाइन पंजीकरण लागू करके इस खतरे को कम किया जा सकता है। वहीं, यदि उन्नत एआइ-आधारित निगरानी प्रणाली का अविलंब उपयोग शुरू हो जाये, तो वास्तविक समय भीड़ विश्लेषण, वृद्धि की भविष्यवाणी और भीड़भाड़ को रोकने के लिए एआइ और ड्रोन का उपयोग किया जा सकता है। सुरक्षा और स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण पर ध्यान देकर भी ऐसी घटनाओं को रोका जा सकता है। इसलिए भीड़ मनोविज्ञान और आपातकालीन प्रतिक्रियाओं में विशेषज्ञता वाले अच्छी तरह प्रशिक्षित कर्मियों को तैनात किया जाना चाहिए। कुशल यातायात और आवागमन योजना लागू करना भी जरूरी है, क्योंकि क्षेत्र-आधारित भीड़ प्रबंधन, एकतरफा आवागमन मार्ग और अलग आपातकालीन लेन लागू करके इसके जोखिम को कम किया जा सकता है।

अनुभव बताता है कि इस बाबत जनजागृति बहुत जरूरी है, क्योंकि एक दूसरे को कुचलने वाले क्रूर मनुष्य ही होते हैं। यूपी की योगी सरकार ने महाकुंभ 2025 के दौरान भीड़ नियंत्रण के लिए तमाम तकनीकी उपाय सुनिश्चित किये थे। बावजूद इसके संगम नोज पर हृदयविदारक घटना घट गयी। इसलिए प्रशासनिक अधिकारियों-कर्मचारियों पर कार्य दबाव कम किया जाये, ताकि वे बेहतर परफॉर्मेंस देकर जनहितकारी कार्रवाई कर सकें।

# झारखंड अग्निशमन विभाग में होगी होमगार्ड जवानों की भर्ती, केंद्र सरकार ने 147 करोड़ रुपये स्वीकृत किये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड अग्निशमन विभाग अब आधुनिक संसाधनों से लैस होने जा रहा है। केंद्र सरकार ने इसके लिए 147 करोड़ रुपये स्वीकृत की हैं। इस राशि का उपयोग नये फायर स्टेशन, ट्रेनिंग सेंटर और अग्निशमन उपकरणों की खरीद में किया जायेगा। साथ ही, जल्द ही होमगार्ड जवानों की भर्ती भी होगी। यह जानकारी डीजी होमगार्ड अनिल पाल्टा ने दी।



**11 नये फायर स्टेशन और अत्याधुनिक उपकरण मिलेंगे :** डीजी होमगार्ड ने बताया कि यह फंड 15वें वित्त आयोग के तहत मिला है, जिसे 31 मार्च 2026 से पहले खर्च करना होगा। इस राशि से 11 नये फायर स्टेशन बनाये जायेंगे, एक राज्य स्तरीय ट्रेनिंग सेंटर और एक फायर फाइटिंग कंट्रोल रूम भी स्थापित होगा। इसके अलावा, छोटे और बड़े फायर टेंडर, मोटरसाइकिल फायर टेंडर और हाइड्रोलिक प्लेटफार्म भी खरीदे जायेंगे।

### होमगार्ड जवानों की भर्ती की प्रक्रिया में तेजी

अनिल पाल्टा ने कहा कि होमगार्ड जवानों की भर्ती की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और जल्द ही बहाली की जायेगी। इससे अग्निशमन विभाग को और मजबूती मिलेगी। धनबाद में अग्निशमन विभाग के पास संसाधनों की कमी थी, लेकिन अब इसमें सुधार होगा। हाल ही में धनबाद को फोम टेंडर मिले थे, जो गैस, शॉर्ट सर्किट और तेल से लगी आग को तेजी से बुझाने में सक्षम हैं। हालांकि, ऊंची इमारतों में आग बुझाने के लिए हाइड्रोलिक प्लेटफार्म की कमी थी, जिसे अब पूरा किया जायेगा। गर्मी शुरू होने से पहले नयी व्यवस्थाओं के लागू होने की उम्मीद है, जिससे आग लगने की घटनाओं पर जल्दी काबू पाया जा सकेगा।

# आइएएस पूजा सिंघल को विभाग नहीं देने की मांग वाली इडी की याचिका पर बहस पूरी, 21 को सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इडी की ओर से रांची पीएमएलए (प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉनड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में दाखिल उस याचिका पर अब 21 फरवरी को सुनवाई होगी। जिसमें एजेंसी ने कोर्ट से यह आग्रह किया है कि पूजा सिंघल को कोई विभाग ना दिया जाये। सोमवार को इडी और पूजा सिंघल की ओर से बहस पूरी कर ली गयी, जिसके बाद कोर्ट ने अग्रिम सुनवाई के लिए 21 फरवरी की तिथि निर्धारित की है।






दरअसल इडी ने कोर्ट में याचिका दाखिल कर यह कहा है कि अगर पूजा सिंघल को राज्य सरकार किसी विभाग की जिम्मेदारी देती है तो वह अपने पद का दुरुपयोग कर केस को प्रभावित कर सकती हैं।

बता दें कि मनरेगा घोटाला की अभियुक्त आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल को केंद्रीय जांच एजेंसी इडी ने 11 मई को गिरफ्तार किया था। इडी ने पांच मई 2022 को पूजा सिंघल के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस छापेमारी में इडी को बेहिसाब पैसे और अन्य जगहों पर इन्वेस्टमेंट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली थी।

इडी की छापेमारी के दौरान पूजा सिंघल के सीए सुमन सिंह के आवास और कार्यालय से 19.31 करोड़ रुपये की नकदी बरामद हुई थी, पूजा सिंघल को दिसंबर महीने की 7 तारीख को बीएनएस कानून के तहत जेल से रिहा किया गया है। हालांकि वह अब भी मनी लॉन्ड्रिंग केस में अभियुक्त हैं। लेकिन कानूनी प्रावधानों के अनुसार जेल से बाहर रहने के दौरान उनका सस्पेंशन खत्म किया जा चुका है।

# रिम्स में निजी एंबुलेंस के खिलाफ कार्रवाई, 240 एंबुलेंस जब्त

■ एंबुलेंस संचालकों और चालकों ने हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स में मौजूद प्राइवेट एंबुलेंस के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई की है। रिम्स कैंपस में खड़ी 240 एंबुलेंस को जब्त कर लिया गया है। जब्त एंबुलेंस को बरियातू थाना में रखा गया है। एंबुलेंस संचालकों और चालकों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि वह हड़ताल पर चले जायेंगे। जानकारी के मुताबिक, कार्रवाई के दौरान एंबुलेंस चालक और पुलिसकर्मियों के बीच हल्की झड़प भी हुई। जिसके बाद एंबुलेंस को जब्त करने की कार्रवाई की गयी है। प्रशासन का कहना है कि एंबुलेंस की वजह से रिम्स परिसर में जाम का संकट बनता रहता है।

उल्लेखनीय है कि रिम्स में दिनभर मरीजों का आना-जाना लगा रहता है। सरकारी एंबुलेंस की कमी की वजह से इन प्राइवेट एंबुलेंस की जरुरत मरीजों को पड़ती है। रिम्स में एंबुलेंस को खड़ा करने की कोई व्यवस्था नहीं होने की वजह से चालक जहां जगह मिलती है, वहीं एंबुलेंस को खड़ी करते हैं।

इन सबके बीच बड़ी समस्या यह है कि अगर एंबुलेंस चालकों ने हड़ताल कर दी तो मरीजों की दिक्कत बढ़ेगी। क्योंकि रिम्स के पास उतनी संख्या में एंबुलेंस उपलब्ध नहीं हैं, जो मरीजों की मांग को पूरी कर सकें।

# राजद ने बुधु भगत की जयंती और कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि मनायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय जनता दल झारखंड प्रदेश कार्यालय रांची में सोमवार को स्वतंत्रता सेनानी शहीद वीर बुधु भगत की जयंती और स्वतंत्रता सेनानी और समाजवादी नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि मनायी गयी। इस अवसर पर पार्टी नेता और कार्यकर्ताओं ने दोनों विभूतियों की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर सभी नेताओं ने इन दोनों लोगों के संघर्षों तथा कार्यों को याद करते हुए उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष अनीता यादव, महासचिव आबिद अली, युवा राजद प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार, श्रमिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुधीर गोप, क्षितिज मिश्रा सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल थे।

18 फरवरी, 2025
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 121

विधानसभा में मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने ओड़िशा का बजट पेश किया



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

दिल्ली से लौटते ही मुख्यमंत्री एक्शन में : आजीवन सजा काट रहे 37 कैदियों की होगी रिहाई

# रिहा हुए कैदियों को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ें : हेमंत सोरेन

- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक हुई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दिल्ली से लौटते ही एक्शन मोड में आ गये हैं। वह सोमवार को झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक में शामिल हुए। इसमें आजीवन सजा काट रहे 37 कैदियों को रिहा किये जाने पर सहमति बनी। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिहा हुए कैदियों को सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ें। वहीं, मुख्यमंत्री मंगलवार को नगर सेवा परीक्षा के 289 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। साथ ही शाम में कैबिनेट की बैठक बुलायी है।

बताते चलें कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रविवार की देर रात विशेष विमान से दिल्ली से रांची लौट आये हैं। पत्नी कल्पना सोरेन भी उनके साथ थीं। वह अपने पिता शिबू सोरेन की रूटीन हेल्थ चेकअप कराने पिछले रविवार को दिल्ली गये थे। अभी शिबू सोरेन का स्वास्थ्य सामान्य है। जांच में समय लगने की वजह से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन छह दिनों तक दिल्ली में ठहरे थे।

**सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक पृष्ठभूमि का सत्यापन करें:** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रिहा हुए कैदियों का सामाजिक, आर्थिक एवं पारिवारिक पृष्ठभूमि का सत्यापन जरूर करें। उन्होंने कारा महानिरीक्षक को रिहा हुए कैदियों का ट्रैक रिकॉर्ड रखने का निर्देश दिया। हेमंत सोरेन ने कहा कि जिलों के पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारियों द्वारा रिहा हुए कैदियों का ट्रैक रिकॉर्ड रखने के साथ-साथ सभी गतिविधियों की निरंतर मॉनिटरिंग की जाये। रिहा हुए कैदियों को सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना सुनिश्चित करें। जीवन यापन सुचारू रूप से चले इस निमित्त उनके लिए आय सृजन की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि रिहा हुए कैदियों को मुख्यधारा से जोड़कर उन्हें सकारात्मक दिशा देना हम सभी की जिम्मेदारी है।

**बैठक में पूर्व मामलों पर भी किया गया विचार:** बैठक में रिहाई से संबंधित नये मामलों के साथ-साथ वैसे कैदियों के मामलों पर भी पुनर्विचार किया गया, जिन्हें पर्षद की पिछली बैठकों में अस्वीकृत किया गया था। बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, कारा महानिरीक्षक सुदर्शन प्रसाद मंडल, अपर विधि परामर्शी नीरज कुमार, प्रोवेशन पदाधिकारी चंद्रमौली, एआइजी तुषार रंजन गुप्ता, जेलर मो नसीम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



## 103 कैदियों को कारामुक्त किये जाने पर हुआ विचार

झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में उनके आवास पर हुई। बैठक में मुख्यमंत्री ने पर्षद की अनुशंसा के आलोक में राज्य के विभिन्न कारागारों में आजीवन सजा काट रहे 103 कैदियों को कारामुक्त किये जाने के प्रस्ताव पर अधिकारियों के साथ बिंदुवार गहन विचार-विमर्श किया। एक-एक कैदियों की फाइल पर गंभीरता से विचार किया गया। मुख्यमंत्री ने कैदियों के अपराध की प्रवृत्ति तथा न्यायालयों, संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षकों, जेल अधीक्षक एवं प्रोबेशन अधिकारियों द्वारा दिये गये मंतव्य की पूरी जानकारी ली। रिहाई के लिए प्रस्तावित सभी मामलों पर विचारोपरांत कुल 37 कैदियों को रिहा किये जाने के निर्णय पर मुख्यमंत्री ने अपनी सहमति दी।


## नगर सेवा परीक्षा के 289 अभ्यर्थियों को आज दिया जायेगा नियुक्ति पत्र

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) द्वारा आयोजित नगर सेवा संवर्ग संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के तहत चयनित 289 अभ्यर्थियों को आखिरकार नियुक्ति पत्र मिलने जा रहा है। ये अभ्यर्थी गार्डेन अधीक्षक, वेटनरी ऑफिसर, सेनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर, सेनेटरी सुपरवाइजर, राजस्व निरीक्षक और विधि सहायक पदों पर नियुक्त किये जायेंगे। मंगलवार क प्रोजेक्ट भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार गार्डेन अधीक्षक- 09, पशु चिकित्सा पदाधिकारी (वेटनरी ऑफिसर)- 08, सेनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर - 12, राजस्व निरीक्षक - 174 और विधि सहायक - 44 चयनित अभ्यार्थियों को नियुक्ति पत्र मिलेगा।

## झारखंड कैबिनेट की बैठक आज

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को शाम 4:00 बजे से कैबिनेट की बैठक होगी। इस संबंध में कैबिनेच कोर्डिनेशन विभाग ने सूचना जारी कर दिया है। बैठक में राज्य के विकास और जनहित से जुड़े कई अहम निर्णय लिये जाने की उम्मीद है।

# भाजपा को 4340 और कांग्रेस को 1225 करोड़ रुपये का चंदा



- एडीआर ने राष्ट्रीय दलों को मिले चंदे पर अपनी रिपोर्ट जारी की

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने राष्ट्रीय दलों को मिले चंदे को लेकर सोमवार को अपनी रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 में भाजपा को सबसे ज्यादा 4340.47 करोड़ रुपये का चंदा मिला है। दूसरे नंबर पर कांग्रेस को 1225.12 करोड़ रुपये मिले। वहीं, आम आदमी पार्टी (आप) को चंदे में 22.68 करोड़ रुपये मिले।

**आप ने चंदे से ज्यादा किया खर्च:** रिपोर्ट के मुताबिक भाजपा ने अपनी कमाई का कुल 50.96% यानी 2211.69 करोड़ रुपये और कांग्रेस ने अपनी कमाई का 83.69% यानी 1025.25 करोड़ रुपये खर्च किया। वहीं आप ने चंदे में 22.68 करोड़ रुपये मिले, जबकि पार्टी ने उससे ज्यादा 34.09 करोड़ रुपये खर्च किये। सभी पार्टियों को मिले कुल चंदे का 74.57% हिस्सा अकेली भाजपा को मिला है। बाकी 5 दलों को 25.43% चंदा मिला है।

## चंदे का बड़ा हिस्सा चुनावी बांड से मिला

पार्टियों को चंदे का बड़ा हिस्सा चुनावी बांड से मिला है। चुनावी बांड से भाजपा को सबसे ज्यादा 1685.63 करोड़ रुपये मिले, जबकि कांग्रेस को 828.36 करोड़ रुपये और आप को 10.15 करोड़ रुपये मिले। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल मई में चुनावी बांड से मिले चंदे को असंवैधानिक बताया था।

## न्यूज रील्स

### दिल्ली-एनसीआर के बाद बिहार में भी भूकंप

नयी दिल्ली/पटना। दिल्ली-एनसीआर में सोमवार सुबह करीब 5:36 बजे भूकंप के झटके महसूस किये गये। ढाई घंटे बाद सुबह 8 बजे बिहार के सिवान में भी भूकंप आया। दोनों जगह रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4 मापी गयी है। भूकंप का केंद्र नयी दिल्ली था और इसकी गहराई पांच किलोमीटर बतायी गयी है। भूकंप के तेज झटकों से दिल्ली, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आये। हालांकि, किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है।

# दिल्ली के नये मुख्यमंत्री 20 को लेंगे शपथ, प्रधानमंत्री होंगे शामिल

- 19 को विधायक दल की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम आने के 12 दिन बाद 20 फरवरी को नये मुख्यमंत्री रामलीला मैदान में शपथ लेंगे। हालांकि, भाजपा ने अब तक मुख्यमंत्री के नाम का खुलासा नहीं किया है। पार्टी विधायक दल की बैठक 19 फरवरी को बुलायी गयी है, जिसमें मुख्यमंत्री की घोषणा होगी। इससे पहले सोमवार यानी 17 फरवरी को विधायक दल की बैठक होने की सूचना आयी थी। जिसे दो दिनों के लिए टाल दिया गया है। भाजपा सूत्रों के मुताबिक शपथ ग्रहण कार्यक्रम दिल्ली के रामलीला मैदान में होगा। इसमें प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय मंत्री, भाजपा और एनडीए शासित 20 राज्यों के मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम शामिल होंगे। इसके अलावा उद्योगपति, फिल्म स्टार और खिलाड़ी भी आयेंगे। कार्यक्रम की व्यवस्था की देखरेख के लिए भाजपा महासचिव विनोद तावड़े और तरुण चुघ को प्रभारी बनाया गया है।

# महाकुंभ का उत्साह बरकरार, सोमवार को भी एक करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने किया स्नान

- संगम स्टेशन को 26 फरवरी तक बंद किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**प्रयागराज।** महाकुंभ में सोमवार को फिर जबरदस्त भीड़ रही। देर शाम तक तक 1.08 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके थे, जबकि कई श्रद्धालुओं का घाटों तक आना जारी था। गुजरात, महाराष्ट्र, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल के राज्यपाल ने संगम में डुबकी लगायी। प्रयागराज के लिए प्रवेश के सातों रास्तों पर ठसाठस भीड़ रही और जाम रहा। भीड़ के चलते दारागंज स्थित संगम स्टेशन को 26 फरवरी तक बंद कर दिया गया है। महाकुंभ में तैनात अफसरों की ड्यूटी 27 फरवरी तक बढ़ा दी गयी है। मेला क्षेत्र में वाहनों के प्रवेश पर फिर से रोक लगा दी गयी है। सभी तरह के पास रद्द कर दिये गये हैं। प्रयागराज से गुजरने वाली 19 ट्रेनों का रूट बदला गया है। वाहनों को संगम से 10-12 किमी पहले बनायी गयी पार्किंग में रोका जा रहा है, जिससे लोगों को संगम तक पैदल ही जाना पड़ रहा है। बतातें चलें कि सोमवार को महाकुंभ का 36वां दिन था। 13 जनवरी से अब तक 54.04 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं।



# भगदड़ को रोकने के लिए देश के 60 स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनेंगे

- नयी दिल्ली स्टेशन पर 26 फरवरी तक प्लेटफॉर्म टिकट की बिक्री बंद
- स्टेशन पर सीआरपीएफ किये गये तैनात



आजाद सिपाही संवाददात

**नयी दिल्ली।** नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और दिल्ली पुलिस की तैनाती की गयी है। महाकुंभ के बीच बढ़ती भीड़ को नियंत्रित करने के लिए केंद्र सरकार ने यह फैसला लिया है। इसके अलावा रेलवे ने 26 फरवरी तक शाम 4 बजे से रात 11 बजे तक काउंटर से प्लेटफॉर्म टिकट की बिक्री बंद कर दी है। सूत्रों के मुताबिक रेलवे ने भविष्य में पीक सीजन में भगदड़ जैसी घटनाओं से बचने के लिए देश के 60 बड़े स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाने की योजना बनायी है। महाकुंभ के बाद 2027 में नासिक और हरिद्वार में भी अर्धकुंभ लगेंगे। इसके अलावा 2028 में मध्य प्रदेश के उज्जैन में भी सिंहस्थ मेले का आयोजन होना है। बतातें चलें कि नयी दिल्ली स्टेशन पर 15 फरवरी को भगदड़ मचने से 11 महिलाओं और पांच बच्चों समेत 18 लोगों की मौत हो गयी थी। 25 लोग घायल हुए थे। इसके बाद रेलवे और पुलिस ने ठोस कदम उठाया है।

# किसानों का बेमियादी जमीन समाधि सत्याग्रह शुरू

- चटुआग सांसद आदर्श ग्राम है घोषित, फिर भी नहीं हुआ विकास का काम
- बिजली, पानी, सड़क आदि समस्याओं को लेकर शुरू हुआ अंदोलन

मुकेश कुमार सिंह

**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा कामता पंचायत के सांसद आदर्श ग्राम चटुआग के अन्नदाता किसानों ने अपनी मुलभूत सुविधाएं बिजली, पानी, सड़क आदि के लिए जमीन समाधि सत्याग्रह शुरू कर दिया है। वे खुले आसमान के नीचे धूप में भूखे-प्यासे दो फीट से अधिक गहरे गड्ढे के नीचे बैठे और कब्र में लेटे। सोमवार को सत्याग्रह दस बजे से शुरू होकर ढाई बजे तक चला।

**2017-18 में ही आदर्श ग्राम के लिए हुआ था चयन :** इस सत्याग्रह की अगुवाई कर रहे पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने कहा कि वर्ष 2017-18 में भाजपा के चतरा लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद ने सांसद आदर्श ग्राम के रूप में आदिवासी बहुल चटुआग ग्राम का चयन किया था। जिला प्रशासन ने संपूर्ण कामता पंचायत को सांसद आदर्श पंचायत घोषित कर दिया। प्रधानमंत्री की योजना अनुसार 2019 तक इस ग्राम पंचायत में सभी बुनियादी सुविधाएं बहाल करनी थी, जबकि विकास से वंचित सांसद आदर्श ग्राम चटुआग एवं आदर्श पंचायत कामता का करीब छह साल में न तस्वीर बदली न ही तकदीर। यह गांव आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है।






## गड्ढा खोद कर बैठे और लेटे किसान

किसानों ने जमीन में गड्ढा खोदा और उसमें गर्दन तक खुद को दफन कर लिया। आंदोलन में पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, किसान सनिका मुंडा, जीदन टोपनो, कमल गंझु, लेचा गंझु, गब्रेल मुंडा, बुधराम बारला समेतच अन्य ग्रामीण शमिल हुए।

## न सड़क है, न बिजली, शिकायत पर कुछ नहीं हुआ

आंदोलनरत किसानों ने कहा कि बिजली के लिए कई बार जिला मुख्यालय का चक्कर लगाया, लेकिन कुछ भी नहीं हुआ। अठुला, परहैया टोला आदि गांव में अच्छी सड़कें नहीं हैं, जिस कारण आपात स्थिति में बीमार मरीज को अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस भी नहीं आ पाती है। पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। उन्होने बिजली और पानी कनेक्शन के लिए आवेदन दे रखा है। इन सब बातों को लेकर जिला मुख्यालय का चक्कर कई बार किसान लगा चुके हैं। कोई सुनवाई अब तकत नहीं हुआ। अंततः आंदोलन का रास्ता अखतियार किया। गांव के किसानों और महिलाओं ने इस समाधि सत्याग्रह को शुरू किया है।

# 700 करोड़ हुई राम मंदिर की सलाना आय



अयोध्या (आजाद सिपाही)। पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की पहली पसंद बन रही रामनगरी रोजाना नये-नये रिकॉर्ड बना रही है। राम मंदिर सालाना आय के मामले में देश का तीसरा सबसे बड़ा मंदिर बन चुका है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से अब तक अयोध्या में 13 करोड़ से अधिक श्रद्धालु और पर्यटक पहुंच चुके हैं। मंदिर की सालाना आय 700 करोड़ के पार पहुंच चुकी है। सालाना आय के मामले में राम मंदिर ने स्वर्ण मंदिर, वैष्णो देवी और शिरडी साईं मंदिर को पीछे छोड़ दिया है। अयोध्या का राम मंदिर भारत के 10 महत्वपूर्ण मंदिरों में धार्मिक दान अर्जित करने वाली सूची में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। तिरुपति वेंकटेश्वर मंदिर की वार्षिक दान राशि 1500 से 1650 करोड़ रही। द्वितीय स्थान पर तिरुवंतपुरम का श्री पद्मनाभम स्वामी मंदिर है, जिसका वार्षिक कलेक्शन 750 से 850 करोड़ रुपये है।

SIKSHA 'O' ANUSANDHAN
Empowering students for a brighter future
MANAGEMENT PROGRAMMES OFFERED
MBA
MBA (Hospital Administration)
MBA (Hospitality Management)
MBA (Artificial Intelligence and Data Science)
APPROVAL & RECOGNITIONS
Approved by UGC and AICTE
Re-accredited by NAAC with A++ Grade
Granted with Category-1 Graded Autonomy by UGC
NBA Accredited Programmes
NIRF INDIA RANKINGS 2024
14th Best in University Category
62nd Best in Management Category
INTERNATIONAL RANKINGS 2025
Ranked in QS World Rankings 2025
Ranked in Times World Rankings 2025
To apply for admission through CAT 2024,
Please visit: www.soa.ac.in

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.0 °c | 15.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.45 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.20 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 18 फरवरी, 2025
www.azadsipahi.in


### प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग की कार्यसमिति की बैठक संपन्न

# ओबीसी संगठन को बूथ लेवल तक ले जाना है : केशव महतो कमलेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग की कार्यसमिति की बैठक सोमवार को कांग्रेस भवन रांची में ओबीसी विभाग के चेयरमैन अभिलाष साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर झारखंड प्रभारी राजकिशोर बारिक उपस्थित हुए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि ओबीसी विभाग को आप लोग जितना मजबूत करेंगे कांग्रेस पार्टी उतना मजबूत होगी। ओबीसी संगठन को जिला पंचायत प्रखंड होते हुए बूथ लेवल तक ले जाना है। ओबीसी विभाग के जिला अध्यक्ष और प्रदेश पदाधिकारी को ग्रामीण क्षेत्रों में मेहनत करने की जरूरत है। ओबीसी जाति में बहुत सारी उपजातियां हैं। सभी लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए तभी ओबीसी विभाग मजबूत होगा। प्रखंडों से लेकर जिला में प्रत्येक महीना एक बैठक ओबीसी विभाग की होनी चाहिए। एसटी/एससी, ओबीसी और माइनॉरिटी विभाग को सशक्त और मजबूत करते हुए कांग्रेस पार्टी का संगठन को मजबूत करना है। ज्यादा से ज्यादा ओबीसी नौजवानों को जोड़ने का काम करें। ओबीसी विभाग के प्रभारी बारिक ने कहा कि पार्टी हाइकमान का मानना है कि जिसकी जितनी संख्या, उसकी उतनी हिस्सेदारी, इसलिए हम लोगों को झारखंड में ओबीसी विभाग को मजबूत करते हुए राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करना है। प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के अध्यक्ष अभिलाष साहू ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए बहुत जल्द प्रदेश के पदाधिकारी को जिला का प्रभारी बनाकर बूथ स्तर तक संगठन खड़ा करने के लिए सभी जिला का दौरा करूंगा और जो भी पार्टी हाइकमान और प्रदेश नेतृत्व का दिशा निर्देश मिलेगा उसका पालन करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करूंगा। इस बैठक का संचालन प्रदेश प्रवक्ता परवेज आलम ने किया और धन्यवाद ज्ञापन रेणु देवी ने किया। बैठक में प्रदेश ओबीसी विभाग के नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष कुशवाहा राकेश महतो और सुरजीत नागवाला का स्वागत किया गया। इस बैठक में झारखंड के सभी जिले से ओबीसी विभाग के जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश के पदाधिकारी के साथ ग्रामीण जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, धर्मेंद्र सोनकर, राजेश चंद्र राजू, अश्वनी कुमार आनंद, अजय कुमार यादव, निजाम अंसारी, प्रदीप साहू, संतोष महतो, राजेश वर्मा, दीपक कुमार साहू, महेश्वर मंडल, गफ्फार अंसारी, डॉ प्रकाश कुमार, राम अवतार साहू, मोहम्मद इमरान, विनोद साहू सहित अन्य मौजूद थे।

# झारखंड में 44 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय एक साथ शुरू होंगे : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड में जल्द ही 44 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय शुरू किये जायेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने झारखंड में आदिवासी बच्चों की शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

झारखंड में एक साथ 44 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (इएमआरएस) शुरू किये जा रहे हैं, जिससे आदिवासी छात्रों को निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। ये विद्यालय आधुनिक सुविधाओं और सुरक्षित वातावरण के साथ छात्रों के समग्र विकास में सहायक होंगे। यह पहल शिक्षा आदिवासी समाज को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी।

एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के माध्यम से आदिवासी बच्चों को उज्ज्वल भविष्य देने का प्रयास किया जा रहा है। निःशुल्क और आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराकर सरकार न केवल छात्रों के शैक्षणिक विकास को बढ़ावा दे रही है, बल्कि उनके समग्र उत्थान में भी योगदान दे रही है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** दैनिक कार्य अव्यवस्थित रहेगा, नौकरी-व्यापार में अवरोध,विविध उलझनों का सामना होगा।

**वृष** रोजी-रोजगार में सफलता मिलेगी, किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा।

**मिथुन** परिस्थिति में सुधार होगा, बकाये रकम की प्राप्ति होगी, वस्त्र-आभूषण धन-द्रव्य की प्राप्ति होगी।

**कर्क** कर्मक्षेत्र में यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा,महत्वकांक्षा पूरी होगी, नौकरी में बदलाव होने का संयोग बन सकता है।

**सिंह** रूका हुआ काम पूरा होगा,हर्षदायक समाचारों की प्राप्ति होगी,वाहन की सवारी सावधानी से करें दुर्घटना की आंशका।

**कन्या** नौकरी में उन्नति होगी, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक लाभ, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।

**तुला** परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा। स्वजन-मित्रों का सहयोग, नौकरी में बदलाव होने की संभावना।

**वृश्चिक** संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी, व्यवसाय की स्थिति में सुधार, संतोषजनक धनलाभ होगा।

**धनु** इच्छित कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी,विरोधियों पर विजय।

**मकर** आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, रोग-ऋण-शत्रुबाधा का शमन, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।

**कुंभ** स्वास्थ्य बाधा, दिमागी तनाव,इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा।

**मीन** आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, बकाये रकम की प्राप्ति, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

# वाल्मीकि नगर किशोरगंज में सम्मान समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के नेतृत्व में वाल्मीकि नगर किशोरगंज में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें वाल्मीकि महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भगत वाल्मीकि के संघर्ष और नेतृत्व को स्वीकार किया गया। मौके पर निवर्तमान पार्षद ओमप्रकाश गुप्ता एवं अनुसूचित जाति सम्मेलन समिति के अध्यक्ष उपेंद्र कुमार रजक, महामंत्री जुगल कांगड़ा, हीरा गुप्ता उपस्थित थे। उन्होंने वाल्मीकि महासभा को धन्यवाद दिया। अखिल भारतीय वाल्मीकि सभा के प्रदेश अध्यक्ष भगत वाल्मीकि के अथक प्रयास से झारखंड में रह रहे वाल्मीकि समाज को उनके जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र की वर्षों से लंबित मांग को पूरा करने का कार्य किया है। इसके लिए वाल्मीकि समाज झारखंड के सभी नागरिकों की ओर से भगत वाल्मीकि का आभार जताया। अब पूरे झारखंड में रह रहे वाल्मीकि समाज झारखंड के निवासी कहलायेंगे।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों की शिक्षण यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने बालाजी फूड प्रोडक्ट्स, टाटीसिल्वे और हनीसिप न्यूट्रिमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, अनगड़ा का दौरा किया। इस यात्रा का उद्देश्य खाद्य एवं पेय उद्योग में उत्पादन और पैकेजिंग की वास्तविक प्रक्रिया को नजदीक से देखना और समझना था। छात्रों ने देखा कि आधुनिक तकनीकों का उपयोग करके विभिन्न स्नैक्स का उत्पादन और पैकेजिंग कैसे की जाती है। उन्होंने मिनरल वाटर भरने की प्रक्रिया को भी समझा, जिसमें पर्यावरण संरक्षण (सस्टेनेबिलिटी) का विशेष ध्यान रखा जाता है। इस यात्रा के दौरान विद्यार्थियों को उद्यमिता (एंटरप्रेन्योरशिप) और व्यवसाय प्रबंधन की बारीकियों की जानकारी मिली, जो उनके भविष्य के करियर विकल्पों को समझने में मददगार साबित होगी। यह यात्रा छात्रों के लिए एक अनूठा अवसर था, जहां उन्होंने कक्षा के बाहर निकलकर वास्तविक दुनिया से सीखने का अनुभव प्राप्त किया। इससे न केवल उनके ज्ञान में वृद्धि हुई, बल्कि उन्हें अपने करियर की संभावनाओं को समझने का भी अवसर मिला। विद्यालय की प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों को इस तरह की औद्योगिक यात्राओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के शैक्षणिक यात्राओं से छात्रों को वास्तविक दुनिया से जुड़ने, जीवन कौशल सीखने और पर्यावरण संरक्षण की महत्ता को समझने में सहायता मिलती है।

### महंगे पर्यटन आयोजनों पर भाजपा ने उठाये सवाल

# जनता की जरूरतों पर ध्यान दे सरकार : राफिया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड में आयोजित स्काइडाइविंग फेस्टिवल-2025 पर बीजेपी की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने राज्य सरकार की नीतियों पर गंभीर सवाल उठाये हैं। उन्होंने इस महंगे आयोजन को आम आदमी की पहुंच से बाहर बताते हुए राज्य सरकार की प्राथमिकताओं पर सवाल खड़ा किया। राफिया नाज का कहना था कि 28,000 प्रति व्यक्ति की लागत वाला स्काइडाइविंग जैसा महंगा आयोजन राज्य की गरीब वर्ग के लिए सुलभ नहीं है।

राफिया नाज ने आरोप लगाया कि सरकार इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से सिर्फ पर्यटन को बढ़ावा देने का दावा कर रही है, जबकि ये गतिविधियां केवल समाज के एक विशेष वर्ग के लिए उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि सरकार महंगे सांस्कृतिक और पर्यटन कार्यक्रमों पर करोड़ों रुपये खर्च करती है, जबकि विकास कार्यों और जनता की जरूरतों के लिए बजट का अभाव है, जो कि सरकार की दोहरे मापदंड को दर्शाता है।

राफिया नाज ने बताया कि पिछले साल भी महंगे आयोजनों पर खर्च किये गये पैसे के बाद ऑडिट में कई गड़बड़ियां सामने आयीं थीं, लेकिन सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि जब राज्य में बेरोजगारी और बुनियादी जरूरतों की कमी है, तो महंगे पर्यटन आयोजनों पर खर्च क्यों किया जा रहा है?

राफिया नाज ने सरकार को सलाह दी कि महंगे पर्यटन आयोजनों पर पैसे खर्च करने की बजाय, स्कूलों में बच्चों को बुनियादी सुविधाएं देने, विधवा महिलाओं के लिए पेंशन योजना शुरू करने और सरकारी कर्मचारियों की लंबित तनख्वाह का भुगतान शीघ्र किया जाना चाहिए। उनका कहना था कि जब जनता की बुनियादी जरूरतें पूरी नहीं हो रही हैं, तो ऐसे महंगे आयोजन निरर्थक हैं।

## किड्स पार्क प्ले स्कूल का वार्षिकोत्सव मना




**रांची (आजाद सिपाही)।** कोकर स्थित डेला टोली में किड्स पार्क प्ले स्कूल में वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें सभी छात्रछात्राएं पारंपरिक नृत्य किये और सभी अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़ कर प्रोग्राम में हिस्सा लिया। प्राचार्या प्रीति सिंह ने सभी को मेडल , शील्ड और तोहफे का वितरण कर के सभी को सम्मानित की। प्रोग्राम में मुख्य अतिथि संजय कुमार सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर के कार्यक्रम को आगे बढ़ाए। अध्यापिका रोहिणी टोप्पो और शालिनी टोप्पो ने कार्यक्रम का पूरा भार संभाला ।

## वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अरुण श्रीवास्तव का निधन


फाइल फोटो

**रांची (आजाद सिपाही)।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अरुण श्रीवास्तव का मेडिका में इलाज के दौरान सोमवार को शाम करीब 4:00 बजे निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को हरमू मुक्तिधाम में किया जायेगा। उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार को चर्च रोड के बलदेव सहाय लाइन स्थित उनके आवास से सुबह 10:00 बजे निकलेगी। इसके बाद सुबह 10:30 बजे अरुण श्रीवास्तव के पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए कांग्रेस भवन में रखा जायेगा। अंतिम दर्शन के बाद उनकी अंतिम यात्रा मुक्तिधाम हरमू के लिए रवाना होगी।

# फिर बदलेगा मौसम का मिजाज बारिश के साथ वज्रपात संभव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में मौसम का मिजाज बदलने वाला है। राज्य में मेघ गर्जन, बारिश और वज्रपात की आशंका है। इसको लेकर मौसम केंद्र ने यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम केंद्र के अनुसार 18 फरवरी से बादल छाये रहेंगे। 22 फरवरी तक अलग-अलग हिस्सों में बारिश हो सकती है। 19 फरवरी को राज्य के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में बारिश हो सकती है। 20 फरवरी को दक्षिण और निकटवर्ती मध्य हिस्से में बारिश हो सकती है। इस दौरान अधिकतम तापमान 28 से 29 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 14 से 16 डिग्री के बीच रह सकता है। मौसम केंद्र ने मेघ गर्जन और वज्रपात को लेकर दो दिनों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम केंद्र की रिपोर्ट में बताया गया है कि 19 फरवरी को राज्य के 12 जिले और 20 फरवरी को राज्य के 10 जिले में बारिश के साथ मेघ गर्जन और वज्रपात की आशंका है।

19 फरवरी को राज्य के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां, देवघर, धनबाद, दुमका, गिरीडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ तथा साहिबगंज में मेघ गर्जन और वज्रपात की आशंका है। वहीं 20 फरवरी को पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां, रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी तथा रामगढ़ में मेघ गर्जन और वज्रपात की आशंका है।

# शहीद वीर बुधु भगत की जीवनी युवाओं के लिए एक प्रेरक अध्याय : डॉ तपन कुमार शांडिल्य

**डीएसपीएमयू में वीर बुधु भगत की जयंती का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सोमवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के द्वारा वीर बुधु भगत की जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों में कुछ एक नाम भारतीय इतिहास के स्वर्णाक्षरों में अंकित हो गये हैं, ऐसा ही एक नाम छोटानागपुर के वीर शहीद बुधू भगत का है। हालांकि उनके त्याग और बलिदान को इतिहासकारों ने उसी प्रकार उपेक्षित रखा जिस प्रकार उन्होंने छोटानागपुर और यहां के स्मारक के इतिहास को देखा है और नजरअंदाज किया है।

वीर शहीद बुधु भगत छोटानागपुर के उन जनमत संग्रह के नायक थे जिन्हें अंग्रेजों ने कोल विद्रोह की संज्ञा दी थी। यह लगभग उसी तरह है जैसे 1857 की स्वतंत्रता संग्राम को क्रांतिकारी विद्रोह की संज्ञा दी गयी है। कुलपति ने अपने संबोधन में आगे कहा कि यह हमारा दायित्व और कर्तव्य दोनों है कि वीर बुधु भगत जैसे महापुरुषों की जीवनी को अधिक से अधिक पाठयपुस्तकों में शामिल किया जाये ताकि यहां के युवाओं को उनसे प्रेरणा मिल सके। विशिष्ट अतिथि डॉ जिंदर सिंह मुंडा और साहित्यकार महादेव टोप्पो ने भी अपने उपरोक्त विषय पर अपने विचार रखे।मौके पर एक पुस्तक का भी विमोचन कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने किया। इसके पूर्व विषय प्रवेश जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के समन्वयक डॉ विनोद कुमार ने किया। उन्होंने भी वीर बुधु भगत के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विभाग के सभी शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे। यह जानकारी पीआरओ डॉ राजेश कुमार सिंह ने दी।

## आरयू को नैक में बी++ ग्रेड प्वाइंट 2.81 मिलने पर एनएसयूआइ ने सवाल खड़े किये




**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची विश्वविद्यालय रांची को नैक में बी++ ग्रेड प्वाइंट 2.81 मिलने पर एनएसयूआइ ने सवाल खड़े किये हैं। एनएसयूआइ के राज्य उपाध्यक्ष अमन अहमद ने कहा है कि रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजित कुमार सिन्हा पठन-पाठन, अध्यापन एवं प्रशासनिक व्यवस्था में कम और राजनीति करने में आगे हैं। एनएसयूआइ ने यह भी कहा है कि रांची विश्वविद्यालय को बी++ मिलना राज्य के छात्र-छात्राओं के लिए शर्मनाक है, खासकर जब इसके बाद में गठित विश्वविद्यालयों को भी बी++ मिला है। एनएसयूआइ ने कुलपति से उनके कार्यकाल की उपलब्धियों को सार्वजनिक करने और विश्वविद्यालय में शिक्षकों की कमी के बारे में बताने को कहा है। एनएसयूआइ ने यह भी मांग की है कि कुलपति को पदमुक्त किया जाये और स्थानीय शिक्षाविद को कुलपति मनोनीत किया जाये ताकि रांची विश्वविद्यालय की दुर्दशा सुधर सके।

# कैंसर के प्रभावी उपचार के लिए सरकार प्रतिबद्ध : राधाकृष्ण किशोर

**झारखंड में कैंसर देखभाल को सशक्त बनाने के लिए मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने टाटा ट्रस्ट के सीइओ के साथ महत्वपूर्ण बैठक की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मुंबई।** झारखंड में कैंसर देखभाल को अधिक प्रभावी और सुलभ बनाने के उद्देश्य से मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सोमवार को मुंबई में टाटा ट्रस्ट के सीइओ सिद्धार्थ शर्मा से मुलाकात की। इस बैठक में राज्य में कैंसर उपचार की स्थिति, सस्ती और बेहतर चिकित्सा सुविधाओं का विकास, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा, हमारा लक्ष्य झारखंड में कैंसर देखभाल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है ताकि मरीजों को इलाज के लिए राज्य से बाहर न जाना पड़े। सरकार इस दिशा में मेडिकल साइक्लोट्रॉन सुविधा स्थापित करने पर कार्य कर सकती है। जिससे पीइटी-सिटी सेंटरों को आवश्यक आपूर्ति मिलेगी और कैंसर निदान की लागत कम होगी।

बैठक के दौरान सिद्धार्थ शर्मा ने भी झारखंड में कैंसर देखभाल को बेहतर बनाने के लिए अपने विचार साझा किये।

उन्होंने कहा कि रांची कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की सतत विकास प्रक्रिया को बनये रखने के लिए सीजीएचएस दरों में 10% की वृद्धि आवश्यक हो सकती है। इसके अलावा, उन्होंने कैंसर के प्रभावी उपचार के लिए शुरूआती जांच और स्क्रीनिंग के महत्व पर जोर दिया, जिसके तहत टाटा ट्रस्ट पहले से ही सरायकेला, रांची और खूंटी में सक्रिय रूप से काम कर रहा है। उन्होंने वित्त मंत्री से कहा कि कैंसर जांच और स्क्रीनिंग के लिए झारखंड के सभी 24 जिलों में ये होना चाहिए टाटा ट्रस्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सिद्धार्थ शर्मा ने ये भी कहा कि पूरे देश में कैंसर रोग एक बड़ी समस्या है। झारखंड में राज्य सरकार और प्राइवेट कंपनियों के साथ मिलकर कैंसर उपचार में टाटा ट्रस्ट अपना सहयोग देना चाहता है। उन्होंने सुझाव दिया कि झारखंड के हर जिले में इस पहल का विस्तार करने के लिए निजी कंपनियों को अपनी कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) के तहत आगे आना चाहिए। साथ ही, उन्होंने झारखंड में कैंसर रोगियों के लिए पोषण संबंधी कार्यक्रम चलाने की संभावना पर भी चर्चा की, जैसा कि टाटा ट्रस्ट महाराष्ट्र में पहले से कर रहा है। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि उनके सुझावों से वो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी को अवगत करायेंगे। वित्त मंत्री श्री किशोर ने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार स्वास्थ्य प्रक्षेत्र में प्राथमिकता के साथ काम करना चाहती है।

मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बैठक के सकारात्मक परिणामों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड सरकार इस दिशा में टाटा ट्रस्ट जैसे अनुभवी संगठनों के साथ मिलकर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में सिद्धार्थ शर्मा के अतिरिक्त टाटा ट्रस्ट के वरीय अधिकारी और चिकत्सक शामिल थे।

# महाप्रबंधक पूर्व मध्य रेल ने क्राउड मैनेजमेंट की समीक्षा की

आजाद सिपाही संवाददाता



**हाजीपुर।** बिहार राज्य के मुख्य सचिव अमृत लाल मीना से पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने सोमवार को वीडियो कांफ्रेंसिग के माध्यम से कुंभ मेला जाने वाले श्रद्धालुओं के स्टेशनों पर होने वाले अत्याधिक भीड से निपटने हेतु समीक्षा बैठक की। इस समीक्षा बैठक में एडीजी रेलवे, एडीजी लॉ एंड ऑर्डर, एडीजी मुख्यालय, बिहार के विभिन्न जिलों के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक भी उपस्थित थे। इस समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया कि मेला समाप्ति तक बिहार के प्रमुख 35 स्टेशनों पर क्राउड मैनेजमेंट हेतु जिला पुलिस की तैनाती की जायेगी। इनमें पूर्व मध्य रेल के 26 स्टेशन शामिल हैं। इस दौरान रेलवे जिला प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने हेतु लगातार संवाद किया जायेगा। सभी प्रमुख स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाया जायेगा जहां पर्याप्त रोशनी सहित सभी प्रकार की यात्री सुविधा उपलब्ध होगी। स्टेशनों पर ट्रेनों के आवागमन की जानकारी उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से लगातार प्रसारित की जायेगी। स्टेशनों के प्लेटफॉर्म पर भीड़ को नियंत्रित करने के उद्देश्य से प्लेटफॉर्म के मुख्य द्वार पर ही टिकटों के जांच के बाद ही प्लेटफॉर्म पर प्रवेश दिया जायेगा। स्पेशल ट्रेनों का परिचालन नियमित ट्रेनों की तरह ही प्राथमिकता के आधार परिचालित किया जायेगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW


## इग्नू का 38वां दीक्षांत समारोह 5 मार्च को

रांची (आजाद सिपाही)। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय(इग्नू) अपना 38 वां दीक्षांत समारोह 05 मार्च को आयोजित कर रहा है। 38वां दीक्षांत समारोह का आयोजन इग्नू मुख्यालय नयी दिल्ली के साथ 39 क्षेत्रीय केंद्र में भी आयोजित किया जायेगा। इग्नू क्षेत्रीय केंद्र रांची में भी दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जायेगा। दिसंबर 2023 और जून, 2024 में उत्तीर्ण शिक्षार्थी इस दीक्षांत समारोह में शामिल हो सकते हैं। इसमें शामिल होने वाले छात्र-छात्राएं 25 फरवरी तक इग्नू के वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। शिक्षार्थियों को सर्टिफिकेट प्राप्त करने के लिए 600 रुपये का भुगतान करना होगा। शिक्षार्थी आवेदन के लिए इस लिंक https:// onlineservices.ignou.ac.in/convocation/ पर विस्तृत जानकारी ले सकते हैं।

## भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि मनायी



रांची (आजाद सिपाही)। जननायक कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि जननायक कर्पूरी फाउंडेशन के तत्वाधान में धर्मेंद्र ठाकुर के नेतृत्व में मनायी गयी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रमेश ठाकुर जिला उपाध्यक्ष और सुनील शर्मा केंद्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा झामुमो मुख्य रूप से शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि अमरनाथ ठाकुर पूर्व पुलिस इंस्पेक्टर, राकेश ठाकुर दरोगा, डॉ दीपक ठाकुर, बालेश्वर ठाकुर विधायक प्रतिनिधि बरकट्ठा, गोविंद ठाकुर, ईचाक प्रखंड अध्यक्ष संतोष ठाकुर, शंभू ठाकुर, अशोक ठाकुर मौजूद रहे। मुख्य अतिथि सुनील शर्मा ने कहा कि समाज का हर व्यक्ति कर्पूरी ठाकुर के पदचिंह्नों पर चलने का संकल्प ले। मुख्य अतिथि रमेश ठाकुर ने कहा कि समाज में शिक्षा पर जोर देने की जरूरत है। उनका सहयोग हमेशा समाज के साथ रहा है और आगे भी रहेगा। इस कार्यक्रम में समाज के सैकड़ों लोगों ने जननायक कर्पूरी फाउंडेशन के साथ चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सुनील ठाकुर, सुधीर ठाकुर, बालेश्वर ठाकुर, गणेश ठाकुर, राजेंद्र ठाकुर, रामलाल शर्मा, तापेश्वर ठाकुर, गौतम ठाकुर, रवि शर्मा सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## कांग्रेस ने अमर शहीद वीर बुधु भगत की जयंती मनायी



रांची (आजाद सिपाही)। कोल विद्रोह के महानायक अमर शहीद वीर बुधु भगत की जयंती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, रांची में मनायी गयी। इस अवसर पर पर उपस्थित नेताओं उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी श्रद्धासुमन अर्पित की। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि जब मुगलकाल में व्यापारियों का प्रवेश छोटानागपुर में हुआ और उनके द्वारा आदिवासियों का शोषण किये जाने लागा तो उसके खिलाफ इन्होंने लड़ाई की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि वीर बुधु भगत गोरिल्ला युद्ध में निपुण थे। इसका फयादा उठाकर कई बार इनके नेतृत्व में आदिवासी योद्धाओं ने अंग्रेजी हुकुमत को परास्त किया था। इनको पकड़ने के लिए अंग्रेज सरकार ने इनाम की घोषणा की परंतु कोई भी इनाम के लालच में नहीं आया। श्रद्धांजलि देने वालों में राकेश सिन्हा, अभिलाष साहू, आलोक कुमार दुबे, डॉ राजेश गुप्ता, राजन वर्मा सुरेन राम, फिरोज रिजवी मुन्ना, धर्मेंद्र सोनकर, राजेश चंद्र राजू, अजय कुमार, टिंकू वर्मा, नेली नाथन, अरुण मंडल, दीपक गुप्ता, डॉ जयप्रकाश प्रसाद, रेणी देवी, रामानंद केशरी सहित अन्य शामिल थे।

## फन फिएस्टा में छात्रों का शानदार प्रदर्शन



रांची (आजाद सिपाही)। रांची के लालपुर स्थित सौरेंद्र मोहिनी पब्लिक स्कूल में आयोजित फन फिएस्टा-25 में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस मौके पर जहां नृत्य-गीत के कार्यक्रम हुए, वहीं विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने स्थानीय से लेकर राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों के स्टॉल लगाये। बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने इन कार्यक्रमों का लुत्फ उठाया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में साईंनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एसपी अग्रवाल उपस्थित रहे। उन्होंने छात्र-छात्राओं की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा का अर्थ सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं होता, बल्कि जीवन के विभिन्न क्षेत्रों का व्यावहारिक ज्ञान भी अत्यंत जरूरी है। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार शंभु नाथ चौधरी ने कहा कि सौरेंद्र मोहिनी पब्लिक स्कूल ने कम समय में उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थान के रूप में अपनी पहचान बनायी है। प्रिंसिपल डॉ आरके दास ने कहा कि फन फिएस्टा में विद्यार्थियों के साथ-साथ स्थानीय लोगों की भागीदारी बेहद उत्साहवर्धक है। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक सौमेन दत्ता और कार्यकारी निदेशक नेहा दत्ता ने स्कूल की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। स्कूल के शिक्षकों और कर्मियों में अर्चना शर्मा, रुखसार, उपासना, मधु, मुस्कान, पन्ना, कुंदो कली चक्रवर्ती, दीपक, और सुधीर ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

# झामुमो 50 लाख नये सदस्य बनाने का लक्ष्य पूरा करेगा : मुश्ताक आलम

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली के तत्वावधान में सोमवार को रांची महानगर अंतर्गत रामलखन सिंह यादव कॉलेज के पास कोकर में शिविर लगाकर सदस्यता अभियान चलाया गया। झामुमो केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर जिला संयोजक प्रमुख मुश्ताक आलम की अध्यक्षता में चलाये गये सदस्यता अभियान में जिला संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडिया, अश्विनी शर्मा, सोनू मुंडा, झब्बूलाल महतो समेत कई नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

सदस्यता अभियान को सफल बनाने में संजय ठाकुर के साथ विक्की समेत अन्य सदस्यों का अहम योगदान रहा। सदस्यता अभियान कार्यक्रम के दौरान कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, जिसमें मुख्य रूप से युवा और महिलाएं शामिल हैं। वहीं पार्टी से जुड़ने वाले सभी नये सदस्यों को जिला संयोजक प्रमुख, संयोजक मंडली के सदस्यों ने सदस्यता रसीद देकर पार्टी की सदस्यता दिलायी। झामुमो रांची जिला संयोजक प्रमुख मुश्ताक आलम ने कहा कि पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह झारखंड की जनता ने भरपूर समर्थन देकर हमारी पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को पुनः मुख्यमंत्री बनाया है। पार्टी से विशेष रूप से महिलाएं सरकार की योजनाओं से प्रभावित होकर पार्टी से जुड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी ने 50 लाख नये सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है और रांची जिला को 5 लाख का लक्ष्य दिया गया है, जिसमें से अब तक लगभग 3 लाख नये सदस्य बन चुके हैं।

# 101 सदस्यों ने बाबा श्याम को 71 निशान अर्पित किये

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल का 101 सदस्यीय दल खाटू पहुंचने के बाद रात्रि विश्राम श्री श्याम मित्र मंडल के विश्राम भवन में करके सोमवार को पुनः सभी श्याम भक्तों ने रिंग्स स्थित परशुराम निशान भवन में निशान पूजा की।

मंडल के उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, मंजू ढानढनिया ने अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित कर बाबा श्याम को पेड़ा, फल, मेवा अर्पित कर अपनी मनोकामना अर्जी लगायी। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में 101 सदस्य दल ने प्रातः सभी विश्राम भवन से तैयार होकर बसों द्वारा रिंग्स स्थित परशुराम निशान भवन पहुंचा। रिंग्स में निशान पूजन के प्रभारी श्रवण ढानढनिया, श्याम सुंदर शर्मा, अनिल नारनौली, श्रवण अग्रवाल, बालकृष्ण अग्रवाल, राजीव केडिया, वेद भूषण जैन, पप्पू, अमित झुनझुनवाला, निखिल नारनौली, अमित सरावगी ने पूजन कार्य कर निशान कीर्तन शुरू करवाया। अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने श्रवण ढानढनिया, मंजू ढानढनिया से प्रथम ज्योत दिलवाकर निशान पूजन कार्य प्रारंभ किया।

दोपहर 2:00 बजे मंडल के 101 सदस्य दल ने 71 निशान को पूजन कर रिंग्स से पदयात्रा प्रारंभ की। 4:30 बजे निशान यात्रा करणी माता मंदिर पहुंची। पुनः वहां से निशान यात्रा प्रारंभ हुई जो 7:30 बजे खाटू स्थित तोरण द्वार पहुंची। रात्रि करीब 9:00 बजे श्री श्याम मित्र मंडल का ध्वज निशान बाबा श्याम के आगे अर्पण किया गया।

निशान शोभा यात्रा में सुरेश सरावगी, श्रवण ढानढनिया, मंजू ढानढनिया, श्यामसुंदर शर्मा, राजीव रंजन मित्तल, स्नेहा पोद्दार, अनिल नारनौली, बालकृष्ण अग्रवाल, राजीव केडिया, अमित झुनझुनवाला, भारती चितलांगिया, अन्नपूर्णा सरावगी, विजयश्री साबू, रमा सरावगी, वेद भूषण जैन, पप्पू, नेहा सरावगी, शोभा सिंघानिया, स्नेहा पोद्दार, सरिता अग्रवाल, सुनीता मित्तल, आयुषी कटारूका, राजकुमार सिंघानिया, जयप्रकाश मित्तल, अमन बंसल, उमेश कामदार, रतन शर्मा, उत्कर्ष लोहिया, संकेत गाड़ोदिया, राजेश सिंह, शशि सिंह, सनाया चंदन चौधरी और अनेक श्याम भक्त शामिल हुए।

# झानेश होंगे नये मुख्य चुनाव आयुक्त



**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में हुई बैठक में अगले मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर ज्ञानेश कुमार के नाम पर मुहर लगी है। मौजूदा सीइसी के रिटायरमेंट के बाद वह पदभार ग्रहण करेंगे। राजीव कुमार 18 फरवरी को रिटायर हो रहे हैं। पीएम मोदी की अध्यक्षता हुई बैठक में गृह मंत्री अमित शाह और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी शामिल हुए। इसी पैनल की सिफारिश पर नये मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार नये मुख्य चुनाव आयुक्त के लिए 5 नामों की सूची दी गयी थी, लेकिन राहुल ने नामों पर विचार करने से इनकार कर दिया था। बैठक के बाद राहुल गांधी ने डिसेंट नोट जारी किया था। इसमें उन्होंने कहा था कि मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, इसलिए यह बैठक नहीं होनी चाहिए थी।

### दिल्ली भगदड़ के बाद झारखंड में अलर्ट

# प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर विशेष व्यवस्था




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस ने महाकुंभ मेले के मद्देनजर रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए एक व्यापक योजना तैयार की है। अपर पुलिस महानिदेशक संजय आनंदराव लाठकर ने सोमवार को एक समीक्षा बैठक की। इसमें यह निर्णय लिया गया कि रेलवे स्टेशनों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया जायेगा और सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की जायेगी। इसके अलावा, रेलवे स्टेशनों पर आपातकालीन सेवाओं की व्यवस्था भी की जायेगी। लाठकर ने कहा कि महाकुंभ मेले के दौरान बड़ी संख्या में यात्री रेलवे स्टेशनों पर आते हैं और हमारी प्राथमिकता उनकी सुरक्षा और सुविधा का ध्यान रखना है। अखिलेश झा प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक रांची, अमोल वेणुकांत होमकर पुलिस महानिरीक्षक, अभियान, नरेंद्र कुमार सिंह पुलिस महानिरीक्षक, रेल, प्रियदर्शी आलोक पुलिस उप-महानिरीक्षक, रेल, विजय आशीष कुजूर, पुलिस अधीक्षक, सीटीसी मुसाबनी भौतिक रूप से और तदाशा मिश्रा उपस्थित थीं।

# आंदोलन से मिला है झारखंड, युवा इसे संवारने में आगे आयें: अनुज सिन्हा

**अबुआ अधिकार मंच की विचार गोष्ठी संपन्न, हजारों युवाओं ने लिया हिस्सा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** वरिष्ठ पत्रकार और लेखक अनुज कुमार सिन्हा ने कहा कि लंबे संघर्ष, आंदोलन और शहादत से झारखंड अलग राज्य का गठन हुआ है। युवाओं को इसे संवारने और हर झारखंडी के हक-अधिकार को सुरक्षित और सुनिश्चित करने के लिए आगे आना होगा। युवा अपनी क्षमता और ऊर्जा का बेहतर उपयोग अपने भविष्य को संवारने के साथ-साथ झारखंड के सतत विकास में लगायें, यही झारखंड के शहीदों के प्रति सच्चा विश्वास और सम्मान होगा।

वे रांची के मैथन हॉल में अबुआ अधिकार मंच द्वारा आयोजित विचार गोष्ठी 'शहीदों का सपना और युवाओं की भागीदारी' में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।

**शहीदों के सपने को आत्मसात कर नेतृत्व करें युवा: प्रो विनय भरत**

कार्यक्रम में प्रो विनय भरत ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड शहीदों के बलिदान की देन है और इसे संवारने की जिम्मेदारी अब नयी पीढ़ी पर है।

**ज्वलंत मुद्दों को सुलझाने के लिए आगे आयें युवा: सरजीत मिर्धा**

झारखंड आंदोलन के प्रमुख सेनानी सरजीत मिर्धा ने झारखंड आंदोलन के दौरान अपने संघर्ष के अनुभव साझा किये और युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे राज्य के ज्वलंत मुद्दों को सुलझाने के लिए सकारात्मक पहल करें। उन्होंने कहा कि झारखंड के जल, जंगल, जमीन की रक्षा के साथ-साथ युवाओं को राज्य में शिक्षा और रोजगार के बेहतर अवसरों के लिए आवाज बुलंद करनी होगी।

**युवा अपने हिस्से का योगदान देने के लिए तत्पर हों: डॉ. रामानुजम**

इस अवसर पर डॉ रामानुजम ने भी अपने विचार रखते हुए युवाओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जब युवा झारखंड के शहीदों के संघर्ष को जानेंगे और पढ़ेंगे, तो वे स्वतः अपने राज्य के विकास और समस्याओं के समाधान में योगदान देने के लिए प्रेरित होंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए युवाओं को अपनी भूमिका तय करनी होगी।

**राजनीतिक दलों ने लड़ने भिड़ने वालों का केवल इस्तेमाल किया : घनश्याम मुंडा**

सभी राजनीतिक दलों ने लड़ने-भिड़ने वालों का केवल इस्तेमाल किया है। उन्हें ना राज्य से मतलब ना राज्यवासियों से। युवाओं को आगे आना होगा तो चुनावी भावना से ऊपर उठकर अपने अधिकार की लड़ाई लड़ें।

इस विचार गोष्ठी में हजारों की संख्या में युवा उपस्थित रहे और झारखंड के उज्ज्वल भविष्य के लिए संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से गौतम सिंह, नीरज वर्मा, घनश्याम मुंडा, विश्वास उरांव, नीतीश सिंह, अभिषेक शुक्ला, अभिषेक झा, अंशुतोष कुमार, विशाल यादव, गुलाबी मुंडा, नेहा महतो, अभिनाश उरांव, सुमित कुमार, मुदस्सर अंसारी, प्रेम, मनजीत, बीएस महतो, ऋषभ आनंद, मनजीत साहू, हरिओम महतो, प्रियांशु, राजकुमार, गुंचा कमर, रूफी, मनीषा, ईशा, सुशील, पंचम, साहिल, सिद्धांत, अमन, मुसाबिर, अंकित, राहुल, अदनान आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# विभागीय वेब पोर्टल की लांचिंग आज



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 18 फरवरी को डिपार्टमेंट ऑफ हायर एंड टेक्निकल एजुकेशन द्वारा विभागीय वेब पोर्टलों को लांच किया जा रहा है। साथ ही परामर्शक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन प्रोजेक्ट भवन धुर्वा के एनेक्सी भवन में आयोजित है। जिसमें रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा, कुलसचिव डॉ जीसी साहू डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू, साईंस डीन डॉ वंदना कुमारी, ह्युमेनिटी डीन डॉ अर्चना दुबे, डॉ बीके सिन्हा, डॉ पीके चौधरी, डॉ अमर कुमार चौधरी सहित 16 कॉलेजों के प्रिंसिपल एवं प्रो इंचार्ज और पदाधिकारी शामिल होंगे। यह सभी वेब पोर्टल नयी शिक्षा नीति 2020 के तहत झारखंड स्टूडेंट रिसर्च एंड इन्नोवेशन पॉलिसी 2025 के योजना का हिस्सा है।


**सार्वजनिक अधिसूचना**

दक्षिण पूर्व रेलवे के निम्नलिखित खंड के सम्पूर्ण हुए खंड पर स्थित रेलवे लाइनों तथा परिसरों के सभी उपयोगकर्ताओं को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि **दिनांक 20.02.2025** को या उसके बाद 25000 वोल्ट, 50 हर्ट्ज, एसी ओवरहेड ट्रैक्शन वायर ऊर्जित किया जायेगा। **दिनांक 20.02.2025** को तथा से ओवरहेड ट्रैक्शन लाइन को हमेशा के लिए ऊर्जित मान लिया जायेगा तथा कोई भी प्राधिकार रहित व्यक्ति उक्त ओवरहेड लाइन के नज़दीक नहीं जायेगा या उसके समीप कार्य नहीं करेगा। **स्विचिंग पोस्ट का नाम:** रांची मंडल के रांची (हटिया) से बंडामुंडा के बीच दोहरीकरण कार्य के सम्बन्ध में कानारोवां लोकेशन संख्या 526/6-526/7 पर नए सब-सेक्शनिंग तथा पैरलेलिंग पोस्ट (एसएसपी) सहित फीडर लाइन का ऊर्जितकरण। **रेलवे : दक्षिण पूर्व रेलवे। मंडल :** रांची। **ऊर्जितकरण की अनुमानित तारीख : 20.02.2025।**

(PR-1141)

मंडल विद्युत अभियंता (निर्माण), रांची

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा


# भाजपा ने राज्य सरकार से की मांग, परीक्षा में बुर्के पर प्रतिबंध लगायें

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** गिरिडीह जिला के जमुआ प्रखंड स्थित जेपीके कॉलेज भंडारों के केंद्राधीक्षक द्वारा एडमिट कार्ड मिलान करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता विजय चौरसिया ने राज्य सरकार से मांग की है कि राज्य में संचालित परीक्षाओं में बुर्के और हिजाब पर प्रतिबंध लगाया जाये। सोमवार को विजय चौरसिया ने गिरिडीह में एक प्रेस कांफ्रेंस कर मांग की है। उन्होंने राज्य सरकार को तुष्टीकरण से बाज आने की नसीहत भी दी। उन्होंने कहा कि परीक्षा में पारदर्शिता और सुचिता बरतने के लिए यह आवश्यक है। चौरसिया ने यह भी कहा कि राज्य सरकार को समुदाय विशेष को खुश रखने के लिए तुष्टीकरण की नीति नहीं अपनानी चाहिए। उन्होंने गिरिडीह के एक परीक्षा केंद्र में हुए बुर्का प्रकरण को लेकर जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। चौरसिया ने बताया कि ताजा मामला गिरिडीह जिला के जमुआ प्रखंड का है, यहां स्थित जेपीके कॉलेज भंडारों के केंद्राधीक्षक मिथिलेश कुमार मिश्रा को इसलिए केंद्राधीक्षक से हटा दिया गया चूंकि वे परीक्षार्थियों का उसके एडमिट कार्ड से मिलान चाहते थे। चौरसिया ने कहा कि बगैर किसी जांच के केंद्राधीक्षक को हटाना दुर्भाग्यपूर्ण है। जबकि इस पूरे घटनाक्रम में उक्त परीक्षा केंद्र के दो विक्षक सज्जाद अंसारी और मो असगर अंसारी के द्वारा घिनौनी साजिश रचने की बात सामने आयी है। चौरसिया ने बताया कि खोरीमहुआ एसडीएम के द्वारा गठित तीन सदस्यीय टीम जिसमें जमुआ बीडीओ, जमुआ बीइओ और जमुआ पंचायतीराज पदाधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में यह कहा है कि जेपीके कॉलेज भंडारों में केंद्राधीक्षक मिथिलेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में यहां परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से संचालित हैं। केंद्राधीक्षक के निर्देश पर परीक्षा देने आये सभी परीक्षार्थियों की पहचान कर ही परीक्षा कक्षों में प्रवेश दिया जा रहा था। तीन सदस्यीय रिपोर्ट में यह कहा गया है कि परीक्षा केंद्र में अपनी सेवा दे रहे दो विक्षक सज्जाद अंसारी और मो. असगर अंसारी ने साजिशन बच्चियों को बुर्का न हटाने को लेकर उकसाया बल्कि वो गलत तरीके से परीक्षा केंद्र में साथ लाये अपने मोबाइल से वीडियो बनाकर उसे वायरल भी किया। चौरसिया ने बताया कि रिपोर्ट में कहा गया है कि एडमिट कार्ड से परीक्षार्थियों के मिलान को लेकर किसी भी परीक्षार्थी या उनके अभिभावक से कोई शिकायत नहीं मिली है। श्री चौरसिया ने बताया कि खोरीमहुआ एसडीएम को समर्पित रिपोर्ट के अंत में टीम द्वारा उक्त दोनों साजिशकर्ता विक्षकों पर कार्रवाई की भी अनुशंसा की गयी है। चौरसिया ने कहा कि लेकिन आश्चर्य है कि दोषी और साजिशकर्ता विक्षकों पर कोई करवाई नहीं की गयी बल्कि अपने कर्तव्यों का झारखंड परीक्षा अधिनियम के तहत पालन कर रहे केंद्राधीक्षक को ही हटा दिया गया जो कि बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण कार्रवाई है।


**RANCHI UNIVERSITY RANCHI**

**TENDER EXTENSION NOTICE**

Due to inevitable circumstances tender invited for the total tent job on turnkey basis (PL/1336/25 dated 30.01.2025), for the **38th Convocation 2025** scheduled to held on **7th March 2025,** of Ranch University at Dikshant Mandap campus of Ranch University is extended as below with the same terms and condition.

1. Date of submission of tender **21/02/2025 till 2.00 PM** in the office of C.C.D.C.
2. Date of opening of tender **21/02/2025 at 3.00 PM** in the office chamber of C.C.D.C.

Detailed tender papers can be downloaded from Ranchi University **website: www.ranchiuniversity.ac.in.**

The undersigned reserved the right to accept or reject full/partial bid without assigning any reason thereof.

By order of the Vice Chancellor

Sd/-
Registrar
Ranchi University, Ranchi

Memo No. : PL/1340-43/25
Dated : 17.02.2025

# देर आये, दुरुस्त आये

को लंबे इंतजार के बाद आखिर कांग्रेस नेतृत्व ने संगठन में फेरबदल की कवायद को गति दी है। महाराष्ट्र में प्रदेश अध्यक्ष और विधायक दल के नेता के नामों का एलान हुआ, फिर दो महासचिवों सहित 13 राज्यों और चार केंद्र शासित क्षेत्रों के प्रभारियों की भी नियुक्ति की गयी। इस पहल ने बेशक पार्टी में उम्मीद पैदा की है, हालांकि इससे कई सवाल भी जुड़े हुए हैं।

**तैयार हुई भूमिका :** 2022 में हुए पार्टी के उदयपुर अधिवेशन के बाद संगठन में बड़े बदलाव लाने वाले फैसलों का इंतजार हो रहा था, लेकिन एक के बाद एक कई कारणों से यह कार्य टलता जा रहा था। आखिरकार तय किया गया कि साल 2025 में उदयपुर अधिवेशन में पारित प्रस्तावों पर अमल किया जायेगा। मल्लिकार्जुन खड़गे के बतौर अध्यक्ष कार्यभार संभालने के बाद इसकी भूमिका भी तैयार हो चुकी थी। इसलिए अब माना जा रहा है कि इस पहल को इसकी तार्किक परिणति तक पहुंचाया जायेगा।

**बदली प्राथमिकताओं का प्रभाव :** पिछले कुछ चुनावों में भले ही कांग्रेस को अपेक्षित चुनावी सफलता नहीं मिली, लेकिन राहुल गांधी की अगुआई में तय किये गये अजेंडे में एकरूपता रही है। खास कर, जाति जनगणना और दलितों-पिछड़ों एवं अनुसूचित जनजातियों की विभिन्न क्षेत्रों में कम नुमाइंदगी से जुड़े सवालों पर पार्टी का जोर लगातार बना रहा। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक था कि खुद कांग्रेस पार्टी इस मामले में क्यों पीछे खड़ी दिख रही है। इस लिहाज से यह महत्वपूर्ण है कि नये बदलावों के बाद अब पार्टी की सीनियर लीडरशिप का 70-75% हिस्सा ओबीसी, एसटी-एससी और माइनॉरिटी तबकों से आता है।

**आखिरकार तय किया गया कि साल 2025 में उदयपुर अधिवेशन में पारित प्रस्तावों पर अमल किया जायेगा। मल्लिकार्जुन खड़गे के बतौर अध्यक्ष कार्यभार संभालने के बाद इसकी भूमिका भी तैयार हो चुकी थी। इसलिए अब माना जा रहा है कि इस पहल को इसकी तार्किक परिणति तक पहुंचाया जायेगा।**

**परफॉरमेंस पर नजर :** लेकिन राजनीति में नुमाइंदगी के सवाल के साथ भी व्यावहारिकता की शर्त जुड़ी होती है। जाहिर है, ताजा नियुक्तियों को भी व्यावहारिकता की कसौटी पर खरा उतरना होगा। जैसा कि महाराष्ट्र में प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर हर्षवर्धन सपकाल के रूप में अपेक्षाकृत नया नाम देख कर शुरू हुए विवाद से भी स्पष्ट होता है। वहां कई बड़े नेता इस चयन पर आश्चर्य जता रहे हैं। हालांकि इसी वजह से नये अध्यक्ष के परफॉरमेंस को लेकर कोई राय बना लेना ठीक नहीं होगा। उनके पास वक्त है और देखना होगा कि वह इसका कैसा इस्तेमाल करते हैं।

**सशक्त विपक्ष की दरकार :** विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में कांग्रेस पर यह दायित्व है कि वह अपनी कमजोरियों को दूर कर लोगों के सामने ऐसा विकल्प पेश करे, जिससे दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और मजबूत हो।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**भारत टेक्स 2025 अत्याधुनिक तकनीकों, व्यावसायिक अवसरों और रणनीतिक साझेदारियों को सामने लाने के लिए तैयार है। यह दुनिया भर के हितधारकों के लिए एक समन्वय केंद्र के रूप में काम करेगा। भारत और विदेश के निमार्ता, निर्यातक, डिजाइनर और नीति निमार्ता विचारों का आदान-प्रदान करने और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक साथ मिलकर कार्य करेंगे। पारंपरिक हथकरघा से लेकर उन्नत तकनीकी वस्त्रों तक भारत की विविध वस्त्र पेशकशों को प्रदर्शित करने के लिए यह सबसे उपयुक्त मंच होगा।**

# भारत टेक्स 2025 भारतीय कपड़ा उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच

**मिथिलेश्वर ठाकुर**



भारतीय कपड़ा उद्योग हमेशा से देश की अर्थव्यवस्था, परंपरा, संस्कृति और विरासत की आधारशिला रहा है। यह कृषि के बाद सबसे ज्यादा रोजगार सृजन करने वाले क्षेत्रों में से एक है और भारत के सकल घरेलू उत्पाद और निर्यात में इसका महत्वपूर्ण योगदान है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में विशेष तौर पर वैश्विक बाजार में, कई कारणों से इसने अपनी क्षमता के अनुरूप प्रदर्शन नहीं किया। खासतौर पर भारतीय परिधान उद्योग, जो कपड़ा मूल्य श्रृंखला का सबसे महत्वपूर्ण घटक है, ने अनुभव किया कि वह महत्वपूर्ण बाजारों में टैरिफ लाभ लेने वाले कुछ कम विकसित और अल्प-विकसित देशों के समक्ष लागत प्रतिस्पर्धा की दौड़ में पिछड़ गया और इस तरह अपनी वास्तविक क्षमता के अनुरूप प्रगति नहीं कर पाया। इस बात को ध्यान में रखते हुए वैश्विक आयात पैटर्न के साथ उत्पाद की पेशकश को फिर से जोड़ने के लिए संपूर्ण पुनर्गठन और शीघ्र क्षमता वृद्धि की आवश्यकता थी।

सरकार की पीएलआइ और पीएममित्र पहलों द्वारा इसका काफी हद तक समाधान निकाला गया। आत्मविश्वास से परिपूर्ण उभरता भारत अपनी पूरी क्षमता के साथ आगे बढ़ने और पूरी ताकत झोंकने के लिए तैयार था। इसी दृष्टिकोण ने 2024 में भारत टेक्स के विचार को जन्म दिया।

**भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के प्रति आशान्वित है, इसलिए कपड़ा क्षेत्र इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।**

बहुत ही कम समय में भारत टेक्स एक परिवर्तनकारी मंच के रूप में सामने आया और वह नवाचार, सहयोग तथा वैश्विक पहुंच को बढ़ावा दे रहा है। इस प्रमुख आयोजन का दूसरा संस्करण भारत टेक्स 2025 इस विरासत को जारी रखने और भारत के कपड़ा क्षेत्र को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार है। फरवरी 2024 में आयोजित पहले भारत टेक्स की शानदार सफलता के साथ आगामी संस्करण अधिक व्यापक, बेहतर और ज्यादा प्रभावशाली होने का वादा करता है। आइए, जानें कि भारत टेक्स 2025 भारत के कपड़ा उद्योग के लिए कितना महत्वपूर्ण है।

भारत टेक्स 2025 अत्याधुनिक तकनीकों, व्यावसायिक अवसरों और रणनीतिक साझेदारियों को सामने लाने के लिए तैयार है। यह दुनिया भर के हितधारकों के लिए एक समन्वय केंद्र के रूप में काम करेगा। भारत और विदेश के निमार्ता, निर्यातक, डिजाइनर और नीति निमार्ता विचारों का आदान-प्रदान करने और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक साथ मिलकर कार्य करेंगे। पारंपरिक हथकरघा से लेकर उन्नत तकनीकी वस्त्रों तक भारत की विविध वस्त्र पेशकशों को प्रदर्शित करने के लिए यह सबसे उपयुक्त मंच होगा।

उच्च-स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडलों की उपस्थिति वैश्विक कपड़ा बाजार में एक विश्वसनीय, स्थिर और भरोसेमंद भागीदार के रूप में भारत की स्थिति को और मजबूत करेगी। इस आयोजन के दौरान किये गये समझौता ज्ञापन और रणनीतिक साझेदारी इस क्षेत्र में विदेशी निवेश, संयुक्त उपक्रम और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण में वृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेगी।

स्थायित्व, वैश्विक कपड़ा उद्योग में एक केंद्रीय विषय बन चुका है और भारत टेक्स 2025 पर्यावरण के अनुकूल कार्य प्रणालियों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। कस्तूरी कॉटन ब्रांड घरेलू जैविक कपास को बढ़ावा दे रहा है और यह भारत की दीर्घकालिक फाइबर खोज में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है तथा अपने पूरे वैभव और उत्साह के साथ इसको प्रदर्शित किया जायेगा। इस कार्यक्रम में जैविक कपड़े, पुनर्चक्रित सामग्री और ऊर्जा-कुशल उत्पादन तकनीकों सहित स्थायी नवाचारों को भी प्रदर्शित किया जायेगा। भारत टेक्स में हरित और भारत की डीकाबोर्नाइजेशन एवं शुद्ध शून्य उत्सर्जन पर राष्ट्रीय रणनीति निकटता से जुड़ी हुई है। जैसे-जैसे भारत उन्?नत और आवश्यक वस्त्रों में अपने नेतृत्व को आगे बढ़ा रहा है, सतत मंडप व्यवसायों को उनके संचालन और आपूर्ति श्रृंखलाओं में निरंतरता को एकीकृत करने के लिए एक प्रारूप प्रदान किया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान ज्ञान सत्र नीति समर्थन के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेंगे, जो उद्योग प्रमुखों और नीति निमार्ताओं को महत्वपूर्ण मुद्दों और विचारों पर चर्चा करने के लिए एक साथ लायेंगे। इस दौरान वैश्विक अनुपालन की उभरती जटिल वास्तुकला और लक्षित मार्ग दिखाने के तरीकों और साधनों पर भी विचार-विमर्श होगा।

इन चर्चाओं के मुख्य निष्कर्ष भविष्य की नीति रूपरेखाओं को प्रभावित करेंगे, जिससे लंबे समय में कपड़ा उद्योग को लाभ होगा। भारत टेक्स 2025 भारतीय कपड़ा निर्माताओं को न केवल नवीनतम वैश्विक रुझानों से अवगत होने के लिए प्रोत्साहित करेगा, बल्कि उन्हें दूसरों से आगे रहने में भी सहायता प्रदान करेगा।

जैसे-जैसे कपड़ा उद्योग 4.0 को अपना रहा है, भारत टेक्स अत्याधुनिक मशीनरी, स्मार्ट विनिर्माण समाधान और डिजिटल उपकरणों के प्रदर्शन के माध्यम से वस्त्रों के भविष्य को आकार देने में प्रौद्योगिकी की भूमिका को उजागर करेगा। फैशन पूवार्नुमान के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के लिए ब्लॉकचेन तकनीक के अलावा अन्य मुख्य आकर्षण होंगे।

भारत टेक्स 2025 भारतीय कपड़ा निर्यातकों को अंतरराष्ट्रीय खरीदारों और खुदरा विक्रेताओं से जुड़ने के लिए एक अद्वितीय मंच प्रदान करेगा। समर्पित बी2बी मैचमेकिंग सत्र और निर्यात-केंद्रित सेमिनार निर्यातकों को अपने उत्पादों को वैश्विक दर्शकों के सामने प्रदर्शित करने, गैर-पारंपरिक बाजारों के लिए दरवाजे खोलने और वर्तमान बाजारों का विस्तार करने में सक्षम बनाएंगे।

भारत टेक्स 2025 सबसे उपयुक्त रूप से मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड और वोकल फॉर लोकल और लोकल फॉर ग्लोबल के विचार को आत्मसात करते हुए आत्मनिर्भर भारत की सच्ची भावना को प्रदर्शित करता है।

भविष्य में भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के प्रति आशान्वित है, इसलिए कपड़ा क्षेत्र इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। भारत टेक्स 2025, अपने व्यापक एजेंडे और दृष्टिकोण के साथ, इस परिवर्तन का उत्प्रेरक साक्षी बनने और भारत को एक वैश्विक कपड़ा महाशक्ति के रूप में स्थापित करने के लिए तैयार है।

**(लेखक : परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एइपीसी) के महासचिव हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### उत्पाद अधीक्षक के निर्देश पर अवैध शराब के खिलाफ चला अभियान

# 700 किलो जावा नष्ट, 50 लीटर महुआ शराब जब्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के उत्पाद अधीक्षक सौरभ तिवारी के निर्देश पर जिले में अवैध शराब संचालन के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जारही है। सोमवार को विभाग के अवर निरीक्षक उत्पाद ने गुप्त सूचना के आधार पर आदित्यपुर अंचल की टीम के साथ आरआइटी थाना क्षेत्र में छापेमारी की। मौके पर टीम ने भुआ जंगल और पार्वतीपुर नदी किनारे अवैध शराब भट्ठी से 700 किलो जावा महुआ को नष्ट करते हुए 50 लीटर महुआ शराब को जब्त कर लिया। वहीं दोनो संचालकों को चिन्हित कर उनके खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज करने की तैयारी में जुट गये है। उत्पाद अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा जिले में अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जायेंगे। छापेमारी आगे भी जारी रहेगी। ताकि क्षेत्र को नशा मुक्त बनाया जा सके।

# कोल्हान प्रमंडल कांग्रेस समागम एक मार्च को

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के जिला स्तरीय तैयारी समिति की बैठक बिस्टुपुर तिलक पुस्तकालय आयोजित की गयी। सोमवार को जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिले के तमाम पदाधिकारी व सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्तागण मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने कहा प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के आह्वान पर अगामी 1 मार्च को चांडिल प्रखण्ड के बाडामटांड चावलीबासा में बृहत कोल्हान प्रमण्डल स्तरीय कांग्रेस समागम का विशाल आयोजन किया जायेगा। मौके पर हजारों हजार की संख्या में नेता व कार्यकर्तागण शामिल होंगे। उन्होंने सभी जिला उपाध्यक्ष, जिला महामंत्री, प्रखंड अध्यक्षों,मण्डल अध्यक्षों सहित सभी अग्रणी संगठन विभाग में सेवादल,महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयुआइ, अल्पसंख्यक विभाग, आदिवासी कांग्रेस, ओबीसी विभाग,अजा विभाग, आरटीआइ विभाग, एआईपीसी, विधि विभाग,किसान विभाग, इंटक, केकेसी, पंचायती राज को एक एक वाहन में कार्यकर्तागण के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुचने का निर्देश दिये। उन्होंने सेवादल के पदाधिकारीगण को ड्रेस कोड में शामिल होने के लिए आग्रह किया। उन्होंने कहा कार्यक्रम में शामिल होने वाले अतिथियों को कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय में आने के लिए आमंत्रित किया जायेगा। उन्होंने कहा जिला कांग्रेस कमिटी बैठकों में लगातार अनुपस्थित रहने वाले व निष्क्रिय पदाधिकारीगण को जल्द ही पदमुक्त किया जागा। श्री दुबे ने कहा अगामी 9 मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन जिला कांग्रेस कमिटी के द्वारा किया जायेगा। जिसमें तमाम कांग्रेस नेता और कार्यकर्तागण शामिल होंगे।

# प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर का 12 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के कीनन स्टेडियम में शहर के चर्चित 12 दिवसीय मीडिया कप (2025) टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया गया। सोमवार को प्रेस क्लब का जमशेदपुर के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के नेतृत में आयोजित उद्घाटन समारोह में जिले के डीसी अनन्य मित्तल, एसएसपी किशोर कौशल, टाटा स्टील यूएसआईएल के एमडी रितुराज सिन्हा, कारपोरेट कम्युनिकेशन के चीफ सर्वेश कुमार, हेड राजेश राजन,शहर के विख्यात समाजसेवी शेखर डे, इंटरनेशनल क्रिकेटर सौरभ तिवारी, पोटका विधायक संजीव सरदार, पूर्व राज्यपाल सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता समेत शहर के कई प्रतिष्ठित लोग शामिल हुए। मौके पर अतिथियों के द्वारा गुब्बारा उड़ाकर व बैटिंग और बोलिंग करते हुए मीडिया कप 2025 का शुभारंभ किया गया। सोमवार को प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के तत्वावधान में आयोजित पहले मैच में हुडको एकादश ने सुवर्णरेखा एकादश को दस विकेट से पराजित कर खिलाड़ियो का हौसला अफजाई की। जबकि सुवर्णरेखा एकादश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में चार विकेट पर 137 रनों का स्कोर खड़ा किया। रणधीर ने 28 गेंदों पर 38 रन, आनंद कुमार ने 28 गेंदो पर 28 रन जोड़े। शुभदर्शी को दो सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करते हुए हुडको एकादश ने बिना कोई विकेट खोए 11 ओवर में 138 रन बनाकर मैच जीत लिया। शुभदर्शी ने 31 गेंदो पर 62 रन और आशुतोष ने 33 गेंदो पर 61 रन बनाए। शुभदर्शी को मैन ऑफ दा मैच घोषित किया गया। दूसरे मैच में दलमा एकादश ने खरकई एकादश को 19 रनों से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए दलमा एकादश ने प्रसेनजीत के 33 गेंदो पर लगाए गए 51 रन और मधुसूदन के 14 गेंदों पर ताबडतोड़ 31 रनों की बदौलत 15 ओवर में पांच विकेट पर 146 रनों का स्कोर खड़ा किया। जबकि लक्ष्य का पीछा करते हुए खरकई एकादश की टीम ने 15 ओवर में छह विकेट पर 127 रन बनाया। खरकई एकादश की ओर से मो वसीम ने 33 गेंदो पर 53 रन और कप्तान मो अकबर ने 24 गेंदो पर 23 रन जोड़े। मौके पर शहर व ग्रामीण क्षेत्र से आये सैकड़ो पत्रकारों ने टूर्नामेंट का जमकर आनंद उठाया।

# झामुमो जिला संयोजक मंडली की बैठक, दो लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा पूर्वी सिंहभूम जिला संयोजक मंडली की एक महत्वपूर्ण बैठक कदमा शहीद निर्मल महतो सामुदायिक भवन में आयोजित की गयी। सोमवार को झामुमो जिला संयोजक मंडली के प्रमुख बाघराय मार्डी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिले के तमाम वरीय पदाधिकारी और सक्रिय कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। संयोजक मंडली की बैठक में पार्टी के विस्तार को लेकर चर्चा करते हुए सात प्रमुख्य बिंदुओं पर प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में सभी प्रखंड के लिए 2 निगरानी सदस्य, सभी पंचायत में10 संयोजक मंडली सदस्य,कम से कम 3 सक्रिय सदस्य बनाना सुनिश्चित किया गया। जिला संयोजक मंडली के द्वारा सभी सक्रिय सदस्य को सदस्यता आइडी कॉर्ड उपलब्ध कराया जायेगा। चुनाव में पार्टी विरोधी कार्य करने वाले के खिलाफ जिला संयोजक मंडली को लिखित देने को कहा गया। ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। प्रखंड संयोजक मंडली व पंचायत संयोजक मंडली के बैठक की सूचना जिला संयोजक मंडली के जिला सोशल मीडिया प्रभारी संदीप चक्रवर्ती को (9470918738) देना होगा। जिला संयोजक मंडली के द्वारा आगामी दो दिन के अंदर प्रखंड व नगर संयोजक मंडली की घोषणा की जायेगी। पूर्वी सिंहभूम जिले में दो लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया। बैठक का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन जिला संयोजक मंडली के सदस्य विद्यासागर दास के द्वारा किया गया। मौके पर मोहन कर्मकार, शेख बदरूद्दीन, प्रमोद लाल, राजू गिरी,पूर्व सांसद सुमन महतो,जिला परिषद चेयरमैन बारी मुर्मू, मनोज यादव, सागेन पूर्ति, चंद्रावती महतो, कमलजीत गिल, पवन सिंह, पिंटू दत्ता,महावीर मुर्मू, बबन राय,अजय रजक,अरुण प्रसाद, गोपाल महतो, घनश्याम महतो, लालटू महतो, नान्तु सरकार, माणिक मल्लिक,प्रलाद लोहरा, सुनील महतो, फैयाज खान, प्रीतम हेंब्रम,पिंटू लाल, अवतार सिंह सधू,खुद्दू उरांव, डोमन मांझी,बबलू चौधरी, मोहम्मद समद ,रमेश मुर्मू, सभी प्रखंड और नगर के अध्यक्ष, सचिव सहित झामुमो के सक्रिय कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# करंट लगने से मजदूर की मौत



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** बीते दिनों झारखंड बिजली वितरण निगम करनडीह का काम करने के दौरान मजदूर बोसेन हांसदा का करेंट लगने से मौत हो गयी। परिजन के अनुसार मजदूर बोसेन हांसदा हरहरगुटू क्षेत्र में बिजली ट्रांसफार्मर में काम करने के दौरान करंट लगने से घायल गया। तत्काल उन्हें टीएमएच में भर्ती कराया गया। लेकिन इलाज के दौरान घायल का मृत्यु होगया। सोमवार को जानकारी मिलने पर झामुमो नेता महाबीर मुर्मू ने ठेकेदार मैसर्स गीतराज इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि बबलू कुमार प्रधान, बिजली विभाग के एसडीओ देवाशिष पात्रा,मुखिया सुश्री मायावती टुडू व मृतक के परिजनों के साथ वार्ता की। वार्ता के दौरान मृतक के परिजन को आठ लाख पचास हजार मुआवजा देने पर सहमति बनी। बिजली विभाग से पचास हजार रुपये और गीतराज इंजीनियरिंग के तरफ से एक लाख का चेक मृतक के भाई रावते हांसदा को सौपा गया। बाकी के सात लाख चेक के माध्यम से दिया जायेगा। इस अवसर पर जगत मार्डी, मनोज नाहा, भीमसेन मुर्मू, दुर्गा प्रसाद हांसदा, रॉकी सिंह, लखन हांसदा, शंकौ मार्डी, राजू मार्डी, अशोक दास, रोहित रंजन, इन्द्रजीत महतो, दीपक सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम जीवन का हिस्सा है : अलखनाथ पांडेय

मझिआंव (आजाद सिपाही)। नपं क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध जेपी यादव लिटिल एंजेल पब्लिक स्कूल प्रबंधक की ओर से 10वां स्थापना दिवस विद्यालय परिसर में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ से मनाया गया। जिसका उद्घाटन क्षेत्र के विधायक सह मुख्य अतिथि नरेश प्रसाद सिंह और विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य धर्मेंद्र सिंह, आर के पब्लिक स्कूल के निदेशक अलखनाथ पांडे, निवर्तमान अध्यक्ष सुमित्रा देवी, सांसद प्रतिनिधि शोभा जयसवाल, युवा समाजसेवी मारुत नंदन सोनी एवं कांडी प्रमुख नारायण यादव ने किया। मौके पर अलखनाथ पांडे ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम एक जीवन का हिस्सा है। पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी सराहनीय योगदान अनिवार्य है। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य गीता, कांडी प्रमुख नारायण यादव, नवल किशोर यादव, अच्युतानंद, वीरेंद्र नाथ दुबे और विद्यालय के संचालक विजय यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

## सदर एसडीओ अधिकारियों की टीम लेकर पहुंचे पीवीटीजी गांव भदुआ

# आदिम जनजाति परिवारों के बीच चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने सोमवार दोपहर में अन्नराज डैम की परिधि में अवस्थित आदिम जनजाति गांव भदुआ का औचक दौरा किया। संजय कुमार अपने साथ विकास कार्यों और कल्याणकारी योजनाओं से जुड़े प्रखंड और पंचायत स्तरीय सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने साथ लेकर यहां पहुंचे हुए थे।

**कल्याणकारी योजनाओं का धरातलीय फीडबैक लिया:** एसडीओ ने यहां पहुंचकर आदिम जनजाति परिवारों के महिला-पुरुष एवं बुजुर्ग सदस्यों के साथ संवाद किया। उनसे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से मिल रहे लाभ के बारे में भी फीडबैक लिया। उन्होंने पेंशन, राशन कार्ड, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि के बारे में ग्रामीणों से विस्तार से जानकारी ली। अनुमंडल पदाधिकारी को अपने बीच पाकर गांव के लोगों को बहुत अच्छा लगा। जब उन्हें बताया गया कि उन्हें उपायुक्त महोदय ने उनके हाल-चाल लेने के लिए भेजा है तो सभी को और भी अधिक खुशी हुई। स्थानीय लोगों में शिव प्रसाद कोरवा, मुनेश्वर कोरवा, रामजी परहिया, चतुर नाथ कोरवा, मक्खन कोरवा आदि ने एसडीओ से कहा कि वे जिला प्रशासन को इस बात के लिए धन्यवाद देते हैं कि अन्नराज डैम में मछली पालन हेतु किए गए प्रशासनिक प्रयासों के चलते उनका गांव प्राथमिकता से लाभान्वित हो रहा है।

एसडीओ के पूछने पर आशा देवी कोरवा, सुमित्रा परहिया, रानी देवी कोरवा, सरिता परहिया आदि ने बताया कि उनके गांव दूरस्थ होने के बावजूद जरूरत पड़ने पर ममता वाहन यहां पहुंच जाती है, इसलिए उनके गांव में संस्थागत प्रसव को ही अपनाया जा रहा है।

**पेड़ों के नीचे चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं :** शत-प्रतिशत आदिम जनजाति समुदाय वाले 50 परिवारों के इस गांव की आबादी 254 है। पूरे गांव से संबंधित जन समस्याओं व मांगों को समझने के लिए एसडीओ ने गांव के ही एक पहाड़ीनुमा स्थल पर पेड़ों के नीचे चट्टानों पर बैठकर एक चौपाल लगायी और बारी-बारी से लोगों से बातचीत की।

स्थानीय महिला मानमती परहिया तथा रानी कोरवा ने पीडीएस वितरण संबंधी कुछ व्यावहारिक दिक्कतों के बारे में जानकारी दी, इस पर एसडीओ ने मौके पर मौजूद राशन डीलर नंदू राम को इसकी पुनरावृत्ति नहीं होने की चेतावनी दी। हालांकि डीलर ने बताया कि निर्धारित राशन ग्रामीणों के दरवाजे पर डाकिया योजना के तहत भेजवाया जाता है। पहुंचपथ तथा चबूतरा निर्माण को लेकर भी ग्रामीणों ने मांग रखी।

मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी के साथ इस भ्रमण में सदर बीडीओ कुमार नरेंद्र नारायण, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अजीत सिंह, फेलो ऋषिकेश, बीपीआरओ सुरेश चौधरी, राजस्व कर्मचारी गोविंद आर्या, सहायक अभियंता देवनाथ सिंह, कनीय अभियंता अरुण देव सिंह, मुखिया कौशल्या देवी, वीएलडब्लू भागीरथी रवि, कोऑर्डिनेटर सुमित कुमार पाठक, रोजगार सेवक विनेश कुमार सिंह, मेनका देवी, स्वयंसेवक चंद्रदेव लकड़ा, सेविका सरिता देवी, सहिया प्रतिमा देवी, वार्ड सदस्य बसंती देवी, पीडीएस डीलर नंदूराम, जेएसएलपीएस के विकास उरांव, राम लगन राम, यशोदा देवी आदि के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## मेराल में खुला ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम



मेराल (आजाद सिपाही)। बस स्टैंड स्थित वीरेंद्र प्रसाद के मकान में ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर शोरूम का उद्घाटन सोमवार को मुखिया रामसागर महतो, विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन, वीरेंद्र प्रसाद आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर मेराल शोरूम के प्रबंधक ने कहा कि ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर का यह शोरूम खुला है। इको फ्रेंडली इलेक्ट्रिक स्कूटर आज के समय की जरूरत है, यहां स्कूटर तथा बाइक के सभी मॉडल उपलब्ध है। इस मौके पर भाजपा नेता रितेश चौबे, अजय विश्वकर्मा, एनुअल अंसारी, आफताब आलम, राजू, उपेंद्र, सोनू सहित कई लोगों के साथ कंपनी के कर्मचारी मौजूद थे।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कांडी में कक्षा-6 के लिए नामांकन प्रारंभ



कांडी (आजाद सिपाही)। कांडी स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कांडी में कक्षा 6वीं हेतु नामांकन प्रारंभ हुआ है। इसकी जानकारी देते हुए विद्यालय की वार्डेन आर उषा कुमारी ने बताया कि सत्र 2025-26 हेतु कक्षा 6वीं तथा अन्य कक्षाओं के लिए नामांकन निःशुल्क रहेगा, छात्रवृति की सुविधा, खेल - कुद का प्रबंधन, करियर काउंसलिंग की सुविधा, आईसीटी लैब में कंप्यूटर की शिक्षा तथा उत्तम आवासीय व्यवस्था रहेगी। प्रचार प्रसार में विद्यालय अरुण केरकेट्टा, पूजा कुमारी मिश्रा, आशा कुमारी, सुषमा कुमारी, बसंत राम, श्रवण मेहता, मदन कुमार, हरद्वार मिश्रा, दिनेश राम और विनोद राम ने सहयोग किया।

## रणपुरा गांव में फाइलेरिया की दवा का वितरण



रंका (आजाद सिपाही)। जिले में 10 से 25 फरवरी तक चल रहे फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत रंका अनुमंडल के विभिन्न गांवों में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा फाइलेरिया की दवा का वितरण किया जा रहा है। इसी क्रम में रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ असजद अंसारी के नेतृत्व में चिनिया प्रखंड के रणपुरा गांव में ग्रामीणों को दवा दी गयी और फाइलेरिया से बचाव के उपायों की जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया एक परजीवी संक्रमण है, जो मच्छरों के काटने से फैलता है। यह बीमारी हाथी पांव (लाइंफेटिक फाइलेरियासिस) जैसी गंभीर समस्या पैदा कर सकती है, जिससे मरीज के अंगों में सूजन आ जाती है और वह स्थायी रूप से विकलांग भी हो सकता है। डॉ अंसारी ने ग्रामीणों से अपील की कि वे इस अभियान के तहत निःशुल्क दी जा रही दवा का सेवन जरूर करें। इसे खाली पेट न लें, बल्कि भोजन के बाद ही लें। स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव-गांव और घर-घर जाकर लोगों को दवा दे रही है, ताकि कोई भी व्यक्ति इस अभियान से वंचित न रहे। विशेष रूप से बच्चे, गर्भवती महिलाएं और गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोग इस दवा का सेवन न करें, लेकिन बाकी सभी को इसे जरूर लेना चाहिए।

# प्रशिक्षण लेकर अपने खेत से मधुमक्खी पालन शुरू कर स्वावलंबी बन सकते हैं किसान : डीएचओ

**वैज्ञानिक विधि से मधुमक्खी पालन के लिए 5 दिवसीय प्रशिक्षण का किया गया आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** जय माता दी मधुमक्खी पालक कल्याण समिति द्वारा जिले के किसानों के लिए पांच दिवसीय वैज्ञानिक विधि से मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जिला बागवानी अधिकारी (डीएचओ) शिवशंकर प्रसाद, समिति के अध्यक्ष गोरखनाथ साव, कोषाध्यक्ष सूरज प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए डीएचओ ने कहा कि जिला उद्यान कार्यालय गढ़वा द्वारा प्रायोजित बागवानी विकास उप योजना 'मधुमक्खी योजना की योजना' के अंतर्गत कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखंड सरकार के द्वारा चलाया जा रहा है। गढ़वा जिले के किसानों के लिए यह एक महत्वपूर्ण अवसर है, जहां उन्हें मधुमक्खी पालन से संबंधित तकनीकी ज्ञान और कौशल प्राप्त करने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण लेकर अपने खेत से ही मधुमक्खी पालन का काम शुरू कर स्वावलंबी बनने का यह सुनहरा अवसर है। प्रशिक्षक कृष्णा कुमार और सुनील कुमार द्वारा प्रशिक्षण में भाग ले रहे 13 किसानों को विस्तृत तकनीकी जानकारी देते हुए मधुमक्खी पालन के विभिन्न पहलुओं की जानकारी देते हुए मधुमक्खी पालन कर स्वावलंबी बनाने तथा अपनी आय में वृद्धि करने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षणार्थियों में शिवनाथ कुशवाहा, रामजीत मेहता, राजेश कुमार, बाबू लाल, मिथुन कुमार, रवीता देवी आदि शामिल हैं।

# नाबालिग युवती को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने संबंधी मामला दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता




**भवनाथपुर।** एक नाबालिग युवती को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाना और जान से मारने की धमकी देने को लेकर पीड़िता ने स्थानीय थाने में आवेदन देखकर आरोपी युवक के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मामला थाना क्षेत्र के सरईया गांव का है। थाना में दिए आवेदन में पीड़िता ने जिक्र किया है, कि सरईया निवासी आरोपी युवक रौशन कुमार पिता मनोज प्रसाद गुप्ता रविवार के दोपहर करीब साढ़े 12 बजे मेरे घर के तरफ आया और मुझे मिलने के लिए बुलाया जब मैं उससे मिलने के लिए इंकार की तो उसने जबरन मेरे घर में घुसकर मेरा हाथ पकड़ते हुए मुझे अपने साथ ले जाने की कोशिश करने लगा तो मेरे पापा देख लिए और आरोपी युवक को पकड़ लिया तथा इसकी सूचना थाना को दो मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर थाना ले गयी। उसने यह भी जिक्र किया है, कि आरोपी युवक रौशन कुमार उसके साथ पिछले एक वर्ष से शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक शोषण करता रहा, जब भी मैं उसे मना करती, तो वह मेरे साथ मारपीट करते हुए मुझे जान से मारकर फेंक देने की धमकी देता था। बताई कि रौशन दो माह पूर्व मेरे पापा को अपने पास बुलाकर अपने एक अन्य साथी अरविंद गुप्ता के साथ मिलकर मेरे पापा के साथ मारपीट किया था। कहा कि जब मैं स्कूल जाती हूं तो वह मेरा रास्ता रोककर मेरे साथ छेड़खानी करता है। उसकी इस कृत्य से तंग आकर मैंने थाना में उसके विरुद्ध लिखित आवेदन दी हूं। आवेदन के आलोक में पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए आरोपी को न्यायालय में सुपुर्द करते हुए लड़की को मेडिकल के लिए भेजा।

# विद्यालय प्रबंध समिति की लापरवाही के कारण 10 दिनों से मिड डे मील से वंचित हैं स्कूली बच्चे

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** शिक्षा विभाग की ढुलमुल रवैया और विद्यालय प्रबंध समिति के लापरवाही के कारण प्रखंड अंतर्गत बनसानी पंचायत के प्राथमिक विद्यालय रोहो में बिगत 8 फरवरी 2025 से मध्याह्न भोजन बंद है। इससे विद्यालय में अध्यनरत सभी छात्र छात्राएं 10 दिनों से मध्यान भोजन से वंचित है। स्कूल में बच्चों को मध्यान भोजन नहीं मिलने से स्थानीय शिक्षा विभाग और स्कूल प्रबंधन के खिलाफ लोगों में आक्रोश व्याप्त है। स्कूली छात्र सुचिता कुमारी, मधु कुमारी, नेहा कुमारी, अंजली कुमारी, सहदेव कुमार, अनुराग, अनमोल, प्रिंस कुमार ने कहा कि विद्यालय में मध्यान भोजन पिछले दस दिनों बंद है। स्कूल में मध्याह्न भोजन नहीं मिलने से सभी छात्र-छात्राओं को खाना खाने के लिए घर जाना पड़ रहा है, इससे बच्चों की पढ़ाई भी बाधित हो रही है। कहा कि पूर्व के प्रधानाध्यापक द्वारा हम लोगों को कभी भी अंडा नहीं जा है, जबकि उक्त विद्यालय में कुल सैकड़ों बच्चे नामांकित हैं। मध्याह्न भोजन बंद होने का कारण पूछने पर प्रभारी प्रधानाध्यापक विवेक सौरभ ने बताया कि पूर्व के प्रधानाध्यापक द्वारा मुझे प्रभार नहीं दिया गया है, इसके चलते मध्याह्न भोजन बंद है। प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुजीत साह से पूछे जाने पर कहा कि प्रभार आदान-प्रदान में उपजे विवाद के कारण विद्यालय में पिछले 8 फरवरी से मध्यान भोजन बंद है।

**क्या कहना है, शिक्षा विभाग के बीपीओ का**

इस संबंध में पूछे जाने पर बीपीओ रविंद्र कुमार मेहता ने कहा कि विद्यालय में मध्याह्न कब से किस कारण से बंद है, इसकी जानकारी मुझे नहीं है। मामले की जांच कर दोषी पर विभागीय कार्रवाई की जायेगी।

# मत्स्य पालन में गढ़वा जिला को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जिला मत्स्य पदाधिकारी को मिला निर्देश

**उपायुक्त की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की बैठक संपन्न**

**मत्स्य विभाग के 240 योजनाओं को सर्वसम्मति से किया गया पारित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भारत सरकार के आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत प्रधानमंती मत्स्य संपदा योजना 2020-2021 से 2024-25 तक कुल 5 वर्षों के लिए प्रारम्भ की गयी है। उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर की अध्यक्षता में योजनाओं के चयन हेतु डिस्ट्रिक्ट लेवल कमिटी में विगत वित्तीय वर्षों में मत्स्य पालन की विभिन्न योजनाएं जैसे मत्स्य हेचरी का अधिष्ठापन, इंसुलेटेड मत्स्य परिवहन वाहन, आइस बॉक्स के साथ मोटरसाइकिल, मत्स्य आहार उत्पादन हेतु फिड मिल इत्यादि कुल 31 योजनाओं का चयन किया गया था, जिसमें कुछ योजनाएं जैसे- बायोफ्लॉक में 5 इकाई में 7.5 लाख इकाई लागत का 60:40% अनुदान, स्मॉल इकाई लागत 7.5 लाख का 60% अनुदान पर 1 महिला लाभुक का चयन और मत्स्य विक्रय हेतु आइस बॉक्स के साथ मोटर-साइकिल 75000/- यूनिट कॉस्ट का 60:40 अनुदान पर कुल 7 लाभुकों का चयन आदि है। उपायुक्त सह अध्यक्ष डीएलसी गढ़वा के द्वारा केंद्र प्रयोजित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के सफल संचालन का निर्देश दिया गया। साथ ही योजना वर्तमान वित्तीय वर्ष में पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से धरती आभा जनजातिय उत्कर्ष अभियान प्रस्तावित अभियान में पूर्व चयनित ग्राम पंचायत में मत्स्य पालन करने वाले आदिम जनजाति समुदाय के लोगों को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के कंपोनेंट (अवयव) को आगामी वितीय वर्ष में समाहित करते हुए प्राप्त प्रस्ताव में विभिन्न योजनाओं को उपायुक्त गढ़वा डीएलसी में सर्वसम्मति से पारित किया गया। उक्त बैठक में अपर समाहर्ता, राज महेश्वरम, निदेशक उक्त्रऊअ रविश राज सिंह, कार्यपालक अभियंता जलपथ प्रमण्डल, गढ़वा, जिला कृषि पदाधिकारी शिवशंकर प्रसाद, अग्रणी बैंक प्रबंधक, गढ़वा, परियोजना समन्वयक कृषि विज्ञान केंद्र गढ़वा, जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह- मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी और मत्स्य पालक के प्रतिनिधिगण आदि उपस्थित थे।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, सिमडेगा**

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

गुमशुदा महिला मुस्कान खातुन, उम्र–करीब 24 वर्ष, पति–मो0 रफीक अंसारी उर्फ मिस्टर, सा0–खैरनटोली तालाब मोहल्ला, थाना–सिमडेगा, जिला–सिमडेगा के साथ उनके बच्चे सिदरा फातिमा, उम्र–करीब 03 वर्ष जो की दिनांक–29.01.2025 को अपने घर से साथ बच्ची को लेकर कहीं चली गई है, परन्तु अबतक कहीं पता नहीं चला है। जिनका विवरणी निम्नवत् है :–

(क) महिला का हुलिया :–लिंग–स्त्रीलिंग।
01.ऊँचाई–करीब 5 फीट 4 ईंच।
02.बाल–काला लम्बा
03.रंग–गेहूँआ
04.शरीर–सामान्य।
05.भाषा–हिन्दी।
(ख) साथ में लिये बच्चे का हुलिया :–
01. उम्र– 03 वर्ष
02. रंग– सांवली।



अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गुमशुदा महिला मुस्कान खातुन एवं साथ में लिये बच्चे सिदरा फातिमा के बारे में पता चलता है तो नीचे अंकित दूरभाष नम्बर पर अविलंब सूचित करेंगे।

पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा – मोबाइल नं0–9431116444
पुलिस उपाधीक्षक, (मु0) सिमडेगा – मोबाइल नं0–9431706227
थाना प्रभारी, सिमडेगा – मोबाइल नं0–9431706231
पुलिस नियंत्रण कक्ष, सिमडेगा – मोबाइल नं0–9262998531
मानव तस्करी संबंधी टोल फ्री नं0 – मोबाइल नं0–1800–3456–256

पुलिस अधीक्षक
सिमडेगा

PR 346544 Simdega (24-25)_D


# लहरहा टोला के लोगों को मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ, मुख्यधारा से जोड़ा जायेगा

**खबर का असर** 'आजाद सिपाही' अखबार ने इस गांव के लोगों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया था

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** प्रखंड के अंतर्गत आदिम जनजाति बहुल लहराहा टोला में सरकारी सुविधाओं से वंचित होने, वहां की बदहाल स्थिति और सरकारी योजनाओं के अभाव को आजाद सिपाही अखबार ने उजागर किया गया था। जिससे प्रशासन हरकत में आया। उपायुक्त के निर्देश पर प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) नंदजी राम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की। जिसमें स्वास्थ्य विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, पीएचईडी, अंचल कार्यालय, आवास, मनरेगा, शिक्षा विभाग और सीडीपीओ के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में बीडीओ ने विभागवार टोला में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की अद्यतन स्थिति का जायजा लेते हुए सभी विभाग के कर्मियों को निर्देशित किया कि आदिम जनजाति परिवार को मुख्य धारा में जोड़ने वाली संचालित सरकार की योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ दिलाना ही बैठक का मुख्य उदेश्य है। उन्होंने इसमें लापरवाही बरतने वाले कर्मियों पर कार्रवाई करने की भी बात कही। बीडीओ ने निर्देश दिया कि मंगलवार को सभी विभागों की एक टीम लहराहा टोला का दौरा कर सर्वेक्षण का कार्य करेगी, और सरकारी योजनाओं से वंचित परिवारों को योजनाओं के लाभ से वंचित परिवारों को योजनाओं का लाभ दिलाया जायेगा। बीडीओ नंदजी राम ने चिकित्सा प्रभारी दिनेश सिंह से टीवी मरीजों की जानकारी ली चिकित्सा पदाधिकारी नें बताया प्रखंड के तीन पंचायत टीवी मुक्त हो चुके हैं। लहराहा में आदिम जनजाति के लोगों को आयुष्मान कार्ड बनाने का आदेश दिया। वहीं पशुपालन विभाग द्वारा पशुधन योजना का लाभ नहीं दिये जाने पर फटकार लगायी। अंचल के सीआई इंतखाब आलम को सीएफआर के तहत लहराहा में खेल मैदान चिन्हित करने का आदेश दिया। समीक्षा बैठक में सीएचसी प्रभारी दिनेश कुमार, अनुप कुमार, अंचल के प्रभारी सीआई इंतखाब आलम, कर्मचारी गौरव आनंद, बीपीओ रविंद्र मेहता, प्रभारी कृषि पदाधिकारी राजगीर राम, पर्यवेक्षिका रंजना यादव, रंजीत सिंह, आवास प्रखंड कौडिनेटर अशोक कुमार, पंकज कुमार आदि शामिल थे।



**आदिम जनजाति आज भी अपने उत्थान के लिए कर रही संघर्ष**

विमलेश कुमार

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। आदिम जनजाति के सामाजिक उत्थान के लिए सरकारी स्तर पर लाख दावा किया जाय, मगर आदिम जनजाति आज भी अपने उत्थान और जीविकोपार्जन के लिए संघर्ष कर रही है। भवनाथपुर प्रखंड मुख्यालय से महज 8 किमी दूर अरसली उत्तरी पंचायत के आदिम जनजाति बहुल लहराहा टोला आजादी के कई दशकों के बाद भी आज मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। गरीबी व बदहाली के आलम में गुजर कर रहे लहराहा टोला के ये आदिम जनजाति के लोगों के बीच समुचित रूप से सड़क, पानी और रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है। करीब 50 घरों के दो सौ की आबादी वाला इस टोला की विकास का अंदाजा इस बात से ही भी लगाया जा सकता है, कि इतनी बड़ी आबादी है, परंतु आज भी वे लोग तालाब का पानी पीने को मजबूर है। टोला गांव में लगा हुआ जल मीनार भी कई वर्षों से खराब पड़ा हुआ है। गांव तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क तक नहीं है। पंचायत के पूर्व मुखिया द्वारा मनरेगा योजना के तहत टाउनशिप से लहराहा तक डेढ़ किमी मिट्टी मोरम पथ बनवाया लेकिन वह भी अधूरा रहा। गांव में मुख्य सड़क नहीं होने के कारण कोई भी सरकारी अधिकारी पदाधिकारी आना नही चाहते है। रोजगार का तो पहले से ही टोटा लगा है। आदिम जनजाति के लोग जीविकोपार्जन के लिए पूर्ण रूप से जंगल पर निर्भर है। गांव में एक उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय के अलावे एक आंगनवाड़ी केंद्र जरूर है, किंतु यह आंगनवाड़ी केंद्र झुमरी टोला में चलता है। जागरूकता के अभाव में वहां के बच्चे पठन-पाठन का समुचित लाभ नहीं उठा पाते। आदिम जनजाति परिवारों के अशिक्षित रहने व जागरूकता के अभाव में कुछ लोग इसका लाभ भी उठा लेते हैं। टोला के लोग मुखर होकर अपनी हक व अधिकार की मांग भी नहीं कर पाते। इसका अंदाजा इसी बात से किया जा सकता है, कि पहले इस बिरहोर टोला में आवास निर्माण तो जरूर हुआ किंतु उसमें अनियमितता बरती गई। आज भी कुछ लोग सरकारी पेंशन से दूर है। गांव के रामप्रीत कोरवा, उपेंद्र कोरवा, नंदकिशोर कोरवा, सुरेंद्र, ब्रह्मदेव, महेंद्र, विठल, सुरेश, लल्लू, अंबिका, नरेश कोरवा, कवलपतिया कुंवर, सुवचनी देवी, शांति देवी, कमला देवी सहित कई लोगों बताया की झारखंड राज्य अलग होने के बाद आस जगी थी, कि हम आदिम जनजातियों को सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधा के साथ साथ पेयजल और सरकारी योजनों का लाभ मिलेगा। परंतु जनप्रतिनिधियों और सरकारी अधिकारियों के अपेक्षा के कारण एक रत्ती भी विकास नहीं हुआ।

जानते चलें कि वर्ष 2009-10 में तात्कालिक पुलिस अधीक्षक रिचर्ड लकड़ा ने इस लहराहा गांव को गोद लिया था। जहां उनके द्वारा तालाब का निर्माण करवाया था और सेल गेस्ट हाउस टाउनशिप से लहराहा तक जेसीबी लगवा कर सड़क बनवाने का काम किया था।


**JHARKHAND INDUSTRIAL INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LTD.**
**(A GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING)**
**Office of the M.D., JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi- 834001**

Letter no. 89 Dated:17.02.2025

**SHORT NOTICE INVITING TENDER, NIT NO. JIIDCO/25/2024-25**

Sealed tenders are invited, on Item rate basis from the registered contractors in appropriate class in Building Construction Department (BCD) or any Department, Government of Jharkhand and similar nature of work for the work as given below:

| Sl. no. | Name of work | Estimated cost (Rs.) | Earnest money (Rs.) | Cost of tender fee (Rs.) (Nonrefundable) Including 18% GST | Class of Contractor | Time of completion (In days) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | Construction of CFC building for manthan yuva sansthan, berwari, pandu, Palamu (blanket & dari weaving). | 11,99,550.00 | 24,000.00 | 2,950.00 | III | 90 days |
| 02 | Construction of CFC building for kamalkediya furniture udyog, kamalkediya, tarhasi, Palamu (wood craft). | 11,99,550.00 | 24,000.00 | 2,950.00 | III | 90 days |
| 03 | Construction of CFC building for Shree agroforest samiti, sidroll, Namkum (Lac bangle). | 11,99,550.00 | 24,000.00 | 2,950.00 | III | 90 days |
| 04 | Construction of CFC building for Gyan Vigyan samiti, Jharkhand, gharari, devri, Giridih (sal patta leaf plate & Katori). | 11,99,550.00 | 24,000.00 | 2,950.00 | III | 90 days |

a. Tender documents can be purchased from the office of M. D., JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi-834001on payment of requisite cost of documents in shape of D.D. in favour of JIIDCO, payable at Ranchi during working hours on dated 25.02.2025
b. Tender will be received on 27.02.2025 till 3:00 P.M.
c. Tender will be opened on 27.02.2025 at 3:30 P.M. in presence of tenderer or his authorized representative.
d. The estimated cost mentioned above in sl. No.1 column no. 3 is approximate which may be increased or decreased.

**Note: For any information/complaints the department helpline no/Mobile no. 7004785102 may be contacted.**

Sd/-
Executive Engineer
JIIDCO, Ranchi

PR 346623 Jharkhand Industrial Infrastructure Dev Co Ltd (24-25)_D

## रैयत विस्थापितों ने की मुआवजा और पुनर्वास देने की मांग



**खलारी (आजाद सिपाही)।** तुमांग ढुब पेटपेट के रैयत विस्थापित की बैठक ढुब देवी मंडप परिसर में हुई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व मुखिया मुकद्दर लोहरा ने किया। बैठक तुमांग ढुब पेटपेट के रैयत विस्थापित की समस्याओं को लेकर चर्चा की गयी। बैठक में कहा गया की रोहिणी परियोजना विस्तारीकरण के दौरान घरों के काफी नजदीक में खदान पहुच गया है, जबकि पूर्व में प्रबंधन के द्वारा कहा गया था कि सौ मीटर के दायरे में ही खदान चलाया जायेगा और कंट्रोल ब्लास्टिग होगा जिससे खदान के नजदीक बस्ती के घरों में कोई क्षति नही होगा, लेकिन अब खदान नजदीक और ब्लास्टिंग हेवी होने से घरों में भी दरार पड़ने लगी है। जिससे ग्रामीणो में काफी आक्रोश व्याप्त है। प्रबंधन के द्वारा पूर्व में हुई ब्लास्टिंग से हुई क्षतिग्रस्त घरों के मुआवजा दे।वही इसके बाद हेवी ब्लास्टिंग से किसी तरह के क्षति होने पर खदान का काम बंद कराने की बात कही गयी। साथ ही घरों का मुआवजा जल्द देने तथा ग्रामीणो के द्वारा चिन्हित गांव अगरवा में पुनर्वास की व्यवस्था करने की मांग की गयी। पुनर्वास को लेकर ग्रामीणों के द्वारा एक मांग पत्र जल्द प्रबंधन को सौंपा जायेगा। बैठक में अमृत भोगता,लहसन भोगता, रामेश्वर भोगता, राजेंदर भोगता, उमेश लोहरा, सूरज लोहरा, छोटन भोगता ,शिवनाथ भोगता, बीफा भोगता, रवि गंझू, टिक्सर गंझू, संतोष गंझू, बिनोद गंझू, महेंदर गंझू, छोटू गंझू, संतोष राम, मरखंडये मेहता, रिझु गंझू आदि उपस्थित थे।

## विधायक के प्रयास से लगा चापानल ग्रामीणों ने उनका आभार जताया



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे रनियां प्रखंड की जयपुर पंचायत के जापुद जानुमटोली गांव के लोगों के चेहरे पर उस समय मुस्कान लौट आई, जब सोमवार को गांव वालों ने सामूहिक रूप से नये चापानल का उद्घाटन किया और इसके लिए विधायक सुदीप गुड़िया का आभार व्यक्त किया। कुछ दिन पहले ही विधायक ने इस गांव का दौरा किया था, और ग्रामीणों ने उनके समक्ष गुंभीर जल संकट का मामला उठाया था। तब विधायक ने आश्वस्त किया था कि बहुत जल्द गांव में नया चापानल लग जायेगा। विधायक के प्रयास से नया चापानल लग गया और उसका उद्घाटन भी हो गया। अब गांव के लोगों को पीने का स्वच्छ पानी मिलने लगा। इससे गांव वालों में काफी खुशी है और उन्होंने सुदीप गुड़िया को इस के लिए धन्यवाद दिया। चापानल के उद्घाटन के मौके पर कर्म सिंह मुंडा, खुदिया मुंडा, कमल कंडुलना, वीणा कंडुलना, मीना कंडुलना, असाब कंडुलना झामुमो के रनिया प्रखंड सोशल मीडिया प्रभारी दीपक भुईयां सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## कांग्रेस कार्यकर्ता का निधन, सांसद सहित कई लोगों ने जतायी संवेदना



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** सड़क दुघटना में गंभीर रूप से घायल खूंटी जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ कार्यकर्ता फुदी गांव निवासी अनुज जोजो की सोमवार को इलाज के दौरान रिम्स में मौत हो गयी। अनुज जोजो निधन की खबर मिलते ही अभिभावक कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ गयी। शोक व्यक्त करते हुए सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा जब भी अनुज जोजो मिलते थे, काफी गर्मजोशी से मिलते थे। उनके निधन से कांग्रेस को काफी क्षति हुई है। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि अनुज जोजो जैसा कार्यकर्ता बहुत मुश्किल से मिलते हैं। वे काफी मृदुभाषी मिलनसार और शांत स्वभाव के थे और संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी से कभी भागते नहीं थे। जोजो के निधन पर प्रदेश सचिव सह जिला सांसद प्रतिनिधि पीटर मुंडू, सहकारिता विभाग के प्रदेश महासचिव नइमुद्दीन खान, पूर्व जिला अध्यक्ष रामकृष्ण चौधरी, आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष विलसन तोपनो, जिला प्रवक्ता रविकांत मिश्रा, सुशील सांगा, फुलचंद टूटी, रोंबा गुड़िया, जुलियस कंडुलना आदि शामिल हैं।

## बिरसा कॉलेज खूंटी के मुंडारी विभाग में शिक्षक-छात्र-अभिभावक की वार्षिक बैठक



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** बिरसा कॉलेज खूंटी के मुंडारी विभाग में शिक्षक-छात्र अभिभावक वार्षिक बैठक सोमवार को संपन्न हुई। इस अवसर पर बीए और एमए के विद्यार्थी और उनके अभिभावकों के साथ बिरसा कॉलेज खूंटी की प्राचार्या जीके किड़ोम और मुंडारी विभाग के शिक्षक उपस्थित थे। इस अवसर पर सर्वप्रथम बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और पारंपरिक तरीके से नृत्य संगीत के साथ अभिभावकों का स्वागत किया गया। अभिभावकों को विद्यार्थियों द्वारा चंदन के टीके लगाये गये। तत्पश्चात उन्हें सम्मान पूर्वक मल्टीपरपस हॉल में बैठाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अभिभावकों के स्वागत में विद्यार्थियों द्वारा गोवारी दुरंग एवं स्वागत गीत गाये गये। अभिभावकों का स्वागत करते हुए विभाग की अध्यक्ष सहायक प्राध्यापिका सावित्री कुमारी ने कहा कि अभिभावकों को अपने बच्चों के शैक्षणिक गतिविधियों को जानने के लिए समय-समय पर कॉलेज आने की जरूरत है। कॉलेज की प्राभारी प्राचार्या जीके किड़ो ने अभिभावक मीटिंग की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावकों के सुझाव की भी जरूरत है। इस कार्यक्रम को इसी कड़ी से जोड़कर देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी परंपरा भाषा, साहित्य एवं संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन में अपना योगदान देने की जरूरत है। अभिभावकों को अपनी पीढ़ी को इसे हस्तांतरित करनी चाहिए। प्राचार्या ने अभिभावकों से कहा कि अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए खेती के साथ-साथ दूसरे कृषि से संबंधित व्यवसाय को भी अपनाने की जरूरत है। मुंडारी विभाग के सहायक प्राध्यापिका इंदिरा कोनगाड़ी ने नयी शिक्षा नीति और पाठ्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। सहायक प्रोफेसर काली मुंडू ने शिक्षा और रोजगार पर प्रकाश डाला। सहायक प्रोफेसर वासुदेव हास्सा और नागपुरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ कॉर्नेलियुस मिंज ने भी अपने विचार रखें। अभिभावकों में साहू हांसदा गाब्रोर मुंडू एवं एसएस स्कूल के भूतपूर्व प्रधानाध्यापिका रानी टूटी ने भी अपने विचार रखें। इस कार्यक्रम में नागपुरी विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ अंजुलता कुमारी, सुनीता टोप्पो और मुण्डारी विभाग के सैकड़ो विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ सिजरेन सुरीन ने किया।

# 15 लाख रुपये की लूट करनेवाले गिरोह की कार पुलिस ने जब्त की

आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातू।** पुरुलिया जिले के बागमुंडी थाना अंतर्गत सुईसा ओपी के नावाडीह गांव के रेलवे फाटक के समीप मवेशी व्यापारियों से 15 लाख रुपये की लूटपाट करने के बाद भाग रहे गिरोह की कार को सोनाहातू पुलिस ने जब्त किया है। ग्रामीणों के अनुसार सोनाहातू थाना क्षेत्र के टांगटांग गांव के डोमड़ा नदी के समीप सोमवार दिन के चार बजे के आस-पास सफेद कार से उतरकर 5 लोग जंगल की ओर भाग रहे थे। मामले को संदिग्ध समझते हुए तत्काल पुलिस को सूचना दिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। तब तक काफी संख्या में ग्रामीण कार को घेर लिया था। बंगाल में लूट कर के भाग रहे गिरोह का कार सतिया में फंस गया, जिस कारण उन्हें मजबूरन में कार को छोड़कर भागना पड़ा। इस संबंध में डीएसपी बुंडू ओम प्रकाश ने बताया कि सुइसा ओपी के नावाडीह गांव के समीप मवेशी व्यापारियों से15 लाख रुपये की लूट करने के बाद भाग रहे गिरोह की स्विफ्ट डिजायर कार जेएच 05 डी क्यू 8866 को ग्रामीणों के सूचना पर जब्त किया गया है। मामले की छानबीन किया जा रहा है। ज्ञात हो कि 7 फरवरी को डांगडुंग पुल के समीप हथियार दिखा कर मवेशी व्यापारियों से 7 लाख 85 की लूट हुई थी।




## सिल्ली के खिलाड़ियों में अपार प्रतिभा : देवेंद्र महतो



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड लोवादाग पंचायत पोटका मैदान में एकदिवसीय फुटबॉल खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जेएलकेएम केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ महतो ने प्रथम विजेता टीम हिमेश सपोर्टिंग क्लब और उपविजेता टीम महादानी एफ सी बिसरिया टीम को पुरस्कृत करते हुए संबोधन में कहा कि सिल्ली विधान सभा क्षेत्र के युवा अपना नव ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग कर खूब शारीरिक परिश्रम करते हैं, खिलाड़ियों में अपार प्रतिभा है बशर्ते खिलाड़ियों को उचित मार्गदर्शन करने की आवश्यकता है। उन्होंने संबोधन में कहा कि खेल के मैदान से अनुशासन तरीके से टीम में मिलजुल कर टीमवर्क कर सपना को साकार करने सीखते हैं। इसीलिए आज के युवाओं को ऑनलाइन गेमिंग फ्री फायर, पॉपजी जैसे खेल बाहर निकलकर शारीरिक खेल खेलना होगा, ताकि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बना रहे।

## अधिक से अधिक लोगों को झामुमो से जोड़ें : सुदीप गुड़िया



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि किसी भी संगठन की शक्ति उसके कार्यकर्ता ही हैं। संगठन से जितने अधिक लोग जुड़ेंगे, वह संगठन उतना ही मजबूत होगा। आप का भी दायित्व है कि अधिक से अधिक लोगों को झामुमो से जोड़ें और इससे मजबूत बनायें। विधायक सोमवार को तोरपा प्रखंड की मरचा पंचायत के तुरीगाड़ा गांव में झामुमो के सदस्यता अभियान को संबोधित कर रहे थे। सदस्यता अभियान के दौरान कई लोगों पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर विधायक ने कहा कि आप लोगों के आशीर्वाद से मैं विधायक बना हूं और अपकी हर समस्या के समाधान का प्रयास करूंगा। कभी भी कोई समस्या हो, मुझे सूचना दें, अपकी समस्या का निराकरण होगा। मौके पर झामुमो संयोजक मंडली के सदस्य रूबेन टोपनो, सुरेंद्र, अमरदीप आदि उपस्थित थे। बाद में विधायक ने एसपीजी मध्य विद्यालय तुरीगाड़ा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कुछ देर बच्चों को पढ़ाया भी।

## सामुदायिक पुलिसिंग के तहत शहीद जवान मनोज बाखला की याद में हॉकी प्रतियोगिता



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** कर्रा प्रखंड के कच्चाबारी, महुआ टोली मैदान में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत सोमवार को शहीद जवान मनोज बाखला की याद में हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में आठ टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच सोमवार को को खेला गया। फाइनल मैच में साकेटोली की टीम ने बिनगांव की टीम को 3-1 के अंतर से पराजिक कर दिया। विजेता टीम को हॉकी स्टिक तथा उपविजेता टीम को जर्सी गई। मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक तोरपा ख्रिस्टोफर केरकेट्टा ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कार प्रदान किये। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ख्रिस्टोफर केरकेट्टा ने कहा कि खेलकूद से समाज में सदभावना बढ़ती है। मौके पर मनोज बाखला के पिता लछू बाखला और माता, कर्रा थाना प्रभारी मनीष कुमार, समाजसेवी हाबिल कच्छप, संत अन्ना हाई स्कूल के शिक्षक क्रिस्तोफर टोप्पो आदि उपस्थित थे।

## कुसुम टोला में मनायी वीर बुधु भगत की जयंती



**खलारी (आजाद सिपाही)।** वीर बुधु भगत बिरसा मुंडा आदिवासी समिति के द्वारा कुसुमटोला में वीर बुधु भगत की जयंती मनायी गयी। पाहन बाजे उरांव ने पूरे परंपरिक तरीके से पूजा अर्चना किया। उंसके बाद विधायक सुरेश बैठा ने वीर बुधु भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वही अन्य अतिथियों ने भी बारी बारी से पुष्प अर्पित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांके विधायक सुरेश बैठा और विशिष्ट अतिथि समाजसेवी नीरज भोगता,शमीम बड़ेहार, मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी, विधायक प्रतिनिधि मोनू रजक, मुखिया सरिता देवी, शोभा कुजूर, रीता बारला, महेश बांडों, बुधन उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे। समारोह को विधायक सुरेश बैठा ने संबोधित करते हुए कहा झारखंड वीरों की धरती है। यहां अनेकों महापुरुषों ने जन्म लिया है उन्ही में से वीर बुधु भगत ने अग्रेजो के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उन्होंने अंग्रेजो के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फूंकने का काम किया। नीरज भोगता ने कहा कि वीर बुधु भगत ने जो संघर्ष का रास्ता दिखाया है उस पर चलने की जरूरत है। साथ ही शिक्षा के माध्यम से ही समाज का विकास संभव है।कार्यक्रम को अब्दुल्ला अंसारी, रंथू उरांव, महेश बांडों, मुखिया सरिता देवी,शोभा कुजूर,महेंद्र उरांव, अर्जुन गंझू, बंधन उरांव, बालेश्वर उरांव सहित कई लोगों ने संबोधित किया। विधायक को समिति के द्वारा समस्यायों को लेकर एक मांग पत्र भी सौंपा गया है। इस मौके पर देवपाल मुंडा, बहुरा मुंडा, कंहाई पासी,तनवीर आलम ,राजेश सिंह मिंटू,साबिर अंसारी, रमेशर भोगता, विजय उरांव, देवनाथ उरांव, धनराज भोगता, रंथि उराईन, रीता, सुनीता, संगीता, सीतामणी, सुचिता, अंजू देवी, प्रियंका देवी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## जनता मजदूर संघ और चुरी प्रबंधन के बीच एजेंडा मीटिंग आयोजित की गयी



**खलारी (आजाद सिपाही)।** जनता मजदूर संघ और चूरी परियोजना प्रबंधन के बीच सोमवार को एजेंडा मीटिंग किया गया। जिसमे संघ के द्वारा दिये गये 12 सूत्री मांगों को लेकर एक मीटिंग हुई। मीटिंग में सारे मुद्दे पर सहमति बनी है। वही इंसेंटिव के मुद्दा पर सहमति नहीं बनी जिस पर परियोजना पदाधिकारी के द्वारा कहा गया की यह मुद्दा को लेकर काफी प्रयास किया गया है। इसलिए इस मुद्दे को क्षेत्रीय कार्यालय को भेज दिया गया। इस मीटिंग में परियोजना पदाधिकारी अनुज कुमार, कार्मिक प्रबंधक आलोक जोजावर और यूनियन के तरफ से एरिया अध्यक्ष गोल्डन प्रसाद यादव , सचिव डीपी सिंह परियोजना सचिव तपेश्वर कुमार यादव ,विकास कुमार महतो, भवन भुइयां ,सुनील कुमार विकास वर्मा, रवैल सिंह, संजय कुमार ,अजीत कुमार ,अर्जुन यादव इत्यादि लोग मौजूद थे।

## शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने में मुखियाओं की भागीदारी जरूरी: उपायुक्त



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** झारखंड शिक्षा परियोजना, खूंटी के तत्वावधान मे सोमवार को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय, खूंटी के सभागार में जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन 2025 का आयोजन किया गया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य पंचायत स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देना और समाज में शिक्षा के स्तर को सशक्त बनाने को लेकर चर्चा करना था। सम्मेलन का शुभारंभ उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने उपस्थित जन प्रतिनिधियों के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। पायुक्त ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए पंचायत स्तर पर मुखिया समेत सभी स्थानीय जन प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। पंचायत के मुखिया विद्यालयों के सही संचालन पर विशेष निगरानी रखे, वह प्रखंड स्तर पर आयोजित विद्यालय प्रबंधन समिति के बैठक में भी भाग लें।

# उत्पाद पुलिस ने चलाया अवैध शराब चेकिंग अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातू।** पुलिस विभाग ने राहे थाना अंतर्गत नुरू नावाडीह, डूमरडीह और सोनाहातु थाना अंतर्गत चनाकी में अवैध शराब के खिलाफ सघन छापामारी की। इस छापामारी के दौरान उत्पाद विभाग ने बड़ी मात्रा में अवैध शराब और शराब बनाने के लिए उपयोग होने वाले कच्चे माल को नष्ट कर दिया। छापामारी में कुल 2700 किलोग्राम जावा महुआ और 170 लीटर अवैध चुलाई शराब को जब्त किया गया। , जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इस ऑपरेशन के दौरान 7 अभियुक्तों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। उत्पाद विभाग की टीम ने इस अभियान में सक्रिय भागीदारी दिखाई। छापामारी के दौरान रूपेश कुमार, रघुनाथ टुडू, देवेंद्र ठाकुर, चिन्त लाल साह, लखी लकड़ा, सभी उत्पाद विभाग के लोग मौजूद रहे।




## भाजपा शक्ति केंद्र के बूथ अध्यक्षों की बैठक



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ भाजपा शक्ति केंद्र आमलेशा के बूथ अध्यक्षों की बैठक, आमलेशा मैदान में की गयी, जिसमे तमाड़ मंडल अध्यक्ष महावीर सोनी शक्ति केंद्र प्रभारी के तौर पर उपस्थित रहे। शक्ति केंद्र संयोजक, सह संयोजक का चुनाव कर उन्होंने बताया कि बूथ पर वैसे लोगों को जोड़े जो निस्वार्थ भाव से भाजपा के हित में कार्य करे ताकि बुथ स्तर से ही भाजपा मजबूत हो। बैठक में महावीर सोनी के अलावा उदय महतो, बहादुर पुरान, मुकेश महतो, भागीरथ मुंडा, महेश मछुआ, ज्योतिलाल पुरान, सुखराम मुंडा, पिंकी देवी, मनोरमा देवी, संजय मछुआ सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## तमाड़ की रहनेवाली तृप्ति कुमारी ने नीट परीक्षा में हुई पास



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड के उलीडीह तमाड़ की रहने वाली तृप्ति कुमारी नीट परीक्षा में पास कर बंगाल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में 2024-2025 सेशन एडमिशन लिया है और अपना और क्षेत्र का नाम रौशन किया है।

## अफीम की खेती के मामले में दो व्यक्ति गिरफ्तार

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू थाना क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती के मामले में दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। बुंडू थानेदार ने कहा कि 15 फरवरी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर हेडकांची और कांची गांव में किये गये अवैध अफीम की खेती के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर अंचल अधिकारी हंस कुमार हेमरोम के नेतृत्व में अफीम की खेती को विनष्टीकरण किया गया था। थाना में मामला दर्ज किया गया था, जिसमें हेडकांची गांव निवासी लाल बाबू सिंह मुंडा उर्फ ढोकेश्वर मुंडा, पिता शंभू नाथ मुंडा और भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह मुंडा, पिता शशदर सिंह मुंडा उर्फ सशोधर पातर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। छापेमारी दल में बुंडू थानेदार रामकुमार वर्मा, आतिश कुमार, राहुल कुमार मेहता शामिल हुए।

## तमाड़ में पिछले एक सप्ताह से पेयजलापूर्ति ठप, पानी के लिए ग्रामीण परेशान

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ में पिछले एक सप्ताह से पेयजलापूर्ति ठप हो गया है, जिससे लोगों को पीने के पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। तमाड़ में कांची नदी से पीएचइडी की और से पानी की आपूर्ति की जाती है, लेकिन पिछले एक महीने पहले भी पंद्रह दिन पानी की आपूर्ति नहीं की गयी थी फिर चार पांच दिन पानी आयी फिर एक सप्ताह से पेयजलापूर्ति बंद हो गयी है। लोग हर महीने विभाग को रुपया भी देती है, लेकिन गर्मी आने के पहले पानी की ऐसी हालत से उपभोक्ता परेशान हो गये हैं। विभाग के लोग दिखायी नहीं पड़ते हैं, समिति कहती हैं हमें जानकारी नहीं है। इसे देखनेवाला कोई नहीं है। जनप्रतिनिधि ध्यान नहीं देते हैं।

## तैमारा घाटी में कार का टायर फटने से एक युवती समेत तीन लोग घायल



**तैमारा (आजाद सिपाही)।** दशम फॉल थाना क्षेत्र के तैमारा घाटी में एक कार की टायर फटने से एक युवती समेत तीन लोग घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक स्विफ्ट कार में प्रयागराज से टाटा जाने के क्रम में तैमारा घाटी के पास टायर फटने से कार अनियंत्रित होकर एक खड़े ट्रक को धक्का मार दिया। जिससे कार में सवार एक युवती सहित तीन लोग घायल हो गये। घायलों को बुंडू अनुमंडल अस्पताल भेजा गया, जहां से बेहतर चिकित्सा के लिए रिम्स भेज दिया गया।

## आदित्य पांडे ने बुंडू अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में पदभार संभाला



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी आदित्य पांडे ने सोमवार को बुंडू अनुमंडल कार्यालय में अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में पदभार संभाला। आदित्य पांडे रांची सदर के अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में कार्य कर चुके हैं। आइएएस अधिकारी आदित्य पांडे एक माह के लिए अनुमंडल पदाधिकारी के पद पर रहेंगे। यह आदेश उपायुक्त रांची के द्वारा जारी किया गया है।

## अफीम की अवैध खेती के खिलाफ प्रशासन ने चलाया अभियान



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देशानुसार सोमवार को खूंटी के जमडी, अड़की के बगडी समेत अन्य प्रखंड में जिला प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया गया। इस अभियान के दौरान ट्रैक्टर और अन्य संसाधनों की मदद से बड़ी मात्रा में अवैध फसल नष्ट की गयी। इस कार्रवाई में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन द्वारा स्थानीय लोगों को अवैध अफीम की खेती से होने वाले कानूनी और सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी गयी और उन्हें वैकल्पिक और लाभकारी खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध अफीम की खेती किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जायेगी और इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त पाये जाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

### रिनपास पूरी तरह से ऑटोनॉमस संस्थान नहीं : स्वास्थ्य सचिव

# रिनपास की जमीन पर ही बनेगा रिम्स 2 अस्पताल : स्वास्थ्य मंत्री

## बिरसा कृषि विवि और रिनपास की जमीन के विवाद को भी हल करने का प्रयास

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांके।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने सोमवार को रिनपास मानसिक अस्पताल के वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रिम्स-दो अस्पताल रिनपास की ही जमीन पर बनेगा। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय और रिनपास के जमीन को लेकर हुए विवाद को भी हल करने का प्रयास किया जा रहा है। दोनों ही राज्य सरकार के विभाग है। इसके लिए कृषि सचिव और बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति से बात की जा चुकी है। कांके सीओ को भी जमीन की पूरी तरह से नापी करवरकर इसकी पूरी जानकारी देने को कहा गया है। साथ ही इस पूरे मामले में रांची डीसी से विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। झारखंड के लोगों को अच्छे से अच्छा स्वास्थ्य सुविधा मिले इसके लिए रिम्स दो का निर्माण किया जाएगा। इसी मामले को लेकर राज्य के स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय सिंह ने कहा कि रिम्स दो के लिए जो जमीन देखी गई है वह खतियान में रिनपास की जमीन है। लेकिन कब्जा बिरसा कृषि विद्यालय को कैसे मिला इसकी जांच की जा रही हैं। रिम्स दो बनाने को लेकर हम लोग शीघ्र ही उच्च स्तरीय बैठक करेंगे और इसका समाधान निकालने का प्रयास करेंगे। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि रिम्स का ऑटोनोमस का अपना एक्ट है, लेकिन रिनपास का कोई एक्ट ही नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय की ओर से नियमावली बनाया गया था, लेकिन पॉलिसी नहीं बनी थी। रिनपास ऑटोनॉमस संस्थान नहीं है। इसके लिए एक्ट बनाए जाने की आवश्यकता है और राज्य सरकार द्वारा इसे कैबिनेट में पारित कराया जाना भी जरूरी है। रिनपास नियुक्ति करने के लिए सक्षम नहीं है। इसकी जो भी नियुक्ति जेपीएससी और स्टाफ सिलेक्शन कमीशन द्वारा ही की जाएगी। फैक्लटी, मेनपावर, एबीसीडी सहित सभी पदों पर जो मेन पावर की कमी है इसके लिए नियुक्ति कैसे किया जाए इस पर हम लोग विचार कर रहे हैं। नियुक्ति की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। रिनपास अस्पताल का 100 वर्ष पूरा हो रहा है। इसलिए हम लोग संस्थान को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। पत्रकारों ने सवाल किया कि भवन निर्माण विभाग द्वारा भवनों के जीर्णोद्वार का 35 करोड़ रुपये का कार्य निविदा के माध्यम से निकल गया है। जिसमें कई खामियां हैं। इस पर स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि हम लोग सिर्फ पैसा देते हैं। बिल्डिंग डेवलपमेंट का कार्य भवन निर्माण विभाग ही देख रहा है। साथ ही सामान्ता सिक्योरिटी एजेंसी को रिनपास में लगातार एक्सटेंशन दिए जाने की बात को स्वास्थ्य सचिव और स्वास्थ्य मंत्री टाल गए। बताते चले की 1994 में रिनपास का पूर्व नाम रांची मानसिक आरोग्यशाला था। यहां हो रही गड़बड़ियों एवं अनियमतताओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने इसे ऑटोनॉमस संस्थान का दर्जा दिया था और इसकी देखभाल का जिम्मेवारी राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग नई दिल्ली को सौंपी गई थी। कई वर्षों तक राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की टीम यहां के बेहतरीन के लिए कार्य करती रही। रिनपास निदेशक और राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट देती रही। लेकिन राज्य सरकार और ब्यूरोक्रेट्सों ने कुछ ऐसा किया कि राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग रिनपास के कार्यों से ही अलग हो गई और इसमें दखलअंदाजी भी राष्ट्रीय मानव अधिकार की बंद हो गई। फिलहाल रिनपास में संस्थान के तत्कालीन निदेशक डॉ सुभाष सोरेन द्वारा वर्ष 2020 में बनाई गई नियमावली से ही जेपीएससी और स्टाफ सिलेक्शन कमिशन के द्वारा यहां नियुक्तियां की जा रही है।

दूसरी ओर, कांके विधायक सुरेश बैठने कहा कि संस्थान की गरिमा को बनाए रखना है। उधर, वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में मरीजों, कर्मचारीयों और चिकित्सकों द्वारा क्रिकेट, रसा खींच, जलेबी रेस, 100 एवं 200 मीटर का दौड़, घड़ा फोड़ सहित कई अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी, जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वालों को पुरस्कार और पारितोषिक देकर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर रिनपास की प्रभारी निदेशक डॉ जयति शिमलाइ, मेदांता अस्पताल के डॉ सईद, पूर्व निदेशक डॉ अमूल रंजन सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डा विनोद कुमार महतो, उपनिदेशक सीमा सिंह, डॉ रविंद्र उरांव, डॉ सिद्धार्थ, डॉ अशोक कुमार नाग, डॉ अशोक प्रसाद, डॉ मशरूर जहां, डॉ मनीष किरण, डॉ भुवन ज्योति, सहित कांग्रेस के कांके प्रखंड अध्यक्ष संजर खान सहित कई उपस्थित थे।


रिनपास मानसिक अस्पताल के खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी।

# लोकतंत्र की सीख आदिवासी समाज ने सिखाया: शिल्पी नेहा तिर्की

## वीर बुधु भगत जैसे महान योद्धाओं से प्रेरणा लेने की जरूरत : चमरा लिंडा

**कहा- विकास की दौड़ में आज बचे हुए हैं, तो इसके पीछे भगवान बिरसा मुंडा और वीर बुधु भगत जैसे पूर्वजों का आदर्श**
**- हमें वनवासी एवं जनजाति बोलनेवालों से सावधान रहने की जरूरत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चान्हो।** अमर शहीद वीर बुधू भगत की 233वीं जयंती उनके पैतृक गांव प्रखंड के सिलागाई में धूमधाम से मनायी गयी। इस दौरान आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के आदिवासी कल्याण मंत्री चमारा लिंडा, कृषि, सहकारिता एवं आपदा मंत्री विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के अलावा भाजपा नेता सन्नी टोप्पो, पूर्व विधायक गगोत्री कुजूर, स्मारक समिति के संरक्षक डॉ परमेश्वर भगत उपस्थित हुए। इस अवसर पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि हमारी सभ्यता 65 हजार साल पुरानी है। लोकतंत्र की सीख आदिवासी समाज ने सिखाया है। हम अपनी जरूरत भर से खुश रहते हैं। उन्होंने वीर बुधु भगत को स्वतंत्रता संग्राम का जननायक बताते हुए उसके बताए आदर्शों पर चलने की बात कही। कहा कि कुछ लोग हमलोगों को आदिवासी बोलने से कतराते है। हमें वनवासी और जनजाति बोलते है। ऐसे लोगों से सावधान रहना होगा। हम अपने पूर्वजों में विश्वास करते है। विकास की दौड़ में अगर आज हम बचे हुए हैं तो इसके पीछे भगवान बिरसा मुंडा और वीर बुधु भगत जैसे पूर्वजों का आदर्श है। आदिवासियत में कोई जाति प्रथा, छुआ छूत, ऊंच नीच नहीं है। हम एक साथ खाते हैं, नाचते हैं, लेकिन यूपी-बिहार से आए लोग इस बात को नहीं समझेंगे। वहीं, मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि वीर बुधु भगत जैसे महान योद्धाओं से प्रेरणा लेने की जरूरत है। हम लोगों में से किसी को पता नहीं कि वीर बुधू कैसे थे, कहां युद्ध किए, कहां शाहिद हुए। अपने देश और समाज को बचाने में क्या-क्या बलिदान दिया। यह सब हम लोगों को जानने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा, वीर बुधू भगत, सिद्धू कानू जैसे महान महापुरुष के हम वंशज हैं। वीर बुधू भगत की जन्म स्थली में भव्य रूप में कार्यक्रम हो, सभी जगहों से आदिवासी जुटे और अपना इतिहास जाने। साथ ही सरना धर्म कोड के बारे में कहा कि सरना धर्म कोड इसबार निर्धारित होगा। इस बार सरना कोड नहीं ले सकें नहीं तो भविष्य में कभी हासिल नहीं होगा। इसके लिए हमें सड़क पर उतरना पड़े तो इसके लिए भी तैयार रहे। जनगणना फॉर्म से 7 नंबर कोर्ट को हटा दिया गया है। उधर, कार्यक्रम से पहले सिलागाई पहुंचने पर अतिथियों ने वीर बुधु भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर वहां विकास मेला का भी आयोजन किया गया था। जहां लगे स्टॉल का निरीक्षण अतिथियों ने किया और लाभुकों के बीच परिसंपति का वितरण किया गया। दूसरी ओर, सोमवार की सुबह जलयात्रा के साथ जयंती समारोह की शुरूआत हुई। दक्षिण कोयल नदी से जल लेकर स्मारक स्थल पहुंचे सैकड़ों लोगों ने पूजा अर्चना की। इसके बाद प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर स्मारक समिति के अध्यक्ष शिवपूजन भगत, महासचिव गोपाल भगत, दिलीप सिंह, अजीत सिंह, मोजीबुल्लाह, महादेव भगत, मोरहा उरांव, शभू भगत, अल्फ्रेड मिंज, भउवा उरांव, प्रोफेसर रामकिशोर भगत, रामधनी भगत, बीडीओ अशोक कुमार, सीओ संजीव कुमार और जौनी उरांव आदि मौजूद थे।



## गैराज से चोरी की दो बाइक व पार्ट्स बरामद, एक गिरफ्तार



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** शहरी क्षेत्रों से बड़े पैमाने पर अलग-अलग स्थानों से बाइक चोरी कर उसका स्पेयर पार्ट्स निकाल कर खरीद-बिक्री करने की सूचना पर लालपुर पुलिस ने बेड़ो थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान के नेतृत्व में बेड़ो देवी मंडप के समीप माही बाइक वर्कशॉप में छापामारी की। इस दौरान पुलिस ने चोरी की दो बाइक व स्पेयर पार्ट्स बरामद किया है। साथ ही वर्कशॉप के संचालक मांडर के बंझिला निवासी इश्तियाक अंसारी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने गुप्त सूचना मिलने के बाद टीम का गठन कर छापामारी की। वहीं गैराज से दो चोरी की बाइक और स्पेयर पार्ट्स भी बरामद ककिया है। जानकारी के अनुसार बाइक चोर गिरोह शहरी क्षेत्र से बाइक की चोरी कर ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी की बाइक को अलग-अलग स्पेयर पार्ट्स बनाकर बेच देते हैं।

## किसानों को दिया गया जैविक खेती का प्रशिक्षण

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चिपरा पंचायत स्थित पंचडीहा गांव में सोमवार को राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम के तहत ऑर्गेनिक फार्मिंग अथॉरिटी ऑफ झारखंड के बैनर तले वैदिक ऑर्गेनिक सर्टिफिकेशन एजेंसी की ओर से किसानों को जैविक खेती करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य प्रशिक्षक अनुज कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि किसान जैविक खेती करके अपनी भूमि को लंबे समय तक उपजाऊ बनाकर टिकाऊ खेती कर सकते हैं। साथ ही कम लागत में उत्पादन कर अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। जैविक उत्पाद का प्रयोग अपने भोजन के रूप में करके हम सभी स्वस्थ रह सकते हैं। किसानों को प्रशिक्षण देते हुए मुख्य प्रशिक्षक अनुज कुमार ने कहा कि जैविक खेती एक शून्य बजट की खेती है। इससे हम अपने गांव में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों से कई प्रकार के खाद कीटनाशक टॉनिक का निर्माण कर खेतों में प्रयोग कर सकते हैं। उन्होंने इस कार्यक्रम में किसानों को नीम अर्क जीवामृत, बिजामृत, दसपॉर्न, केंचुआ खाद सहित कई प्राकृतिक कीटनाशक एवं अन्य दवा बनाने की विधि को विस्तार पूर्वक बताया। मौके पर क्षेत्र पदाधिकारी शांति तिर्की, भगमुनी देवी, तारामणि कुमारी, सुमन कुमारी, सुंदरी कुजूर, तेतरी उरैठ, शोभा तिर्मा, पूनम टिकी, बिरसी कुरैन, रेणू देवी, दिनेश मुंडा, कुजूर सुकरा, प्रियंक तिर्की, शोभा उरांव, जैंती तिर्की, सुशीला तिर्की, सुकरा कुजूर, सुनीता तिर्की सहित लगभग 130 किसान उपस्थित थे।

## सीआइटी के दो छात्रों का बहुराष्ट्रीय कंपनी में चयन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग (2021-25 बैच) के दो छात्रों का चयन नोएडा स्थित बहुराष्ट्रीय सॉफ्टवेयर कंपनी कन्वेन इंडिया में हुआ है। चयनित छात्रों अभय गुप्ता और फैजूल रहमान को कंपनी की एचआर एग्जीक्यूटिव हरप्रीत कौर ने औपचारिक रूप से नियुक्ति पत्र सौंपा। संस्थान के डीन अकेडमिक प्रो अरशद उशमानी ने जानकारी दी कि चयनित छात्रों की जॉब लोकेशन रांची में होगी और शुरूआती दौर में उन्हें 2.40 लाख रुपये वार्षिक पैकेज मिलेगा। छात्रों को कंपनी में ट्रेनी सॉफ्टवेयर टेस्टर के पद पर नियुक्त किया गया है। संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के कन्वेनर डॉ ए भट्टाचार्य ने चयनित विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई दी और इसे सीआईटी के लिए गर्व की बात बताया। कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की कड़ी मेहनत और संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है। छात्रों के कैंपस सिलेक्शन से संस्थान में उत्साह का माहौल है। सहपाठियों और शिक्षकों ने अभय गुप्ता और फैजूल रहमान को उनकी सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर संस्थान के अन्य अधिकारी और फैकल्टी मेंबर्स भी मौजूद रहे। अपनी सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए अभय गुप्ता और फैजूल रहमान ने कहा कि यह उनके लिए एक बड़ा अवसर है और वे कंपनी में अपने बेहतरीन प्रदर्शन से संस्थान का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने अपने शिक्षकों और प्लेसमेंट टीम का आभार जताया।

## विद्यासागर स्कूल में फूड फेस्टिवल का आयोजन

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** विद्यासागर स्कूल में सोमवार को खाद्य सामग्री विषयों के प्रति रूचि बढ़ाने के उद्देश्य से फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। शिक्षिका निशा वर्मा की अगुवाई में आयोजित फुड फेस्टिवल में विद्यार्थियों ने शिक्षक व शिक्षिकाओं की सहायता से मडुआ का लड्डू, अरसा, छिलका रोटी, पत्ता रोटी, पकौड़ी, धुसका, कप केक, चिप्स चार्ट, कचरी, पास्ता, वेज मंचूरियन, मोमो, लिट्टी चोखा, चाय और क्रीम ब्रेड मलाई आदि कई पारंपरिक एवं नए प्रकार के व्यंजन बनाए। इस फूड फेस्टिवल में ग्राहक के रूप में अभिभावकों ने जमकर खरीदारी की एवं विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का आनंद उठाया।

# पीड़ित मुआवजा के लिए डालसा में करें आवेदन: प्रवीण श्रीवास्तव

**आठ मार्च को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत की दी गयी जानकारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** झालसा के निर्देश और न्यायायुक्त के मार्गदर्शन में सोमवार को प्रखंड के गुड़ीडीह पंचायत भवन में डालसा की ओर से जस्टिस ऑन व्हील मोबाईल वैन टूर कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर एलएडीसी चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, पीएलवी बेबी सिन्हा, मीना श्रीवास्तव, मालती देवी, यशोदा देवी, संगीता देवी, राजा वर्मा एवं विधि के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। प्रवीण श्रीवास्तव ने बच्चों से संबंधित कानूनों जैसे जेजे एक्ट, पोक्सो एक्ट आदि की जानकारी दी। नशा उन्मूलन पर केंद्रीत करते हुए कहा कि नशा ना करें। नशा से धन और स्वस्थ दोनों पर बुरा असर पड़ता है। उन्होंने बाल विवाह के रोकथाम, बाल विवाह अधिनियम 2006 कानून एवं मोटर वाहन दुर्घटना में प्राप्त होनेवाले मुआवजा की जानकारी दी। कहा कि पीड़ित या पीड़िता मुआवजा के लिए डालसा कार्यालय में आवेदन दे सकते है। पीड़िता अगर महिला हो तो केस लड़ने के लिए डालसा की ओर से निःशुल्क अधिवक्ता भी दिया जाता है। दहेज प्रथा कानून 1961 के बारे में बताते हुए कहा कि दहेज लेना और देना दोनों कानूनन अपराध है, इसमें सजा भी होती है। वहीं, डालसा पीएलवी बेबी देवी ने आठ मार्च को होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत और 22 फरवरी को होनेवाले विशेष लोक अदालत की जानकारी दी। कहा कि वादकारी उक्त तिथि को आकर वादों का निस्तारण करा सकते है। पीएलवी मालती कुमारी ने वृद्धा पेंशन और विधवा पेंशन की जानकारी दी। पीएलवी बेबी सिन्हा ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं श्रम कार्ड की जानकारी दी और पेंशन से संबंधित लाभ लेने की बातें कहीं उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची में इससे संबंधित आवेदन दे सकते हैं। मौके पर डालसा पीएलवी ने आगामी 22 फरवरी को आयोजित होनेवाली विवाह एवं चेक अनादरण से संबंधित विशेष लोक अदालत के बारे में भी जानकारी दी। लोक अदालत की सफलता के लिए अपने वादों का निस्तारण मध्यस्थता के माध्यम से कराने पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डालसा पीएलवी की ओर से लोगों के बीच पम्पलेट और लिफलेट का वितरण किया गया

## लाला अनिल चौधरी चेक पोस्ट व्यवसाय संघ के अध्यक्ष और महावीर महतो बने महासचिव



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी स्थित चेक पोस्ट व्यवसाय संघ की पूर्व कमेटी को भंग कर नयी संचालन कमेटी बनायी गयी है। जिसमें व्यवसाय संघ के कई पदाधिकारियों का चयन सर्व समिति से किया गया। इसमें संरक्षक के रूप में द्वारिका नाथ केसरी, उपेंद्र महतो, मनोज कुमार महतो, जबकि अध्यक्ष लाला अनिल चौधरी, महासचिव महावीर महतो, कोषाध्यक्ष ईश्वर महतो, उपाध्यक्ष वरुण महतो के अलावा सक्रिय सदस्य के रूप में दिनेश महतो, पप्पू कश्यप, मंटू महतो, कमलेश केसरी, धनंजय कुमार, प्रशांत राज, विकास कश्यप, राजेश महतो, तपोस महतो आदि को शामिल किया गया है।

## 3.5 लाख नकद सहित सीसीटीवी भी ले भागे चोर

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** समाजसेवी एहसास अंसारी के हेसल स्थित कार्यालय और सीएससी से चोरों ने शटर काटकर साढ़े तीन लाख रुपये नकद व सीसीटीवी कैमरे का डीबीआर चोरी कर लिये। चोर काफी शातिर थे। उन्हें आभास हो गया था कि चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। इसलिए नकद सहित डीबीआर को भी ले उड़े। एहसान ने बताया कि कार्यालय में ही उसके भाई का सीएससी है। इस संबंध में इजमामूल हक ने थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# खिजरी विधायक ने पदाधिकारियों-कर्मियों को धरातल पर कार्य करने की हिदायत दी

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने सोमवार को प्रखंड सह अंचल सभागार में पदाधिकारियों-कर्मियों के साथ बैठक कर विभागवार योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा की। बैठक में कृषि, आवास, शिक्षा, मनरेगा, श्रम, समाज कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, वन, बिजली, मंईयां सम्मान, चिकित्सा, अबुआ आवास, आपूर्ति, राजस्व, पंचायती राज, पेयजल व स्वच्छता, पशुपालन आदि विभागों की बारी-बारी से समीक्षा करने के साथ ही आवश्यक निर्देश दिया। विधायक ने पदाधिकारियों-कर्मचारियों को धरातल पर कार्य करने की भी हिदायत दी। कहा कि राज्य की हेमंत सरकार विकास को लेकर कृतसंकल्पित व संवेदनशील है। सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद लोगों तक पहुंचे, इसके प्रति सभी ईमानदारी पूर्वक कार्य करें। उन्होंने कहा कि पंचायत के जन प्रतिनिधि ग्राम सभा में पारित योजनाओं को पूरा करने के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्य शुरू करें, ताकि योजनाओं का लाभ लोगों को मिल सकें। भू-राजस्व की समीक्षा करते हुए विधायक ने सीओ, सीआई एवं राजस्व कर्मचारी को म्यूटेशन, त्रुटि सुधार, डाटा एंट्री आदि कार्य तय समय सीमा के अंदर करने एवं बेवजह विलंब नहीं करने का निर्देश दिया। बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों ने विधायक राजेश कच्छप के समक्ष कई समस्याओं को रखा। शिकायत की कि पदाधिकारी और कर्मचारी उनकी बातों को नहीं सुनते हैं। इस पर विधायक ने कहा कि गरीब कल्याण योजनाओं के क्रियान्वयन में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में प्रमुख दीपा उरांव, जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, उपप्रमुख जयपाल हजाम, बीडीओ जयपाल सोय, सीआई सुखदेव कच्छप, बीएचओ सेवा पालित, सीडीपीओ, बीडब्लूओ सह बीएसओ संतोष कुमार, बीपीओ शिक्षा पंकज तिर्की, बीपीओ मनरेगा अंजीव कुमार आदि मौजूद थे।




# गहरे पानी में डूबो तो स्थिर रहो, जीवन में संकट आये तो धैर्य रखो : इंद्रेशजी महाराज

## श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन इंद्रेशजी ने सुनाया कई महत्वपूर्ण प्रसंग

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** टाटीसिलवे के इइएफ मैदान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन सोमवार को कथा व्यास इंद्रेशजी महाराज ने कई महत्वपूर्ण प्रसंगों का वर्णन किया। इस दिन विशेष रूप से द्रौपदी की क्षमा, ठाकुर जी की कृपा और कुंती के भक्ति भाव का विस्तृत उल्लेख किया गया। इंद्रेशजी ने बताया कि किस प्रकार अश्वत्थामा ने क्रोध और प्रतिशोध की भावना में आकर द्रौपदी के पांच पुत्रों का वध कर दिया। जब अर्जुन को इस घटना का पता चला, तो उन्होंने प्रतिज्ञा ली कि वह अश्वत्थामा को जीवित नहीं छोड़ेंगे। लेकिन इसी कठिन परिस्थिति में द्रौपदी ने अपने अद्भुत धैर्य और क्षमाभाव का परिचय दिया। उन्होंने अश्वत्थामा को क्षमा करते हुए तर्क दिया कि वह गुरु पुत्र है, जिनसे हमने शिक्षा पाई है। इन्हें मारने से हमारे पुत्र तो वापस नहीं आ सकते, लेकिन प्रतिशोध से कुछ भी अच्छा नहीं होगा। द्रौपदी की इस महानता से ठाकुर जी अत्यंत प्रसन्न हुए और उन्होंने उन्हें अपना नाम जोड़ते हुए 'कृष्णम' नाम दिया। कथा के दौरान इंद्रेश जी उपाध्याय ने जीवन की कठिन परिस्थितियों को समझाने के लिए जल में डूबने का उदाहरण दिया। उन्होंने बताया कि जब गहरे पानी में चले जाते हैं, तो बचने के लिए दो बातों का ध्यान रखना चाहिए। पहला मुंह बंद रखना और दूसरा हाथ-पैर न मारकर शरीर को स्थिर छोड़ देना। इसी प्रकार जब जीवन में भयावह स्थितियां आयें, तो शांत रहकर धैर्य रखना चाहिए। भगवान हमेशा अपने भक्तों की प्रत्येक गतिविधि पर दृष्टि रखते हैं और उन्हें सही राह दिखाते हैं।



### मानव जीवन में सद्गुण और अवगुण दोनों होते हैं किसका चयन करना है यह खुद पर निर्भर करता है

**व्यासजी ने बताया कि मानव जीवन में सद्गुण और अवगुण दोनों ही होते हैं। यह व्यक्ति के ऊपर निर्भर करता है कि वह किसका चयन करता है। भागवत कथा सुनकर और गुरूजनों की वाणी का अनुसरण करने वाला व्यक्ति सद्गुण के मार्ग पर आगे बढ़ता है और परमात्मा की कृपा प्राप्त करता है। श्रीमद् भागवत कथा के इस दिव्य प्रसंग ने श्रद्धालुओं को जीवन में क्षमा, धैर्य और भक्ति का महत्व समझाने का संदेश दिया। दूसरी ओर, कथा के तीसरे दिन भक्ति और श्रद्धा का अनुपम दृश्य देखने को मिला। कथा स्थल में करीब 10 हजार भागवत प्रेमियों की भीड़ उमड़ी, जिनकी आस्था और उत्साह चरम पर था। कथा व्यास पुज्य इंद्रेश जी उपाध्याय के दिव्य प्रवचनों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। महाराज जी के भजन शुरू होते ही पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।**

कथा में एक और महत्वपूर्ण प्रसंग कुंती के भक्ति भाव का भी आया। ठाकुर जी ने कुंती को आश्वस्त किया कि वह जहां भी उनका स्मरण करेंगी, वे तुरंत वहां उपस्थित हो जायेंगे। एक बार जब कुंती को पता चला कि ठाकुर जी की लीला है, यह सुनते ही कुंती का हृदय भाव-विभोर हो गया और उन्होंने अपने प्राण त्याग दिये।

## वाहन की चपेट में आने से बिजली मिस्त्री की मौत

**डुमरी/बेरमो (आजाद सिपाही)।** निमियाघाट थाना क्षेत्र के एनएच-19 हेठनगर के समीप रविवार की रात वाहन की चपेट में आने से पेशे से बिजली मिस्त्री की मौत हो गयी। उसकी पहचान यूसुफ अंसारी के रूप में हुई है। वह रोशनाटुंडा का रहने वाला था। इसकी सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर थाना ले गयी। वहां आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सोमवार को गिरिडीह भेज दिया। बताया जा रहा कि मृतक बाइक से इसरी बाजार से हेठनगर जा रहा था, तभी सड़क पार करने के दौरान अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर ही गिर गया। तभी पीछे से किसी तेज रफ्तार वाहन उसके उपर से गुजर गया। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गयी है। उधर, युसूफ की मौत की खबर से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# धनबाद एवं हजारीबाग जिलों में होमगार्ड बहाली की प्रक्रिया शीघ्र शुरू होगी : डीजी

## धनबाद होमगार्ड ऑफिस का किया निरीक्षण, कहा- होमगार्ड भर्ती के लिए दौड़ जल्द, फायरमैन भी होंगे बहाल

- ज्वलनशील सामान का अवैध भंडारन व कार्य में बाधा पहुंचाने वालों के खिलाफ फायर सेफ्टी विभाग को कार्रवाई का मिला है अधिकार

आजाद सिपाही संवाददाता



धनबाद पहुंचे डीजी होमगार्ड अनिल पाल्टा।

**धनबाद।** धनबाद पहुंचे होमगार्ड के डीसी अनिल पाल्टा ने कहा कि धनबाद और हजारीबाग जिलों में होमगार्ड बहाली की प्रक्रिया शीघ्र शुरू होगी। उन्होंने दोनों जिलों के होमगार्ड के समादेष्टा से इस संबंध में बातचीत की है। सर्किट हाउस में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में डीजी ने बताया कि होमगार्ड की बहाली के लिए जल्द ही शारीरिक दक्षता परीक्षा यानी दौड़ की शुरुआत होगी। होमगार्ड के डीजी ने पत्रकारों द्वारा पूछे गये एक सवाल के जवाब में कहा कि होमगार्ड बहाली में हुई गड़बड़ी पर एफआइआर दर्ज कराई गयी है। उन्होंने समय से पहले होमगार्ड के रिटायरमेंट की विसंगतियों को भी दूर करने की बात कही। वहीं, अग्निशमन विभाग में संसाधनों की कमी को लेकर डीजी ने कहा कि केंद्र सरकार से राशि मिली है। 15वीं वित्त आयोग की अनुशंसा पर ही 147 करोड़ रुपये के आवंटन की मंजूद केंद्रीय गृह मंत्रालय से मिल चुकी है। इसमें 11 नई अग्निशामक मशीन और हाइराइज मशीन सहित अन्य संसाधन की खरीद की योजना बनायी गयी है। डीसी ने अग्निशमन विभाग में फायरमैन की कमी की बात को भी स्वीकार किया है। उन्होंने बताया कि फायरमैन की भी शीघ्र बहाली की जाएगी। विभाग में प्रमोशन लंबित है, जिसकी प्रक्रिया पूरी होने पर रिक्त पदों का सही आंकड़ा सामने आयेगा। इसके बाद बहाली प्रक्रिया में तेजी लायी जाएगी। दूसरी ओर, डीजी ने सोमवार को धनबाद होमगार्ड ऑफिस का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि झारखंड में फायर सर्विस एक्ट लागू कर दिया गया है। अब फायर सेफ्टी विभाग को ज्वलनशील सामान का अवैध रूप से भंडारन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का अधिकार दे दिया गया है। लगे हाथ फायर फायटिंग में बाधा पहुंचाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई करने का अधिकार दे दिया गया है।

## बीसीसीएल सीएमडी से मिले विधायक राज सिन्हा, विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** विधायक राज सिन्हा सोमवार को बीसीसीएल के सीएमडी समीरण दत्ता से उनके कार्यालय में जाकर मुलाकात की। इस दौरान उनसे धनबाद की विभिन्न क्षेत्रों की जन समस्याओं के निराकरण को लेकर चर्चा की। विधायक ने कार्मिक नगर में डीपीएस स्कूल जाने वाली मुख्य सड़क के निर्माण एवं मरम्मती, धनबाद सीएमपीएफ गेट से केंद्रीय चिकित्सालय जगजीवन नगर भाया मानस मंदिर से ओपीडी की ओर जाने वाली रोड और चिकित्सालय के मुख्य द्वार तक सड़क निर्माण एवं मरम्मत कराने, अमृत पार्क में पानी-बिजली, बढे हुए घांस एवं अनचाहे झाड़ियों की कटिंग एवं सौंदर्यीकरण की मांग की। साथ ही लिखित मांग पत्र भी सौंपा। विधायक ने उक्त जनहित के कार्य के नहीं होने से आम लोगों को होने वाली परेशानियों से भी सीएमडी को अवगत कराया। इसके बाद पत्रकारों से बातें करते हुए विधायक ने बताया कि वार्ता सफल रही। सीएमडी समीरण दत्ता ने सभी मांगों पर अपनी सहमती दी है। उक्त कार्यों को जल्द से जल्द करने की बात कही है। इस मौके पर बीसीसीएल के कार्मिक निदेशक मुरली कृष्ण रमैया, सुरेंद्र भूषण, जीएम प्रशासन सहित बालमुकुंद राम आदि थे।

## पशुपालन कर महिलाएं हो रहीं आत्मनिर्भर: कीर्ति वर्धन



कसमार में महिलाओं के साथ केंद्रीय राज्य पर्यावरण मंत्री कीर्ति वर्धन।

कहा- कसमार के अलावा झारखंड के 34 प्रखंड़ो को आकांक्षी प्रखंड में शामिल किया गया है, जिसकी निगरानी केंद्र सरकार करती है

आजाद सिपाही संवाददाता

**कसमार/बेरमो।** पशुपालन कर आज की महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही हैं। उक्त बातें केंद्रीय राज्य पर्यावरण, वन, जलवायु परिवर्तन एवं विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कही। वे सोमवार को बोकारो जिले के कसमार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने प्रखंड के फार्म टांड में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी की ओर से संचालित कसमार आजीविका संसाधन केंद्र का निरीक्षण भी किया। केंद्रीय मंत्री ने महिला समूहों द्वारा मुर्गी पालन कर अंडे का उत्पादन करते हुए आत्मनिर्भर बनने पर महिलाओं की प्रशंसा की। उन्होंने पशुपालन कार्य, लाह संकुल, पलाश मार्ट, मुर्गी पालन व कृषि कार्य से संबंधित सटॉलों का भी निरीक्षण किया। कहा कि केंद्र की मोदी सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए महिला स्वयं सहायता समूहों को कई प्रकार की योजनाओं से जोड़ रही है। आने वाले दिनों मे एक-एक समूहों को उनकी कुशलता के अनुसार ऋण देकर आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज सभी महिलाएं सहायता समूहों के माध्यम से अपनी आर्थिक स्थिति बेहतर करने में लगी हैं। मंत्री ने यह भी कहा कि जो महिलाएं कल तक घर से बाहर नहीं निकलती थी, आज पूरे परिवार का सहारा बनी हुई है। समूह की अधिकांश महिलाएं अपना अलग-अलग व्यवसाय कर रही है। इनके व्यवसाय के माध्यम से पूरा परिवार खुशहाल हो रहा है। विदेश राज्यमंत्री ने कहा कि कसमार को आकांक्षी प्रखंड बनाया गया है। जहां स्वास्थ्य और पोषण पर विशेष जोर दिया गया है। इसकी सीधी निगरानी भारत सरकार करती है। कसमार के अलावा झारखंड के 34 प्रखंड़ो को आकांक्षी प्रखंड में शामिल किया गया है। फिलहाल इसकी स्थिति काफी अच्छी है। स्वास्थ्य एवं पोषण, कृषि जल संसाधन, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास, आधारभूत संरचना और प्रखंड सामाजिक उत्थान पर काम करेंगी। इस मौके पर डीएफओ रजनीश कुमार, बेरमो एसडीओ मुकेश मछुआ, कसमार बीडीओ नम्रता जोशी, डीपीएम अनिल डुंगडुंग, जिला योजना पदाधिकारी राजकुमार शर्मा, वरीय लेखा पदाधिकारी पंकज दुबे, जेएसएलपीएस बीपीएम मनोज यादव, राजकुमार, मनरेगा वीपीओ मार्ट मोहित, केंद्रीय वन पर्यावरण सुरक्षा समिति के उपाध्यक्ष विष्णुचरण महतो व सदस्य आनंद महतो सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## महिला ने पति और दो बच्चों को छोड़ा प्रेमी के साथ मंदिर में रचायी शादी

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** थाना क्षेत्र के कल्याणपूर गांव में हैरान करने वाली घटना सामने आयी है। यहां एक विवाहित और दो बच्चों की मां ने अपने पति व बच्चों को छोड़कर अपने प्रेमी के साथ मंदिर में शादी रचा ली है। जानकारी के मुताबिक सुमित्रा देवी और रमेश महतो के बीच पिछले दो-तीन वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। सुमित्रा का पति रामानंद कुमार गोस्वामी और रमेश महतो अच्छे दोस्त थे। दोनों मिलकर कैटरिंग का काम करते थे। इसी के चलते अविवाहित रमेश का अक्सर अपने दोस्त रामानंद के घर आना जाना था। इसी बीच उसकी मुलाकात रामानंद की पत्नी सुमित्रा से हुई और दोनों के बीच धीरे-धीरे प्रेम संबंध स्थापित हो गया। जिसकी भनक लंबे समय तक रामानंद गोस्वामी को नहीं हुई, जबकि रमेश और सुमित्रा के बीच गुपचुप मुलाकातें भी होने लगीं। अंततः दोनों ने एक साथ जिंदगी बिताने का फैसला किया और घर से भाग कर प्रयागराज जाकर कुंभ स्नान किया। बाद में वे महुदा लौटे। जब रामानंद को पत्नी के लापता होने का पता चला, तो उसने महुदा थाना में रमेश पर पत्नी को भगाने का मामला दर्ज कराया। हालांकि, पुलिस ने सुमित्रा को बरामद कर लिया। इसके बाद उसने पति और दोनों बच्चों को छोड़कर अपने प्रेमी के साथ जीवन बिताने का निर्णय लिया। वह पुलिस के सामने ही अपने प्रेमी रमेश के साथ जाने के लिए उतावली दिखी, जबकि महुदा थाना परिसर में सुमित्रा के परिवार के सदस्य खड़े तमाशा देखते रहे। इसके बाद सुमित्रा ने ब्रह्म बाबा मंदिर में अपने प्रेमी रमेश के साथ शादी कर ली।

## इनर व्हील क्लब ऑफ माइलस्टोन ने अपर्णा पब्लिक स्कूल के बच्चों के साथ मनाया हैप्पी डे

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** कुसुम विहार फेस 2 स्थित अपर्णा पब्लिक स्कूल जूनियर शाखा परिसर में इनरव्हील क्लब ऑफ माइलस्टोन की अध्यक्ष रश्मि सहाय, उपाध्यक्ष लीना झा, कोषाध्यक्ष रेनू कौशल और एडिटर गीता चौबे ने बच्चों के बीच स्टेशनरीज और चॉकलेट्स बांटकर हैप्पी डे मनाया। इस दौरान बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए उनके साथ संयुक्त रूप से पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद माइलस्टोन की पदाधिकारियों और स्कूल शिक्षिकाओं ने संयुक्त रूप से बच्चों के लिए रोचक कार्यक्रम आयोजित किए। सभी जूनियर छात्रों के बीच अद्भुत उत्साह दिखा। वहीं, स्कूल की निदेशक रेणु कौशल ने कहा कि हम जूनियर छात्रों के बीच शिक्षण प्रशिक्षण के साथ खुशियां और स्वच्छ आदतें डालने में विश्वास करते हैं। विद्यार्थियों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए अपर्णा पब्लिक स्कूल प्रतिबद्ध है। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के प्रिंसिपल अनुपम नायक, शिक्षिका अनुप्रिया, कीया और दीप्ति का प्रशंसनीय योगदान था। वहीं, इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद माइलस्टोन की सभी पदाधिकारियों ने कहा कि भविष्य में इसी तरह के नए और रोचक कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को खुश किया जाएगा।

## सहायक अभियंता ने डीवीसी बेरमो माइंस में किया सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण



**गांधीनगर/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बेरमो प्रखंड के बैदकारो पूर्वी पंचायत अंतर्गत डीवीसी बेरमो माइंस में दीपक सिंह के घर से होते हुए हीरक सड़क तक डीएमएफटी मद से बनाई जा रही सड़क का सोमवार को बोकारो के सहायक अभियंता सत्येंद्र कुमार ने निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता की जांच की। साथ ही निर्माण कार्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं का आकलन किया। निरीक्षण के दौरान अभियंता ने आजाद सिपाही को बताया कि सड़क निर्माण की गुणवत्ता में एक स्थान पर कमी मिली है। जिसे सुधार करने का संवेदक को आवश्यक निर्देश दिया गया है। बेरमो प्रखंड बीस सूत्री सदस्य मनोज सिंह और भाजपा नेता अभिषेक सिंह की मौजूदगी में सड़क निर्माण कार्य का जायजा लिया गया। सड़क निर्माण कार्य को लेकर उन्होंने असंतोष जताया है। कहा कि सड़क निर्माण कार्य के गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा जा रहा है। बरसात के दिनों में सड़क पर जल जमाव होने से सड़क क्षतिग्रस्त होने की प्रबल संभावना है। उन्होंने इस समस्या से निजात दिलाने के लिए सहायक अभियंता को अवगत कराया। जिसे गंभीरता से लेते हुए अभियंता ने कहा कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता मानक पर समझौता नहीं होगा। सड़क पर जल जमाव की समस्या को लेकर अभियंता ने संवेदक को कार्य स्थल पर निर्देश दिया।

## डीएवी मॉडल स्कूल में क्षमता संवर्द्धन कार्यशाला शुरू

**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई डिगवाडीह में माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक हिंदी, संस्कृत एवं बीएसटी संबंधित तीन दिवसीय क्षमता संवर्द्धन कार्यशाला सोमवार से शुरू हुआ। कार्यशाला का शुभारंभ सीएफआरआई डीएवी मॉडल स्कूल की प्राचार्या महुआ सिंह, प्राचार्या चंद्रानी बनर्जी डीएवी पब्लिक स्कूल सिजुआ, प्राचार्य अनुज कुमार मिश्रा डीएवी पब्लिक स्कूल जामाडोबा, प्राचार्य राकेश शर्मा डीएवी पब्लिक स्कूल बरोरा, प्रायार्य आशीष मंडल डीएवी महुदा ने संयुक्त रूप से किया। इस कार्यशाला का आयोजन डीएवी जमशेदपुर, मुख्यालय जोन-ई की ओर से डीएवी सीएमसी, दिल्ली के तहत की गई है, जिसका नेतृत्व एआरओ, प्रशिक्षण समन्वयक और क्लस्टर प्रमुख प्रज्ञा सिंह, प्रिंसिपल डीएवी बिष्टुपुर जमशेदपुर के मार्गदर्शन और नेतृत्व में किया गया। डीएवी के विभिन्न विषयवार शिक्षकों की शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें डीएवी सीएफआरआई, ड़ीएवी चाईबासा, डीएवी जामाडोबा, डीएवी नोआमुंडी, डीएवी महुदा शामिल हुए। हिन्दी में 31, संस्कृत में 14 और बीएसटी में नौ प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।


**OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR**
**District Mineral Foundation Trust (DMFT) Cell, Latehar**
**GOVERNMENT OF JHARKHAND**

**Request for Proposal (RFP)**
**for**
**"SELECTION OF AGENCY FOR DEVELOPMENT OFINTEGRATED DISTRICT APPLICATION UNDER THE LATEHAR DISTRICT ADMINISTRATION, GOVERNMENT OF JHARKHAND"**
**Fact Sheet**

| S.no | Particular | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Development of Integrated District Application under the Latehar District Administration, Government of Jharkhand |
| 2 | Date of Issue of Tender | 16.02.2025 |
| 3 | Last Date for submission of Tender | 24.02.2025 (Up to 05:00 PM) |
| 4 | Date of Technical Presentation | 27.02.2025 (At 11:00 AM) |
| 5 | Date of Pre-Bid Meeting | N.A. |
| 6 | Date of opening of Technical Proposal | 27.02.2025 (At 11:00 AM) |
| 7 | Date of opening of Financial Proposal | 27.02.2025 (At 02:00 PM) |
| 8 | Time allowed for Completion | 24 months from the date of signing of the contract |
| 9 | Bid Processing Fee (Non-refundable) | INR 5000/- (Rupees Five Thousand only) in the form of a Demand Draft drawn in favour of "District Administration, Latehar" drawn in any Scheduled Commercial Bank payable at Latehar. The bid processing fee shall be submitted along with the 1st inner Envelope of the Technical Proposal. |
| 10 | Earnest Money Deposit (EMD) (Refundable) | INR 2,00,000/- (Rupees Two Lakh Only) in the form of a Demand Draft drawn in favour of "District Administration, Latehar" drawn in any Scheduled Commercial Bank payable at Latehar. For MSME, EMD is NIL. |
| 11 | Address at which the tenders (Hard Copies) are to be submitted | District Mineral Foundation Trust (DMFT) Cell, Latehar |
| 12 | Place of opening tenders | District Administration Office, Latehar, Jharkhand |
| 13 | Mode of submission | Speed post/ Registered Post/ By Hand only to the address as specified above during office hours only. Submission of the bid through any other mode or late submission of bids will be rejected. |
| 14 | Method of Selection | Quality and Cost-Based Selection (QCBS) Method; Stage 1: Technical Evaluation Stage 2: Financial Evaluation ,The rates quoted by the agencies should be valid for 1 year from the issue of the tender. |
| 15 | Security deposit | 10% of the contract value in the form of a Performance Bank Guarantee (the format of the BG will be shared later with the successful bidder). The BG will be collected only from the successful Bidder. |

**Notes: 1. Complete Bid Document, terms & conditions** are available on the official website of the district: https://latehar.nic.in/
2. **Proposals must be received no later than the time and date mentioned in the Fact Sheet.** Proposals that are received after the deadline will not be considered.
3. **The District Administration reserves the right to cancel or change the tender without any prior notice/information.**

PR 346581 (District) 24-25 (D)

**DC-cum-Chairman, DMFT, Latehar**


## झरिया क्षेत्र में ठप रही जलापूर्ति, पानी के लिए परेशान हुए लोग

**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** झमाडा जल संयंत्र केंद्र से झरिया जलमीनार को जाने वाली 30 इंची पाइप लाइन में हुई लीकेज के कारण सोमवार को झरिया क्षेत्र में जलापूर्ति ठप रही। इससे एक लाख की आबादी को पीने का पानी नहीं मिल सका। हाललांकि शाम तक लीकेज मरम्मती का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। बतातें चलें कि केंद्र परिषर में रविवार की रात ज्वाइंट का शीशा पानी के प्रेशर के कारण निकल गया था। जिसके चलते हजारों गैलन शुद्ध पानी बर्बाद हो रहे थे। झमाडा कर्मियों ने मरम्मती का कार्य पूरा कर झरिया जलमीनार के लिए पानी की आपूर्ति शुरू कर दिया है। मंगलवार को झरिया क्षेत्र में सामान्य रूप से जलापूर्ति होने की संभावना है।

## रेहवाघाट में संत शिरोमणि रविदासजी की मनायी गयी जयंती

# संत रविदास व्यक्ति नहीं, विचारक थे : योगेश्वर महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**फुसरो/बेरमो।** फुसरो नप क्षेत्र के ढोरी बस्ती रेहवाघाट में सोमवार को नवयुवक संघ की ओर से संत शिरोमणि रविदास की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के संरक्षक शिवलाल रवि व संचालन भीम आर्मी जिलाध्यक्ष गोर्वधन रविदास ने किया। इस दौरान लोगों ने संत रविदास जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि समाज की समृद्धि के लिए लोग अन्य सुविधाओं में कटौती कर बच्चों के शिक्षा पर ध्यान दें। संत के आध्यात्मिक ज्ञान से जो प्रकाश समाज को मिला है, इसका लाभ उठाना चाहिए। संत रविदास जी ने जाति और भेदभाव रहित समाज निर्माण पर बल दिया था। समाज से अंधविश्वास, नशा, दहेज व अशिक्षा को खत्म करने की आवश्यकता है। वहीं, बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल ने कहा कि संत रविदास व्यक्ति नहीं विचारक थे। वे भगवान के प्रति इतना निष्ठा रखते थे कि उसे पा लिए। वे सामंतवादी प्रथा के प्रति लड़ाई लड़े। संत की प्रेरणा के चलते समाज को आरक्षण मिला। उन्होंने कहा कि समाज को रूदीवादी प्रथा से हटकर अपने बच्चों को ज्याद से ज्यादा पढाना चाहिए। संत रविदास से प्रेरणा लेकर सभी को आगे बढ़ना चाहिए। समाज से खाने पीने की परंपरा को हटाना चाहिए। सभी को कर्म ऐसा करना चाहिए कि उनके जाने के बाद समाज याद रखें। वहीं, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जगरनाथ राम ने गुरु रैदास की जीवनी को बताते हुए कहा कि वे समाज की भलाई के लिए काफी कार्य किए। लगे हाथ उन्होंने कोडरमा में संत रविदास जी की प्रतिमा को तोड़े जाने की भी निंदा की। कहा कि मन को हमेशा साफ रखना चाहिए। मानव के बीच में ही भगवान रहते है। स्वच्छ मन से भगवान को बुलाने पर वे जरूर आते हैं। वहीं, भाजपा के वरिष्ठ नेता ओमशंकर सिंह, भाजपा फुसरो नगर मंडल महामंत्री रमेश स्वर्णकार, बसपा जिलाध्यक्ष फुलचंद रविदास, भीम आर्मी फुसरो नगर अध्यक्ष नकुल रविदास, श्रीकांत सिंह यादव, मनोज शर्मा, चंदन राम, संतोष रवि, डालेश्वर रवि आदि ने भी अपने-अपने विचार रखे। जबकि कार्यक्रम को सफल बनाने में सूरज रवि, जुगल रवि, संतोष रवि, किशोर रवि, डालेश्वर रवि, कारू रवि, सोहन रवि, जानकी रवि, रवि कुमार, अरूण, अनिल, बबलू, संजय, रति आदि की भूमिका सराहनीय रही।


**MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA**
**(Email Id- midloh632@gmail.com)**

**e-Procurement Notice**
**Very Short Tender Reference No. MID/LOHARDAGA/F2-20/2024-25 Date –15/02/2025**

1. वेबसाइडमें ई–निविदा प्रकाशन की तिथि :–19.02.2025
2. ई–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि / समय :– 27.02.2025 अपराह्न 5.00 बजेतक।
3. ऑनलाइन ई–निविदा शुल्क एवंEMD जमा करने की अंतिम तिथि / समय :– 27.02.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि / समय :– 01.03.2025 अपराह्न 2.00 बजेतक।
5. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, लघुसिंचाई प्रमण्डल लोहरदगा।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का मो0 न0 एवंई–मेल आई0डी0 :–9123447790 eemidloha-cemr-jhr@nic.in
7. कार्य मद :–जिला योजना अनाबद्ध निधि।
8. कार्यों का विस्तृत विवरण:–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | ग्राम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रू0 मे) | कार्य समाप्ति की अवधि | अभियुक्ति। |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |
| 1. | बांकी नदी में छठ घाट एव पहुँच पथ का निर्माण कार्य। | सेन्हा | सेन्हा | 23.77719.00 | 02 माह | |

**Note: - (1) Only e-Tender will be accepted**
**(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease.**
**Further details can be seen on website** http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer**
**Minor Irrigation Division, Lohardaga.**

PR 346537 (Lohardaga)24-25*D

## विधानसभा में मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने ओड़िशा का बजट पेश किया

# विकास के लिए 2 लाख 90 हजार करोड़ का बजट

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** विधानसभा में मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी राज्य का बजट पेश किया। वर्ष 2025-26 के लिए 2 लाख 90 हजार करोड़ का बजट है और राज्य की विकास दर 7.2 फीसदी रहेगी। यह जनता की सरकार का दूसरा बजट है। हमारी सरकार राज्य की विरासत के प्रति सचेत है। उड़िया लोग एक विश्वसनीय सरकार चाहते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार लोगों के लिए काम करने की लगातार कोशिश कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ओड़िशा मेक-इन ओडिशा कॉन्क्लेव आयोजित किया गया है। निवेश के लिए रास्ता खुला है। 16 लाख हजार करोड़ से ज्यादा का निवेश होगा। राज्य में रोजगार बढ़ेगा। हम ओडिशा को विकसित करने की दिशा में काम कर रहे हैं। हमने एक स्वतंत्र रणनीति विकसित की है। हम शहरीकरण योजना को विकास का इंजन होगा। किसानों को सबसे ज्यादा महत्व दिया जाता है। हम बंदरगाह आधारित विकास की दिशा में काम कर रहे हैं। राज्य सरकार नये उद्योगों की ओर बढ़ रही है।

दक्षिण और पश्चिम क्षेत्रों के कपास किसानों के लिए महत्वपूर्ण है। बागवानी की मांग बढ़ रही है। सिंचाई परियोजनाओं के विकास की योजना बनायी गयी है। हमारा लक्ष्य किसानों की आय बढ़ाना है। हम आलू पर निर्भर नहीं रहना चाहते हैं। रबी सीजन में किसानों को बीज उपलब्ध कराया गया है। 'ओड़िशा का विकास शहरीकरण के साथ होगा। सरकार का जोर बंदरगाह आधारित विकास पर है। नये रोजगार उद्योगों पर विशेष जोर दिया जा रहा है। 16 लाख 73 हजार करोड़ की पूंजी लक्ष्य रखा गया है। राज्य की विकास दर 7.2 प्रतिशत है।



### कोल्ड स्टोरेज के लिए 252 करोड़

मिलेट की खेती के लिए 30 जिलों में काम कर रहे हैं। बंद पड़े कोल्ड स्टोरेज के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जायेगी। कोल्ड स्टोरेज के लिए 252 करोड़ मिलेंगे। हमने नये कोल्ड स्टोरेज बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। राज्य में कृषि एवं किसानों को समृद्ध बनाने के लिए समृद्ध किसान योजना क्रियान्वित की जा रही है। सरकार ने धान की कटाई 3100 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीदने का वादा किया है। अब तक 13 लाख किसान लाभान्वित हो चुके हैं।

### कृषि बजट 14861 करोड़ रुपये का

इस बार कृषि बजट 14861 करोड़ रुपये है। राज्य में पीएम किसान और सीएम किसान से जुड़ने के बाद किसानों को लाभ मिलेगा। यह बजट में सभी हितधारकों या किसानों की समृद्धि पर केंद्रित होगा। इस बार इनपुट सहायता के लिए 2 हजार 20 करोड़ का प्रस्ताव है। दक्षिणी और पश्चिमी क्षेत्रों के कपास किसानों पर विशेष जोर दिया गया है। हाल के वित्तीय वर्षों में बागवानी की मांग बढ़ी है।

### सिंचाई परियोजनाओं का किया जायेगा विकास

मुख्यमंत्री ने बजट पेश करते हुए कहा कि सिंचाई परियोजनाओं के विकास के लिए योजनाएं बनायी गयी हैं। हमारा लक्ष्य किसानों की आय बढ़ाना है। हम आलू पर निर्भर नहीं रहना चाहते। इसके लिए रबी सीजन में किसानों को 1 लाख 60 हजार बीज उपलब्ध कराये गये हैं।

### नये कोल्ड स्टोरेज का निर्माण होगा

श्रीअन्न योजना के लिए सरकार ने 600 करोड़ रुपये का बजट रखा है। कोल्ड स्टोरेज के लिए 252 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। 58 उपमंडलों में नये कोल्ड स्टोरेज का निर्माण किया जायेगा। इस बजट में बंद हो चुके कोल्ड स्टोरेजों का नवीनीकरण किया जायेगा। क्यूट का बजट 511 करोड़ रुपये है। इसी कड़ी में सिंचाई के लिए 14,895 करोड़ का बजट रखा गया है। कानपुर बांध और स्पिलवे इस वर्ष पूरा हो जायेगा और 13 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। महानदी रिवर फ्रंट डेवलपमेंट प्रोग्राम के जरिए संबलपुर और कटक में पर्यटन और सांस्कृतिक केंद्र स्थापित किये जायेंगे। हीराकुद कैनाल के नवीनीकरण पर 850 करोड़ रुपये खर्च किये जा रहे हैं।

### मछली और पशुपालन में आत्मनिर्भर बनना

सरकार का लक्ष्य मछली पालन और पशुपालन में आत्मनिर्भर बनना है। दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री कामधेनु योजना है। मुख्यमंत्री कामधेनु योजना पर 146 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम मछली पालन और पशुपालन में आत्मनिर्भरता की दिशा में काम कर रहे हैं। ओड़िशा 2036 तक समुद्री खाद्य पदार्थों का निर्यात बढ़ाना शुरू कर देगा । वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने पर जोर दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार मछली पकड़ने वाले बंदरगाहों का आधुनिकीकरण कर रही है।

### राजमार्गों को विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित

इस श्रृंखला में सबसे पहले राजधानी भुवनेश्वर में शहरी सड़क का डिजाइन तैयार किया गया है। इसके लिए सरकार ने 13 हजार करोड़ रुपये आवंटित किये हैं। मोहन सरकार का लक्ष्य पूरे ओड़िशा में सड़कों का विकास करना है। आने वाले दिनों में सभी स्टेट हाईवे 4 लेन के हो जायेंगे। कुल 77 हजार किलोमीटर सड़कें बनायी जायेंगी।

### नये बस अड्डे बनेंगे

ब्रह्मपुर-जयपुर रोड 6 लेन होगी। औद्योगिक क्षेत्र को 6 लेन बनाया जायेगा। सरकार का लक्ष्य क्योंझर के आर्थिक विकास की दिशा में काम करना है। इसी कड़ी में क्योंझर बडबिल में रिंग रोड बनेगा। कार्य में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एक कमेटी का गठन किया जा रहा है। राज्य बासी मुख्यमंत्री बस सेवा के लिए धनराशि मंजूर किया है। इस पैसे से राज्य में नये बस अड्डे बनाये जायेंगे। इसका उद्देश्य यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। कुछ जगहों पर सिर्फ महिला बसें चलाने का फैसला लिया गया है।

### परिवहन के साथ-साथ यातायात में सुधार

ग्रामीण परिवहन और यातायत में सुधार के लिए राज्य भर में बस सेवाओं को मजबूत किया जायेगा। मुख्यमंत्री बस सेवा योजना के सुधार के लिए 1,85 करोड़ रुपये का व्यय आवंटित किया गया है। इसी प्रकार 133 बस स्टेशन की स्थापना, प्रबंधन एवं रख-रखाव हेतु 1266 करोड़ रुपये का व्यय प्रस्तावित है। सुरक्षित परिवहन व्यवस्था के लिए चालक को प्रशिक्षित किया जायेगा। फिटनेस के लिए स्वचालित जांच की जायेगी। सड़क सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करने के लिए 285 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है।

### सुवर्णरेखा और अस्तरंग बंदरगाह स्थायी बंदरगाह

सुवर्णरेखा और अस्तरंग बंदरगाह स्थायी बंदरगाह होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन दोनों बंदरगाहों का विकास किया जायेगा। रेलवे प्रोजेक्ट को समय पर लागू करने के लिए केंद्र ने पैसा दिया है। इसी तरह पारादीप में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट होगा। यह पैसा ओड़िशा में विमान के विकास के लिए बजट किया गया है। भुवनेश्वर, पुरी, कटक, जटनी आदि को महानगरीय आधार पर विकसित किया जायेगा। समृद्ध शहर योजना शुरू की गयी है। कटक-भुवनेश्वर-पुरी आर्थिक क्षेत्र विकसित किया जायेगा।

### विशेष महिला बसें चलाने का निर्णय

मोहन माझी ने कहा कि परिवहन के क्षेत्र में महिलाओं की सुरक्षा के लिए हमारी सरकार ने कुछ मार्गों पर केवल महिला कर्मचारियों के साथ विशेष महिला बसें चलाने का निर्णय लिया है। आने वाले समय में इस सेवा को और बढ़ाया जायेगा। वित्तीय वर्ष 2025-26 में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुभद्रा योजना के तहत 10 हजार 145 करोड़ रुपये और सुभद्रा सुरक्षा के तहत 153 करोड़ रुपये का प्रस्ताव किया गया है।

### श्रीजगन्नाथ दर्शन योजना

भक्तों के लिए श्रीजगन्नाथ दर्शन योजना है। इसमें गरीब भक्त सदर अनुमंडल से आ सकते हैं और भगवान के दर्शन कर सकते हैं। इसके लिए बजट में 30 करोड़ रुपये का प्रस्तावित किया गया है।

## इस बार पुरी रथ यात्रा पर एआइ कैमरे की निगरानी रहेगी:एसपी



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पुरी विश्व प्रसिद्ध रथ यात्रा की सुरक्षा के लिए एआइ कैमरा की व्यवस्था रहेगी। एसपी ने बताया कि प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। यातायात और भीड़ को देखते हुए एआइ कैमरा बड़ दांड पर लगाया जायेगा। एनएच और बड़ दांड में कैमरे लगाने का काम शुरू हो गया है। इस बार रथ यात्रा पर एआइ कैमरे की निगरानी रहेगी। बड़ दांड में यातायात नियंत्रण और भीड़ नियंत्रण में एआइ कैमरे एक हथियार होंगे। संदिग्ध की पहचान करना आसान होगा। शहर के महत्वपूर्ण स्थान साही गली समेत अन्य स्थानों को महत्व दिया जायेगा। इसलिए पुरी पुलिस ने हर तरह की तैयारी शुरू कर दी है। इस को लेकर पुरी एसपी विनीत अग्रवाल ने जानकारी दी।







## किट विश्वविद्यालय के गर्ल्स हॉस्टल में एक नेपाली लड़की ने की आत्महत्या

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** एक दुर्भाग्यपूर्ण और अप्रत्याशित घटना में एक नेपाली लड़की ने किट विश्वविद्यालय के गर्ल्स हॉस्टल में दुखद रूप से अपनी जान ले ली। पूरे मामले की गहन जांच के लिए पुलिस प्रशासन को सौंप दिया गया है। छात्रा की सहेलियों से पता चला है कि वह एक लड़के के साथ रिलेशनशिप में थी, जिसके शामिल होने के कारण उसे यह दिल दहला देने वाला फैसला लेना पड़ा। लड़के को पुलिस ने तुरंत हवाई अड्डे पर पकड़ लिया और अधिकारियों के पूर्ण सहयोग से वर्तमान में पुलिस हिरासत में है। किट प्रशासन ने स्थिति को शांतिपूर्ण ढंग से प्रबंधित करने के लिए 10 घंटे से अधिक समय तक परामर्श और चर्चा में शामिल होकर व्यापक प्रयास किये। किसी भी अन्य अप्रिय घटना को रोकने और सुचारू और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए नेपाली छात्रों को स्थानीय जांच पूरी होने तक स्थानीय अभिभावकों की मदद से स्वेच्छा से अपने संबंधित स्थानों पर लौटने की सलाह दी गयी है। छात्रों को परिसर में लौटने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है और वे सामान्य शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेंगे, जिसे बहुत जल्द बहाल किया जायेगा। इस अवधि के दौरान उनके शैक्षणिक पहलुओं को परेशान नहीं किया जायेगा और विश्वविद्यालय द्वारा इसका ध्यान रखा जायेगा। तदनुसार, शैक्षणिक कक्षाओं और छात्रावासों का अस्थायी निलंबन तुरंत वापस लिया जाता है। यह कदम पूरी तरह से शांति बनाये रखने और उचित न्याय सुनिश्चित करने के हित में उठाया गया है।

## जेएसडब्ल्यूबीपीएसएल टाउनशिप में 'मन्नत' व्यावसायिक थेरेपी केंद्र का हुआ उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर ।** जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन द्वारा विकसित 'मन्नत' नामक एक नये व्यावसायिक थेरेपी सेंटर का उद्घाटन 14 फरवरी 2025 को जेएसडब्ल्यूबीपीएसएल टाउनशिप में आकांक्षा लेडीज क्लब की अध्यक्ष नीलम सिंह द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मानव संसाधन प्रमुख जेपी सिंह और जेएसडब्ल्यूबीपीएसएल के सीएसआर प्रमुख विशाल राज भी उपस्थित थे।




मन्नत को ऑटिज्म, एडीएचडी, बोलने में देरी और अन्य विकासात्मक चुनौतियों जैसी स्थितियों से जूझ रहे बच्चों के लिए एक पोषण और सहायक वातावरण प्रदान करने के लक्ष्य के साथ बनाया गया है। इसका उद्देश्य इन बच्चों को उनकी पूरी क्षमता तक पहुंचने में मदद करने के लिए विशेष चिकित्सा और सहायता प्रदान करना है। यह केंद्र अनोखी चुनौतियों का सामना करने वाले बच्चों की मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। यह नया केंद्र यह सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है कि समुदाय के बच्चों को वह देखभाल और समर्थन मिले जिसके वे हकदार हैं और यह दूसरों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए सीएसआर पहल के माध्यम से जेएसडब्ल्यूबीपीएसएल के निरंतर प्रयासों को दर्शाता है।




## एमसीएल ने कंधमाल में स्वास्थ्य देखभाल को मजबूत करने के लिए एमओयू किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर (ओड़िशा)।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने कंधमाल, ओड़िशा में तपेदिक और सिकल सेल एनीमिया से निपटने के लिए स्वास्थ्य देखभाल पहल को मजबूत करना परियोजना शुरू करने के लिए कंधमाल के जिला प्रशासन के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये हैं। आरोग्य विषय के तहत एमसीएल के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के हिस्से के रूप में शुरू की गयी इस पहल का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ाना और जिले के निवासियों की भलाई में सुधार करना है।




7.02 करोड़ मूल्य के समझौता ज्ञापन पर एडीएम कंधमाल रमेश चंद्र जेन, अरबिंद साहू, उप प्रबंधक, (सीएसआर), एमसीएल और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में विचित्रानंद बेहरा, जीएम (सीएसआर), एमसीएल, और संतोष कुमार पाढ़ी, मुख्य जिला चिकित्सा और सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारी, कंधमाल द्वारा हस्ताक्षर किये गये।

एमसीएल को आवंटित एक आकांक्षी जिले के रूप में, कंधमाल को इस पहल के तहत प्रमुख स्वास्थ्य देखभाल हस्तक्षेपों से लाभ होगा, जिसमें एनीमिया और सिकल सेल एनीमिया और तपेदिक नियंत्रण के लिए स्क्रीनिंग पर ध्यान केंद्रित किया जायेगा। परियोजना का उद्देश्य टीबी की घटनाओं और व्यापकता को कम करना, प्रभावी और पूर्ण उपचार सुनिश्चित करना, स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, कलंक को कम करने के लिए जागरूकता बढ़ाना और सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार करना है। इसके अतिरिक्त, सिकल सेल एनीमिया के लिए यह पहल बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ायेगी। स्क्रीनिंग सेवाओं को बढ़ायेगी। स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करेगी और प्रभावित रोगियों और उनके परिवारों को व्यापक सहायता प्रदान करेगी। इस पहल से कंधमाल जिले की पूरी आबादी को लाभ मिलेगा। इसमें तीन वर्षों की अवधि में स्क्रीनिंग सेवाएं, प्रयोगशाला उपभोग्य वस्तुएं, विशेष स्वास्थ्य केंद्र इकाइयां, स्वास्थ्य उपकरण, एक समर्पित वाहन और 7,200 टीबी रोगियों के लिए भोजन की टोकरियां शामिल हैं। एमसीएल 20 करोड़ से अधिक के निवेश के साथ कंधमाल में स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और आजीविका वृद्धि सहित विभिन्न विकास परियोजनाओं को सक्रिय रूप से कार्यान्वित कर रहा है। ये प्रयास जीवन की गुणवत्ता में सुधार और जिले के निवासियों के लिए बेहतर स्वास्थ्य देखभाल सुनिश्चित करने की एमसीएल की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

## वेदांता एल्युमीनियम ने झारसुगुड़ा में 700 ड्राइवरों के लिए नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर लगाया



**झारसुगुड़ा, ओड़िशा (आजाद सिपाही)।** वेदांता एल्युमीनियम ने झारसुगुड़ा, ओड़िशा में ड्राइवरों के लिए निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया। झारसुगुड़ा के त्रिलोचन नेत्रालय के सहयोग से, कंपनी ने दृष्टि दोष का शीघ्र पता लगाने और सुरक्षित ड्राइविंग स्थितियों को बढ़ावा देने के लिए निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया। इस पहल के माध्यम से 700 ड्राइवरों ने नेत्र परीक्षण करवाया है, जिनमें सुधारात्मक उपायों की आवश्यकता वाले ड्राइवरों को निःशुल्क प्रिस्क्रिप्शन चश्मा दिया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य 1,000 ड्राइवरों को शामिल करना है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उन्हें अपने दैनिक कार्यों के लिए आवश्यक नेत्र देखभाल सहायता प्राप्त हो। वेदांता एल्युमीनियम के सीओओ सुनील गुप्ता ने कहा कि हमारे ड्राइवर हमारे संचालन का अभिन्न अंग हैं और उनकी भलाई हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। अच्छी दृष्टि सुनिश्चित करना उन्हें अपने कर्तव्यों को प्रभावी ढंग से निभाने और सड़क जोखिमों को कम करने में मदद करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ड्राइवर बजरंग यादव ने कहा कि मैं इस नेत्र जांच शिविर के आयोजन के लिए वेदांता को धन्यवाद देना चाहता हूं। यह एक सोची-समझी पहल थी, जिससे ड्राइवर समुदाय को लाभ होगा। निःशुल्क चश्मा प्राप्त करना मददगार रहा है, और यह जानकर सुकून मिलता है कि कंपनी हमारे स्वास्थ्य और सुरक्षा का ध्यान रख रही है।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**